CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 04°C

हल्द्वानी, सोमवार 12 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 138 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



किस एसआईआर को सही माना जाए: अखिलेश
पेज 2



साइड स्ट्रेन के कारण पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर
खेल टाइम्स



क्या ईरान के लिए अब परमाणु परीक्षण जरूरी है
सम्पादकीय



ट्रम्प को बताया गया ईरान पर हमले का प्लान
पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वतखोरी मामले में डब्ल्यूसीएल के अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के नीलजाई उप क्षेत्र स्थित नाइगांव ओपन कास्ट खदान के प्रभारी फोरमैन को 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक जायसवाल के रूप में हुई है। सीबीआई ने कहा कि उसने आरोपियों के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर नौ जनवरी को मामला दर्ज किया था। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार यह मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता (जो स्वयं भी डब्ल्यूसीएल कर्मचारी है) के माध्यम से दो डब्ल्यूसीएल कर्मचारियों के आपसी तबादले में सुविधा प्रदान करने के लिए 50,000 रुपये (प्रत्येक 25,000 रुपये) की रिश्वत की मांग की थी। उन कर्मचारियों में से एक शिकायतकर्ता का रिश्तेदार था।

### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, सेहत में सुधार

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन प्रमुख सोनिया गांधी को रविवार शाम सर गंगाराम अस्पताल से सेहत में सुधार होने के बाद छुट्टी मिल गई। ठंड और दिल्ली प्रदूषण के कारण अस्थमा से जुड़े लक्षण बढ़ने पर श्रीमती गांधी को पांच जनवरी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में तेज़ी से हो रहे सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई है। श्रीमती गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली प्रदूषण की वजह से कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उर्वरकों पर जीएसटी पांच प्रतिशत हो :आईएमएमए

**नई दिल्ली।** इंडियन माइक्रो- फर्टिलाइजर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमएमए) ने केंद्र से आग्रह किया है कि 'फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर' के तहत अधिसूचित सभी उर्वरकों पर वस्तु एवं सेवा कर की दर को समान रूप से घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए। एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपनी बजट पूर्व सिफारिशों में उर्वरक क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए बड़े नीतिगत सुधारों की मांग की है।


### हिंदी में संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनने की क्षमता

**नई दिल्ली।** भारत-जापान सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने वाले पद्मश्री सम्मानित प्रोफेसर तोमियो मिजोकामी ने कहा है कि हिंदी भाषा में वह क्षमता है कि एक दिन यह संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बन सकती है। प्रो. मिजोकामी ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम में एक बार फिर यह संदेश दिया कि हिंदी अब केवल भारत की भाषा नहीं रही, बल्कि वैश्विक भाषा बनती जा रही है।

# पीएसएलवी-सी 62/ईओएस-एन1 मिशन की उल्टी गिनती शुरू

**चेन्नई, वार्ता**

- मिशन सोमवार सुबह 10:17 पर आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा
- नए साल में इसरो का यह पहला लॉन्च



**आंध्र प्रदेश स्थित** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र में पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन 1 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' अभियान और 15 अन्य उपग्रहों के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती रविवार सुबह शुरू हो गई है।

यह मिशन सोमवार सुबह (आज) 10:17 पर यह श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा। नए साल में इसरो का यह पहला लॉन्च होगा। ईओएस-एन1, जिसे अन्वेषा भी कहा जाता है, एक भारतीय हाइपरस्पेक्ट्रल अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट है, जिसे डीआरडीओ ने रणनीतिक रक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ कृषि, शहरी मानचित्रण और पर्यावरण मूल्यांकन में नागरिक निगरानी के लिए बनाया है। इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड (एलएबी) की मंजूरी मिलने और मिशन तैयारी समीक्षा (एमआरआर) से प्रक्षेपण की अनुमति मिलने के बाद, रविवार दोपहर 12:17 बजे 22 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो गई। इस अवधि के दौरान चार चरणों वाले इस रॉकेट में प्रणोदक (ईंधन) भरा जाएगा। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मिलिए पीएसएलवी-सी62 से - यह पीएसएलवी की 64वीं उड़ान और पीएसएलवी-डीएल संस्करण का 5वां मिशन है। इसरो ने कहा कि वाहन और उपग्रहों के एकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है और प्रक्षेपण-पूर्व जांच और अंतिम जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी रही हैं। पीएसएलवी-सी62 मिशन सोमवार सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। पीएसएलवी 44.4 मीटर ऊंचा और 260 टन उड़ान द्रव्यमान वाला चार चरणों वाला रॉकेट है, जो ठोस और तरल प्रणोदकों (ईंधन) से संचालित होता है। यह इसरो का बहुमुखी, सबसे भरोसेमंद और सबसे अधिक काम आने वाला प्रक्षेपण यान है। ईओएस-एन1 और 14 अन्य उपग्रहों को 505 किमी की ऊंचाई पर 97.5 डिग्री के झुकाव के साथ सूर्य तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जबकि केआईडी कैप्सूल को पुनः प्रवेश पथ पर भेजा जाएगा।

## कपसाड़ हत्या-अपहरण कांड

# ACJM की कोर्ट में हुए रूबी के बयान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मेडिकल चेकअप भी कराया, पुलिस ने चुपचाप पेश किया, किसी को नहीं लगी भनक

**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में हुई दलित महिला सुनीता की हत्या और उनकी बेटी रूबी के अपहरण के मामले में रविवार शाम कोर्ट में पेशी हुई।

रूबी को पुलिस ने चुपचाप एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। करीब 50 मिनट तक रूबी के बयान दर्ज किए गए, जो कि सीलबंद लिफाफे में केस के विवेचक को सौंपे जाएंगे। यूपी के मेरठ जिले के सरधना के कपसाड़ गांव में पारस सोम ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुनीता की हत्या कर दी थी और उनकी बेटी रूबी का अपहरण कर लिया -शेष पृष्ठ दो पर

# देश में मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें आज भी मौजूद: पीएम मोदी

## सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर प्रधानमंत्री का तीखा प्रहार

**सोमनाथ/राजकोट। वार्ता**



- कहा : हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं

> आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, एक हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था, उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया...- **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**गुजरात** के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई।

दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया। मोदी ने कहा आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, एक हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया। ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के एक हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निर्माण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत। जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है, लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे।

### भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर: मोदी

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने कहा कि 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है और सुखद इसलिए भी है, क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में सिर झुकाकर शुरू हुई है और अब मैं राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं यानी विकास भी विरासत भी, ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# उत्तराखंड में माइनस 22 डिग्री सेल्सियस तापमान, पांच जिलों में नदी-झरने जमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- राजस्थान के फतेहपुर में -3.4 डिग्री सेल्सियस पारा, गाड़ियों पर बर्फ जमी
- दिल्ली में दो दिन भीषण शीतलहर
- यूपी में सर्द हवाएं लोगों को कंपा रहीं

**नई दिल्ली।** पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी राज्यों में लोगों को कंपा रही हैं। राजस्थान और दिल्ली में इस सीजन सबसे ज्यादा सर्दी रिकॉर्ड हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान माइनस 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी और झरने जम चुके हैं।

दूसरी तरफ, राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर में माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसके कारण कई हिस्सों में गाड़ियों पर बर्फ जम गई। यूपी में सर्द हवाएं लोगों को कंपा रही हैं। गोरखपुर, जौनपुर, बस्ती समेत 20 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। सड़कों पर 10 मीटर दूर भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। शनिवार को आजमगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां का पारा 3.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोहरे के कारण गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 25 से ज्यादा ट्रेनें 5 से 10 घंटे लेट रहीं। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी एयरपोर्ट पर 10 से ज्यादा फ्लाइटें लेट पहुंचीं। कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीनगर में -5.7 डिग्री पारा रहा। यहां डल लेक सहित कई झीलों में पानी जम गया है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान -7.8 डिग्री और गुलमर्ग में -6.8 डिग्री रहा।

### पालम क्षेत्र में रविवार सुबह सबसे ठंडी रही

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पालम क्षेत्र में रविवार सुबह को हाल के वर्षों में जनवरी की सबसे ठंडी सुबहों में से एक दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2010 के बाद यह पालम में दर्ज किया गया दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान है। इस अवधि में इससे अधिक ठंडा दिन सात जनवरी 2013 को रहा था, जब तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पालम में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 जनवरी 1967 को दर्ज किया गया था, जब पारा शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शीतलहर की स्थिति दर्ज की गई। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि कई मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान काफी नीचे दर्ज किया गया। आईएमडी के मुताबिक, पालम, रिज और आयानगर मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो शहर में शीतलहर की स्थिति के मानकों को पूरा करता है। मौसम विभाग ने कहा कि ठंड का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

# ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- सूत्रों का दावा: एक्स ने गलती मानी
- 3,500 कंटेंट ब्लॉक किए, 600 से ज्यादा अकाउंट डिलीट

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी। सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से अधिक अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं।

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन एक्स से कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक्स ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है। कंपनी ने कहा कि वह यहां के नियमों का सम्मान करेगी। यह कदम कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत बनाएगा। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर इस मामले में फिर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से उत्तेजक इमेज जनरेशन को पूरी तरह से रोकने की बजाय केवल पेड यूजर्स तक सीमित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिससे उन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है। इससे पहले एक्स के मालिक एलन मस्क ने 3 जनवरी को कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसे है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पेन को दोष देना। कलम यह तय नहीं करती कि क्या लिखा जाएगा। यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। मस्क ने कहा कि ग्रोक भी उसी तरह काम करता है। आपको क्या मिलेगा, यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसमें क्या इनपुट देते हैं। क्योंकि जिम्मेदारी टूल की नहीं, उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल पर आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव को लेटर लिखा था। सोशल मीडिया खासकर एक्स पर, एआई के ग्रोक फीचर का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और एआई से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। यह सिर्फ फेक अकाउंट तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं। यह बहुत गलत है और एआई का गंभीर दुरुपयोग है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ग्रोक इस तरह की गलत डिमांड को मान रहा है। इससे महिलाओं की प्राइवेसी का उल्लंघन हो रहा है और उनकी तस्वीरों का बिना अनुमति इस्तेमाल किया जा रहा है।

# बुजुर्ग NRI कपल को 17 दिन डिजिटल अरेस्ट रख 15 करोड़ लूटे

**नई दिल्ली, वार्ता**

- ईडी अधिकारी बनकर वारदात को दिया अंजाम

**दिल्ली में एक** बुजुर्ग नॉन रेजिडेंट इंडियन (एनआरआई) कपल को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 15 करोड़ रुपये की ठगी की गई है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर कहा था कि आपके खाते में ब्लैक मनी है। अब उनके पैसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जरिये वापस किए जाएंगे और पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। बुजुर्ग कपल ने शनिवार को दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। पीड़ित कपल डा. ओम तनेजा और उनकी पत्नी डा. इंदिरा तनेजा करीब 48 साल तक अमेरिका में रहे और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से जुड़े रहे। रिटायरमेंट के बाद 2015 में वे भारत लौटे थे और तब से ग्रेटर कैलाश-2 में रह रहे हैं। 77 साल की डा. इंदिरा तनेजा ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने दावा किया कि उनके मोबाइल नंबर से आपत्तिजनक कॉल की गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि उनके बैंक खातों में काला धन पाया गया है और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान एनएसयूआई व पुलिस में झड़प

**वाराणसी।** कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) द्वारा रविवार को 'मनरेगा बचाओ मार्च' निकाला जाना था। यह मार्च एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर से शुरू होकर प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय तक जाना प्रस्तावित था। पुलिस ने कई थानों की फोर्स और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिसर के अंदर ही सभी को रोक दिया। कई छात्रों को हिरासत में भी ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार इस कार्यक्रम के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। छात्रों को रोकने पर वे पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। काफी समझाने-बुझाने के बावजूद वे रुकने को तैयार नहीं हुए। इस कारण कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुछ देर पहले पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने स्वयं फोर्स के साथ परिसर में मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

### लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और उनके नेतृत्व, सादगी और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में उनके योगदान को याद किया। शाह ने एक संदेश में कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय दिया गया श्री शास्त्री का मशहूर नारा 'जय जवान, जय किसान', भारत की सेना की ताकत और देश की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में किसानों की मुख्य भूमिका के बीच एक गहरा संत. लन दिखाता है।

# किस एसआईआर को सही माना जाए: अखिलेश

## केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन के आंकड़े उलझाने वाले

शाह टाइम्स ब्यूरो



चुनाव आयोग पर उठाए सपा सुप्रीमो ने गंभीर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया।

उन्होंने पूछा है कि जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, तो फिर कौन सा एसआईआर सही है। रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से सीधा सवाल पूछा कि दोनों में कौन सा एसआईआर सही है और अगर एक ही प्रदेश में एक ही बीएलओ के जरिये किए गए एसआईआर में इतने विरोधाभासी आंकड़े सामने आ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है और वोटर लिस्ट के नाम पर मताधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा के दबाव में आप वोट लूट का एक्वेशन इक्वल करना भूल गए और आपकी पोल पूरी तरह से खुल गई। उन्होंने मांग की कि एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और चुनाव आयोग तुरंत इस विरोधाभास पर स्थिति स्पष्ट करे, ताकि लोकतंत्र की निष्पक्षता और जनता के वोट के अधिकार की रक्षा हो सके।

# एनसीएपी को कानूनी रूप से और सशक्त बनाकर निधि बढ़ाने की जरूरत: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता




कांग्रेस ने कहा है कि वायु प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या बन गई है इसलिए इसकी निगरानी के लिए बने राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम (एनसीएपी) का कानूनी आधार और मज़बूत कर अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही इसका तत्काल पुनर्गठन किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में एनसीएपी की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सैटेलाइट डेटा आधारित इस अध्ययन के अनुसार देश के 4,041 नगरों में से 1,787 शहर बीते पांच वर्षों में लगातार राष्ट्रीय मानकों से अधिक प्रदूषित रहे है। इसके बावजूद एनसीएपी के तहत केवल 130 शहरों को शामिल किया गया है, जो गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों का महज चार प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि एनसीएपी को 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह एक 'नोशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' बनकर रह गया है। इससे जुड़े 130 शहरों में से 28 शहरों में आज तक वायु गुणवत्ता मापन के निगरानी स्टेशन नहीं हैं और जहां हैं, वहां भी प्रदूषण का स्तर बेहद चिताजनक है। कांग्रेस नेता ने एनसीएपी कानूनी दर्जा देने की मांग की और कहा कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन की सख्त व्यवस्था के साथ ही एनसीएपी की मौजूदा फंडिग व्यवस्था को बढ़ाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि वर्तमान में इसके लिए लगभग 10,500 करोड़ रुपये के बजट को 131 शहरों में बांटा जा रहा है, जबकि वास्तविक ज़रूरत इससे 10 से 20 गुना अधिक की है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीएपी को कम से कम 25,000 करोड़ रुपये देकर देश के 1,000 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों और कस्बों वह इसके दायरे में लाया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का प्रदर्शन मापने का पैमाना पीएम2-5 स्तर होना चाहिए।

# केरल की सत्ता के लिए मैच फिक्सिंग करते हैं वामपंथी-कांग्रेस: शाह

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर तीखा हमला करते हुए उन पर 'मैच फिक्सिंग', परस्पर समझौते और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि केरल में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी।

शाह ने यहां स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ दशकों से राजनीतिक नाटक कर रहे हैं और जब भी चुनावी गणित की जरूरत पड़ी, दोनों एक-दूसरे के बचाव में खड़े हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच दशकों से यह चलन बना हुआ है कि जब कांग्रेस बहुमत हासिल नहीं कर पाती, तो वामपंथी उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह जब त्रिपुरा में वामपंथियों को राजनीतिक समर्थन की जरूरत पड़ी, तो कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। शाह ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल और केरल में एक साथ चुनाव होने के कारण ही कांग्रेस और कम्युनिस्ट वहां औपचारिक गठबंधन में नहीं आए, अन्यथा दोनों वहां भी साथ चुनाव लड़ते। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों शून्य सीटों की ओर बढ़ रहे हैं और वहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है। केरल में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अब तक 30 ग्राम पंचायतें और दो नगरपा. लिकाएं जीती हैं।

### एफआईआर दर्ज कराने से लेकर 27 तरह की पुलिस सेवाएं घर बैठे मिल रही

# यूपीकॉप एप से बदली यूपी पुलिस की कार्यशैली

शाह टाइम्स ब्यूरो



यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल अब आमजन के लिए थाने का डिजिटल विकल्प बनकर उभर रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में पुलिसिंग का तरीका तेजी से बदला है। तकनीक को आधार बनाकर शुरू की गई स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल अब आमजन के लिए थाने का डिजिटल विकल्प बनकर उभर रहा है। एप के जरिए नागरिक घर बैठे एफआईआर दर्ज कराने से लेकर 27 तरह की पुलिस सेवाएं बिना थाने जाए प्राप्त कर रहे हैं, जिससे लोगों को बार-बार थाने के चक्कर लगाने से बड़ी राहत मिली है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिसिंग को जनकें. द्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए टेक्नोलॉजी को प्रभावी तरीके से जोड़ा गया। इसका ही नतीजा है कि यूपीकॉप एप आज डिजिटल पुलिस स्टेशन के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एप के आने से न केवल सेवाएं आसान हुईं, बल्कि निस्तारण में लगने वाला समय भी काफी घटा है। डीजीपी के अनुसार यूपीकॉप एप पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करना, एफआईआर कॉपी डाउनलोड करना, खोए सामान की रिपोर्ट लिखाना, चरित्र सत्यापन, किराएदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन और कर्मचारी सत्यापन जैसी अहम सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक 50 लाख से अधिक लोगों ने इस एप को डाउनलोड किया है। वहीं एप के जरिए 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर की कॉपी डाउनलोड की जा चुकी है और 7.3 लाख से अधिक लोग खोए सामान की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। यूपीकॉप एप को अधिक सुविधा. जनक बनाने के लिए इसमें रीयल टाइम नोटिफिकेशन जोड़ा गया है, जिससे आवेदन की स्थिति तुरंत पता चल जाती है। यह एप हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। आपात स्थिति में मदद के लिए एसओएस बटन और लो. केशन ट्रैकिंग को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा मैप पर नजदीकी थाना देखने की सुविधा भी दी गई है, जो संकट के समय मददगार साबित हो रही है। डीजीपी ने बताया कि सत्यापन प्रक्रियाओं में समय की बड़ी बचत हुई है। चरित्र सत्यापन अब करीब 6 दिन में, किराएदार सत्यापन लगभग 8 दिन में और कर्मचारी सत्यापन करीब 5 दिन में पूरा हो रहा है, जबकि पहले इन्हीं सेवाओं में कई गुना अधिक समय लगता था। राजीव कृष्ण ने कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से पुलिसिंग अधिक जवाबदेह हो रही है और नागरिकों को त्वरित न्याय व राहत देना ही स्मार्ट पुलिसिंग का उद्देश्य है।

### भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील होगी: राजीव कृष्णा

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के छठें स्थापना दिवस पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर, महानगर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तर प्रदेश राजीव कृष्णा ने कहा कि लखनऊ पुलिस ने 2020 के बाद साइबर अपराधों को तकनीकी प्राथमिकता के रूप में विकसित किया है। इसके तहत समर्पित साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। अपने सम्बोधन में डीजीपी राजीव ने उप निरीक्षकों को साइबर ठगी एवं आईटी एक्ट से जुड़ी विवेचनाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील और जन-विश्वास आधारित होगी। तकनीक साधन है, लेकिन सफलता की असली कसौटी आम नागरिक को शीघ्र न्याय और राहत देना है।



सेंसेक्स 85683.30
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह 2.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणामों और वैश्विक कारकों पर होगी।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) के आंकड़े आने शुरू हो गए हैं। सोमवार 12 जनवरी को प्रौद्योगिकी कंपनियों एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा समूह की टीसीएस के वित्तीय नतीजे जारी किए जाने हैं। इसके बाद 15 जनवरी को इसी क्षेत्र की इंफोसिस और 16 जनवरी को टेक महिंद्रा के नतीजे आएंगे। 17 जनवरी को एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे आएंगे। कुछ और प्रमुख बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी किए जाने हैं। इसके अलावा निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी व्यापार और भू-राजनीतिक उथल- पुथल पर भी नजर बनाए हुए हैं।

इस सभी कारकों का असर बाजार पर देखा जाएगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,185.77 अंक (2.55 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 645.25 अंक यानी 2.45 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 25,683.30 अंक पर आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.34 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 3.08 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट रही। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में और अन्य 11 के हरे निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 9.82 प्रतिशत टूट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 7.36 प्रतिशत लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक में 6.24 फीसदी, इंडिगो में 5.13, पावरग्रिड में 4.61, एनटीपीसी में 4.53, भारती एयरटेल में 3.77, आईटीसी में 3.73 और अडानी पोर्ट्स में 3.59 फीसदी की गिरावट रही।


# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,63,412 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,63,412 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य तीन का एमकैप 41,599 करोड़ रुपये बढ़ा।

बाजार पूंजीकरण के मामले में लंबे समय से शीर्ष पर रहने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को सप्ताह के दौरान 1,58,533 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और सप्ताहांत पर उसका एमकैप घटकर 19,96,446 करोड़ रुपये रह गया। सप्ताह के दौरान उसका शेयर 7.36 प्रतिशत गिरा था। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का एमकैप 96,154 करोड़ रुपये गिरकर 14,44,150 करोड़ रुपये रहा। वह अब भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे नंबर पर बरकरार है। बाजार पूंजीकरण के मामले में भारती एयरटेल बीते सप्ताह 45,275 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ तीसरे स्थान से फिसलकर चौथे स्थान पर आ गई। अब 11,60,682 करोड़ रुपये के साथ टीसीएस ने शीर्ष तीन में जगह बना ली है। हालांकि उसे भी 15,232.14 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान उठाना पड़ा। बजाज फाइनेंस का एमकैप 18,730 करोड़ रुपये और एलएंडटी का 18,729 करोड़ रुपये घट गया। इंफोसिस को 10,761 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। फायदे में रहने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 34,902 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 6,097 करोड़ रुपये बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक के एमकैप में 600 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी, खाद्य तेल में साप्ताहिक तेजी, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 52 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,756 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं आठ रुपये कमजोर हुआ और सप्ताहांत पर 2,854 रुपये प्रति क्विटंल के भाव बिका। आटा चार रुपये महंगा हुआ और 3,319 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 225 रुपये और पाम ऑयल की 101 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 81 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल के भाव में 72 रुपये और सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विटंल की बढ़ोतरी दर्ज की गई सप्ताह के दौरान चना दाल औसतन 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 887 रुपये और तुअर (अरहर) दाल की 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7715.18 रुपये, मसूर काली 8095.66 रुपये, मूंग दाल 10052.51 रुपये, उड़द दाल 10402.37 रुपये, तुअर (अरहर) दाल 10532.05 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.09 रुपये और चावल 3756.25 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3319.02 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी- गुड़: चीनी एस 4324.94 रुपये और गुड़ 4983.02 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17718.89 रुपये, मूंगफली तेल 17873.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 15902.29 रुपये, सोया तेल 137795.51 रुपये, पाम ऑयल 12514.77 रुपये और वनस्पति 14517.06 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का होगा ऑनलाइन संचालन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। योजना के डिजिटलीकरण की समय सीमा फरवरी 2026 तय की गई है। मुख्य सचिव की बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि प्रक्रिया के पूरी होने के बाद योजना के संचालन को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे किसान परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आसानी से घर बैठे मुआवजा मिल सके। साथ ही डिजिटलीकरण से योजना का संचालन और अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के मुताबिक राजस्व परिषद योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण कर रहा है। इसके लिए एनआईसी की मदद से एक आधुनिक वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आवे. दन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, स्वीकृति और लाभ वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। पहले भी योजना के लिए आवेदन एनआईसी के वेब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता था, लेकिन अन्य प्रक्रियाएं भौतिक सत्यापन के द्वारा पूरी होती थीं, जिससे किसान परिवारों को समस्या का सामना करना पड़ता था।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कपसाड़ हत्या और...**

था। तीन दिनों से जारी तनाव के बीच शनिवार देर शाम पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया था। मेरठ और सहारनपुर पुलिस के संयुक्त अभियान में अपहत युवती रूबी को हरिद्वार से सुरक्षित बरामद कर लिया था। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि रिमांड पर लेकर पारस सोम से पूछताछ की जाएगी। रूबी का रविवार को जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराया गया। वहीं पारस का मेडिकल टेस्ट होना बाकी है। बताया जा रहा है कि इस केस में रूबी की गवाही अहम होगी, क्योंकि उसके सामने ही मां की हत्या होने का आरोप पारस सोम पर लगाया गया था। पहले कहा जा रहा था कि दोनों की पेशी सीजेएम कोर्ट में होगी। इसकी सूचना फैलते ही मीडिया का जमावड़ा सीजेएम कोर्ट के बाहर लगा रहा। मगर पुलिस ने चुपचाप रूबी को एसीजेएम द्वितीय की कोर्ट में पेश कर दिया। गवाही के बाद पुलिस रूबी को अपने साथ ले गई। रूबी के बयान सीलबंद हो गए हैं, जो कि केस के विवेचक को ही सौंपे जाएंगे।

# निजी कॉलेजों में पारदर्शी एडमिशन पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ अब उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनका प्रवेश निजी शिक्षण संस्थानों में पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ होगा। योगी सरकार ने पात्र विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और दुरुपयोग को रोकने के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली-2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। यह बदलाव अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर भी समान रूप से लागू होगा। योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। समाज कल्याण उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह के मुताबिक संशोधन का मुख्य उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक पारदर्शी, स्पष्ट और जवाबदेह बनाना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचे और मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन जैसी व्यवस्थाओं के जरिए फर्जी या गैर-मानक प्रवेश कर योजना का गलत फायदा न उठाया जा सके।

# केरल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में विधायक को किया गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



झूठे वादों के साथ करीबी से रिश्ता बनाया

केरल पुलिस ने रविवार को पलक्कड़ के विधायक राहुल ममकूटथिल को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ईमेल के ज़रिए मिली शिकायत के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है। ममकूटथिल के खिलाफ दुष्कर्म का यह तीसरा मामला है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पठानमथिट्टा पुलिस की टीम ने विधायक को पलक्कड़ के केपीएम होटल गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों और महिला कर्मियों सहित टीम रात करीब 12.30 बजे होटल पहुंची। विधायक ने शुरू में दरवाज़ा खोलने में देरी की, लेकिन बाद में पुलिस के साथ सहयोग किया। उन्हें हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ तथा कानूनी प्रक्रियाओं के लिए पठानमथिट्टा ले जाया गया, जहां शुरुआती पूछताछ के बाद उनकी औपचारिक गिरफ्तारी हुई। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरा. प लगाया है कि श्री ममकूटथिल ने झूठे वादों के तहत शिकायतकर्ता के साथ करीबी रिश्ता बनाया, कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे वित्तीय, भावनात्मक शोषण, जबरदस्ती और धोखे का शिकार बनाया। रिपोर्ट के अनुसार, शिकायत में जबरन गर्भपात के आरोप भी शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें दुष्कर्म और धोखाधड़ी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि श्री ममकूटथिल को पहले लगे इसी तरह के आरोपों के बाद कांग्रेस से निकाल दिया गया था। वह पिछले कुछ महीनों से कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। कम से कम दो पिछले मामलों में उन पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात के आरोप शामिल हैं। उन्होंने केरल उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा और अग्रिम जमानत हासिल की थी। गिरफ्तार विधायक को तय समय के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा कि जांच शुरुआती चरण में है और पूछताछ तथा सबूत इकठा करने के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले ने पूरे राज्य में व्यापक राजनीतिक ध्यान खींचा है।

# अंकिता भंडारी प्रकरणः उत्तराखंड में बंद का मिला जुला असर

## बंद को कई ट्रेड एसोसिएशन ने दिया समर्थन, सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग

■ देहरादून सहित कई जनपदों में बंद को लेकर कई सियासी व सामा. जिक संगठन रहे सक्रिय

**शाह टाइम्स टीम**

**देहरादून।** सीबीआई जांच की संस्तुति के बाद भी विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने अंकिता भंडारी मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग को लेकर रविवार को उत्तराखंड बंद किया।बंद का असर प्रदेश में मिला-जुला देखने को मिला।

रविवार सुबह अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच के बैनर तले देहरादून में यूकेडी, कांग्रेसी, राज्य आंदोलनकारी कमला पंत और सामाजिक कार्यकर्ता मोहित डिमरी के नेतृत्व में घंटाघर पर एकत्रित हुए, उसके बाद पैदल मार्च निक.ालते हुए पलटन बाजार पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से व्यापारियों को दुकाने बंद करने का आग्रह किया। इस दौरान विपक्षी पार्टियों और विभिन्न संगठनों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी के नाम के खुलासे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर में विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों का प्रदर्शन गांधी पार्क में पहुंचकर समाप्त हुआ।

उधर, वाम मोर्चा और जन संगठनों ने अलग से अंकिता को न्याय दिलाने और वीआईपी को जेल भेजने की मांग को लेकर गांधी पार्क से घंटाघर तक पैदल मार्च निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सीपीआई नेता समर भंडारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराए जाने की संस्तुति कर दी है। लेकिन हमारी पहले दिन से डिमांड थी, यह जो सीबीआई जांच हो, वो सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में हो। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले की न्याय संगत जांच करनी है, तो जांच में सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज का रहना अनिवार्य है।

**चमोली/पौड़ी गढ़वालः** सूबे की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण परिक्षेत्र के व्यापार संघों और टैक्सी यूनियन भी बंद में शामिल रहे।




जिसको लेकर गैरसैंण के व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मेहलचौरी के मोहन सिंह नेगी, माईथान के संजय पुंडीर,आगरचट्टी के विजय रावत,पाण्डुवाखाल के राम सिंह नेगी, नागाचूलाखाल के गोविंद सिंह मटकोटी ने बाजार बंद की घोषणा की। वहीं पूरे क्षेत्र में बंद का असर देखने को भी मिला, जहां व्यापारियों ने पूर्ण रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे तो वहीं टैक्सी वाहनों के पहिए भी जाम रहे।

### टैक्सी यूनियन गैरसैंण ने भी दिया बंद को समर्थन

बंद के समर्थन में रामगंगा टैक्सी यूनियन गैरसैंण के अध्यक्ष मनमोहन परसारा ने भी बंद में शामिल होने की जानकारी देते हुए बताया कि सभी 150 टैक्सियों के पहिए आज जाम रहे।

### प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने किया बंद का आह्वान

अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई जांच कराए जाने की मांग को लेकर गैरसैंण समेत अन्य जगहों पर आज बाजार बंद का आह्वान किया गया।

जिसको लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष और गढ़वाल प्रभारी सुरेश कुमार बिष्ट ने व्यापारियों से बाजार बंद का आह्वान किया है. इसको लेकर उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड की मुख्यमंत्री ने सीबीआई जांच की संस्तुति कर दी है. लेकिन अंकिता भंडारी के माता-पिता की मांग है कि यह जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में हो.

### चमोली में दिखा बंद का व्यापक असर

चमोली जिले की बात करें तो पूरे जिले में बंद का व्यापक असर नजर आया।चमोली के गैरसैंण के अलावा गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, नंदानगर में पूर्ण रूप से बाजार बंद हैं। जबकि ज्योतिर्मठ में बंद का मिला जुला असर नजर आया है।जिला मुख्यालय गोपेश्वर में व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों और सामा. जिक संगठनों का कहना है कि अं. कता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए जनदबाव बनाए रखना जरूरी है। बंद के दौरान बाजार क्षेत्र में दुकानें बंद रहीं, जिससे जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हालांकि, आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं।वहीं सामाजिक संगठनों ने दो टूक कहा कि यदि सरकार ने इस मामले में शीघ्र और सख्त कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। व्यापारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से बंद का समर्थन करते हुए अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग की है।

### श्रीनगर और पौड़ी में भी बाजार रहे बंद

अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में कराए जाने की मांग को बुलाए गए उत्तराखंड बंद का पौड़ी, श्रीनगर में व्यापक असर देखने को मिला. बंद के आह्वान के चलते नगर क्षेत्र में सुबह 12 बजे तक बाजार पूरी तरह बंद रहे, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा. हालांकि, आवश्यक सेवाओं के तहत मेडिकल स्टोर खुले रहे, जबकि शराब की दुक. ानें भी इस दौरान संचालित होती दिखीं.

### रुद्रप्रयाग में बंद रहे प्रतिष्ठान

रूद्रप्रयाग में पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद में बंद का व्यापक असर देखने को मिला. रुद्रप्रयाग बाजार से लेकर अन्य कस्बों एवं ग्रामीण बाजारों तक अधिकांश प्रतिष्ठान बंद रहे. व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर न्याय की मांग को बुलंद किया।

### कोटद्वार में भी दिखा बंद का असर

उधर, राजनीतिक दलों और सामा. जिक संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद का कोटद्वार में मिला जुला असर देखने को मिला. कोटद्वार में उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं ने कई जगह बाजार में निकलकर व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद करने की अपील भी की. हालांकि, शहर के बीचों बीच दुकानों के अलावा अन्य स्थानों पर दुकानें बंद रहीं। उत्तराखंड बंद का आहवान टिहरी के सभी क्षेत्रों में दिखा ।उधमसिंहनगर जिले के काशीपुर में उत्तराखंड बंद का मिला जुला असर दिखा। बाजारों में रोजाना की दिखने वाली रौनक कम रही. कुछ दुकानें बंद तो कुछ दुकानें खुली नज़र आई।

# किसान की आत्महत्या सरकार के कुशासन का परिणामः अमरजीत

■ कहा , पुलिस कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय जमीनों के धंधों और संरक्षण में उलझी हुई आ रही नजर



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कांग्रेस नेता अमरजीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार की विफल नीतियां और ध्वस्त कानून व्यवस्था अब आम जनता की जान ले रही हैं। शासन-प्रशासन में फैला भ्रष्टाचार लोगों को न्याय के लिए भटकने पर मजबूर कर रहा है।

प्रदेश में हत्याओं और आत्महत्याओं की एक लंबी फेहरिस्त बन चुकी है, जहां कई मामलों में पीड़ितों ने भाजपा से जुड़े लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाने के बाद अपनी जीवन लीला समाप्त की है। आज वही हालात फिर सामने आए हैं।

कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के गृह जनपद उधमसिंह नगर से जुड़े किसान सुखवंत सिंह ने न्याय न मिलने से टूटकर एक होटल में अपनी पत्नी और पुत्र के सामने आत्महत्या कर ली। किसान के साथ जमीन के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी हुई, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सिस्टम की बेरुखी ने एक किसान की जान ले ली, जो आत्महत्या से पहले वीडियो जारी कर सीबीआई जांच की मांग कर रहा था। इससे इस मामले की गंभीरता साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि यह केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि भाजपा सरकार के कुशासन और पुलिस-प्रशासन की विफलता का परिणाम है। उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

कांग्रेस मांग करती है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष उच्च-स्तरीय जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व दोषियों पर तत्काल कार्रवाई हो। अन्यथा यह साफ हो जाएगा कि उत्तराखंड में न्याय सिस्टम से नहीं, बल्कि केवल जनदबाव से मिलता है।

# विवेकानन्द ने युवाओं को चरित्र निर्माण व राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया : सीएम

■ स्वामी विवेकानन्द का संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत" आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि स्वामी विवेकानन्द, महान आध्यात्मिक विचारक एवं वक्ता थे। स्वामी विवेकानन्द को युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने भारतीय दर्शन तथा हमारी महान संस्कृति के महत्व को दुनिया तक पहुंचाने का कार्य किया।



### अंकिता प्रकरण में सीबीआई संस्तुति जांच पर जताया सीएम का आभार

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक खजान दास, किशोर उपाध्याय, सहदेव पुंडीर, सविता कपूर, आशा नौटियाल, रेनू बिष्ट, बृजभूषण गैरोला, शक्तिलाल शाह ने मुलाकात कर अंकिता भंडारी प्रकरण में सीबीआई जांच की संस्तुति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवे. कानंद ने अपने बौद्धिक विचारों, ओजस्वी वाणी के माध्यम से युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया। उनका यह संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत" आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए आत्मनिर्भर, सशक्त तथा चरित्रवान भारत के निर्माण में सभी से सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की।

उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और नेतृत्व में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक सेवा आदि हर क्षेत्र में हमारे युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से भारत की वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं सहित सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर देश एवं प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने के लिये आगे आयें।

### सीएम ने दिए हल्द्वानी में किसान के आत्महत्या मामले में मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश

**देहरादून।**ऊधमसिंह नगर जनपद के काशीपुर निवासी एक किसान के हल्द्वानी में आत्महत्या किए जाने के गंभीर प्रकरण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत संवेदनशीलता से लेते हुए कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत को मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि इस दुखद घटना के सभी तथ्यों और परिस्थितियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।मुख्यमंत्री धामी ने इस संबंध में मुख्य सचिव आनंद बर्धन और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से भी पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली है।

# मजलिस-ए-मुशावरत कमेटी के अध्यक्ष बने मुफ्ती रईस

■ कमेटी धार्मिक एवं सामाजिक मामलों में मार्गदर्शन प्रदान करेगी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मजलिस-ए-मुशावरत कमेटी की एक अहम बैठक रविवार को आजाद कॉलोनी स्थित मदरसा जामियातुस्सलाम अल-इस्लामिया में संपन्न हुई। बैठक में मजलिस का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से मुफ्ती रईस अहमद कासमी को शूरा कमेटी का अध्यक्ष तथा मुफ्ती वासिल को उपाध्यक्ष चुना गया।

बैठक में कमेटी के विस्तार का भी निर्णय लिया गया। पूर्व में 17 सदस्यीय रही कमेटी को बढ़ाकर 31 सदस्यीय कर दिया गया। बैठक में शहर के बड़ी संख्या में उलेमा, इमाम और समाज के जिम्मेदार लोग मौजूद



रहे।बैठक में यह तय किया गया कि शूरा कमेटी धार्मिक एवं सामाजिक मामलों में मार्गदर्शन प्रदान करेगी तथा समाज सुधार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाएगी। मुसलमानों के सामने आने वाले सामाजिक मसाइल, आपसी विवादों और सामुदायिक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे।इस अवसर पर मुफ्ती वासिल कघसमी, जमीयत जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, जिला महासचिव मौलाना गुलशेर अहमद कासमी, मुफ्ती नाजिम अशरफ नदवी, मौलाना नूर इलाही, मौलाना हुसैन अहमद, मौलाना रागिब मजाहिरी, मास्टर अब्दुल सत्तार, मुफ्ती मोहम्मद रागिब, कारी अकरम, पार्षद इताआत खान, तंजीम रहनुमाए मिल्लत के अध्यक्ष लताफत हुसैन, पूर्व मंत्री याकूब सिद्दीकी, मदरसा बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राज्यमंत्री गुलजार अहमद, हाजी तौसीफ खान, नईम कुरैशी, आकिब कुरैशी, कघरी अब्दुल समद, मुफ्ती राशिद, कघरी फायक आलम, मौलाना हाशिम उमर, मौलाना बुरहानुद्दीन रब्बानी कघसमी, मौलाना आमिर कघसमी, मौलाना अमानतुल्लाह, कारी शाहवेज, कघरी नईम, मौलाना मोहम्मद उमर, मौलाना मोहम्मद शोयब, कघरी मोहम्मद सादिक, मौलाना मोहम्मद नवाज, इरशाद अहमद व पूर्व पार्षद इलियास अहमद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


# भाजपा को सीबीआई जांच पर पूर्ण भरोसाः भट्ट

■ नई एफआईआर पर विवाद सिर्फ बहाना सीबीआई जांच परिवार की भावना अनुरूप निर्णय, सियासत के लिए नहीं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने अंकिता प्रकरण में सीबीआई जांच प्रक्रिया पर पूरा भरोसा जताते हुए, सभी शंकाओं के दूर होने की उम्मीद जताई है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि जो नई दर्ज एफआईआर को मुद्दा बना रहे हैं, वही सीबीआई पर भरोसा नहीं करते हैं और न ही दिवंगत बेटी को इंसाफ दिलाना चाहते थे। लिहाजा उन्हें भी स्पष्ट होना चाहिए कि जांच किसी सियासत के लिए नही बल्कि पीड़ित परिवार की इच्छा अनुसार की जा रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री धामी द्वारा सीबीआई जांच के निर्णय के बाद भी जारी कांग्रेस की असंवेदनशील राजनीति की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस दुखद प्रकरण के संज्ञान में आने के तुरंत बाद त्वरित कठोरतम जांच और ठोस न्यायिक पैरवी की गई। दिवंगत बेटी को इंसाफ दिलाने की कानूनी लड़ाई अंजाम पर पहुंची और सभी दोषियों को उम्र कैद की सजा हुई। फिर भी विपक्ष द्वारा, सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो वीडियो के आधार पर भ्रम और झूठ का माहौल खड़ा किया गया। राज्य में शंका और अफवाह की इस धुंध को छांटने के लिए ही मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवार से बातचीत की। उनकी राय के आधार पर ही सभी किंतु परंतु का सच सामने लाने के लिए ही



सीबीआई जांच की घोषणा की गई है।उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जांच की घोषणा से कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को बड़ा झटका लगा है। तभी इसी मुद्दे पर दर्ज एक दूसरी एफआईआर को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा कर रही है। जबकि सभी जानते हैं कि अब तक का पूरा प्रकरण उच्च न्यायालय अपीलीय स्तर पर जारी है। ऐसे मे आगे के निर्णय में न्यायालय की भूमिका भी अहम रहने वाली है, लिहाजा अलग से दर्ज यह एफआईआर, प्रकरण में लिए जा रहे नामों और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपों की सीबीआई जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को इस सबसे कोई मतलब नहीं है। क्योंकि दिवंगत बेटी की आत्मा को इंसाफ मिले, पीड़ित परिवार को संतुष्टि हो और जनविश्वास कायम रहे, यह सब विपक्ष की राजनीति को सुहाता नहीं है। अन्यथा जो पार्टी सीबीआई की धुर विरोधी हो वो उसी से जांच की मांग करे, पहले ही हजम नहीं हो रहा था।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रकरण में सीबीआई जांच किसी सियासत के दबाव में नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार की भावना के अनुसार की जा रही है। प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री धामी और भाजपा पर पूरा भरोसा है, लिहाजा इस पूरे मुद्दे पर वह हमेशा की तरह हमारे साथ है।

### पद्मश्री जोशी की एफआईआर न्याय को भटकाने की साजिशः गरिमा

**देहरादून।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में उत्तराखंड सरकार की ओर से पद्मश्री अनिल जोशी की एफआईआर के आधार पर सीबीआई जांच के आदेश देना कहीं न कहीं पूरी जांच को भटकाने और असली मुद्दे से ध्यान हटाने का प्रयास प्रतीत होता है, यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी का। गरिमा ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस जघन्य हत्याकांड में एक बेटी की जान गई, उस मामले में सरकार ने पीड़ित परिवार को ही प्रक्रिया से बाहर रखने का प्रयास किया है। दसौनी के अनुसार सवाल यह है कि जब अंकिता भंडारी के माता-पिता ने स्वयं मुख्यमंत्री को लिखित अर्जी दी है,तो फिर उनकी तहरीर के आधार पर सीबीआई जांच क्यों नहीं कराई गई?क्या सरकार पीड़ित परिवार की आवाज से डर रही है? क्या सरकार उन ताकतों को बचाने की कोशिश कर रही है जिनके नाम इस पूरे मामले में सामने आते रहे हैं? न्याय की प्रक्रिया में सबसे पहला अधिकार पीड़ित परिवार का होता है। लेकिन इस मामले में सरकार ने जानबूझकर पीड़ित पक्ष को हाशिये पर डाल दिया है, जिससे पूरी जांच की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

एसएएमबी, दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
E-mail ID: zs8343@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,**
आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा लिया गया है, जिसे "जैसा है जहां है" के आधार पर, "जैसा है"और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे तालिका में उल्लिखित तिथि पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है। इसका बकाया संबंधित उधारकर्ता (ओं) और आधार गारंटर (ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार को देय है।आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| क्र.सं | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गांटरर्स खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम संपत्ति का गिरवीकर्ता (आईआरएस), | (ए) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस की तारीख (बी) बकाया राशि ........ (सी) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा तिथि (डी) कब्जे की प्रकृति (प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक) | (ए) आरक्षित मूल्य (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैम शाखा दिल्ली, / मैसर्स ईएमएस एंड एक्सपोर्ट्स / **मैसर्स ईएमएस एंड एक्सपोर्ट्स (पार्टनरशिप फर्म)** पंजीकृत/कॉर्पोरेट कार्यालयः सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015. **कार्य/फैक्टरीः** सी-17 और 18, औद्योगिक एस्टेट, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-244713. **2.) श्री अमरजीत सिंह कालरा (पार्टनर) पुत्र श्री सुरिंदर सिंह कालरा** सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015. **3.) श्रीमती जगजीत कौर कालरा (पार्टनर) पत्नी श्री सुरिंदर सिंह कालरा** सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015. **4.) श्रीमती सुरिंदर कौर कालरा (पार्टनर) पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा** सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015. | काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) स्थित विकसित साईट औद्योगिक एस्टेट में क्रमांक सी-17 और 18 वाले 1337.76 वर्ग मीटर के भूखंड मैसर्स ईएमएस एंड एक्सपोर्ट्स के नाम पर हैं और इनकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- उत्तर में: भूखंड संख्या सी-3 और सी-4, दक्षिण में: 40 फीट चौड़ी सड़क x 103, पूर्व में: भूखंड संख्या सी-16 और पश्चिम में: भूखंड संख्या सी-19. **(भौतिक कब्जा)।** | ए) 25.06.2019 बी) 48,15,03,120.24 अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ वसूली घटाकर, अतिरिक्त ब्याज, बैंक शुल्क और वसूली के लिए बैंक द्वारा किए गए अन्य शुल्कों को जोड़कर। सी) 07.10.2019 डी) भौतिक कब्ज़ा | ए) 65.00 लाख बी) 6.50 लाख सी) 50000/- | 28.01.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवंन सिंह यादव मो. नंबर 9717133327 |

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:** बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
(1) संपत्तियों को **"जैसा है जहां है के आधार पर"**, **"जैसा है जो है के आधार पर"** और **"जो कुछ भी है" के आधार पर** बेचा जा रहा है। (2) ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (3) सुरक्षित संपत्ति आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी। पहली बोली आरक्षित मूल्य से अधिक किसी भी राशि पर शुरू होनी चाहिए। (4) बिक्री उपरोक्त निर्दिष्ट नीलामी की तारीख और समय पर वेबसाइट https://Baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। (5) अधिक जानकारी और बिक्री के पूर्ण नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://Baanknet.com और https://pnb.bank.in देखें।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना**

दिनांकः 09.01.2026, स्थानः दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# घात लगाए बैठा था गुलदार

## धारी में महिला को बनाया शिकार, शोर मचाती रही महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी (नैनीताल)।** धारी क्षेत्र में गुलदार ने एक महिला को मार डाला। खेत में काम कर रही महिला पर रविवार सुबह 10 बजे गुलदार ने हमला कर दिया। महिला का शव खेतों लगभग 2 किलो दूर जंगल में मिला। धारी क्षेत्र के कुलौरी खुटीयाखाल में घात लगाए बैठे गुलदार ने गंगा देवी पत्नी जीवन चंद्र उम्र 35 वर्ष को गुलदार ने हमला कर दिया। महिला ने शोर मचाया लेकिन आदमखोर गुलदार गंगा देवी करीब घसीटते करीब 2 किलो मीटर दूर जंगल में ले गया। खोजबीन के बाद परिजनों गंगा देवी का शव जंगल में क्षतविक्षत हालत में मिला। इनके तीन बच्चे हैं। दो लड़कियां व एक लड़का है। पति जीवन चन्द्र खेतीडी करते हैं। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी



मौक पर पहुंचे गये। ग्रामीणों ने आक्रोश जताया कहा है गुलदार की गतिविधियां लगभग एक माह से क्षेत्र में बढ़ गई है लेकिन आदमखोर गुलदार को विभाग अभी तक नही पकड़ पाया है। इधर भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक जताया है। विधायक ने कहा गुलदार की गति. विधियां क्षेत्र पूर्व में देखी गई है लेकिन वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में तीसरा दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें तीसरी महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया है। वन विभाग को कड़ी फटकार लगाई। धारी क्षेत्र में दूसरी घटना, 17 दिने पहले यानी 26 दिसम्बर की सुबह को तल्ली दीनी में एक महिला को गुलदार ने मार डाला था। वही विगत दिनों ओखलकाण्डा ब्लाक के खन्स्यू तहसील के ग्राम चमोली में जंगल में घास काटने गई महिला पर दिन दहाड़े आदमखोर गुलदार ने हमला कर दिया था। दर्दनाक हादसे महिला मौत हो गई थी। सभी हमले महिलाओं पर हुए, है आदमखोर गुलदार वन विभाग पकड़ने नाकाम रहा है। इधर वन विभाग की सख्त हिदायत के बाद भी महिलायें घने जगलों चारा घास, सूखी लकड़ी बनाने जंगलों जा रही है। साथ ही विधायक ने जनता से कहा की बाघ को जनता भी मार सकती हैं।

धारी क्षेत्र में यह एक महीने के भीतर दूसरी दर्दनाक घटना है। आदमखोर गुलदार को जल्द नही पकड़ा गया तो ग्रामीण तहसील में धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। दर्दनाक हादसा से गुलदार की दहशत व इलाके में भय व शोक का माहौल है।
**- भावना आर्या, ब्लाक प्रमुख धारी**

पीड़ित परिवार को वन विभाग से 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जायेगा। धारी के खुटीयाखाल जंगल में 3 कैमरे लगाये गये हैं। गुलदार को पकड़ने के धारी में अब तक 68 कैमरे लगाये जा चुके हैं। लोगों से अपील की गई है जंगलों में अनाश्यक अकेले नही जाये।
**विजय भट्ट**
**वन क्षेत्र अधिकारी**
**उत्तरीगौला रेंज**

# निष्पक्ष जांच की उठाई मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले को लेकर रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को उत्तराखंड क्रांति दल ने उत्तराखंड बंद का समर्थन किया। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग उठाई। वहीं, जिलेभर में बंद का मिला जुला असर रहा। अधिकांश इलाकों में दुकाने खुली रहीं।

नगर के गांधी पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान यूकेडी कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल दोषियों को जब तक कड़ी सजा नहीं मिलेगी तब तक पार्टी संघर्षरत रहेगी। कहा कि आज सरकार वीआईपी को बचाने का काम कर रही है। कहा कि सरकार को निष्पक्ष कानूनी जांच कर दोषियों को सजा दिलाने का काम किया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन के बाद यूकेडी कार्यकर्ता कस्बा धारानौला, मकेड़ी होते हुए लमगड़ा क्षेत्र को रवाना हुए। साप्ताहिक बाजार बंद के दौरान खुले हुए व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों से शांतिपूर्ण तरीके से बंद करने की अपील की। यहां यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, यूथ प्रकोष्ठ के संगठन मंत्री नरेंद्र बिष्ट, किरन मेहरा, रघुवीर भाकुनी आदि मौजूद रहे।

## मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने ससुरा. लियों पर घर में घुसकर मारपीट और पति के साथ चल रहे मुकदमे को वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगया है। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुमाऊं कॉलोनी, कचनालगाजी निवासी अलीना पत्नी सलमान ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। कहा कि उसका अपने पति के साथ न्यायालय में मुक. दमा चल रहा है। इसी रंजिश के चलते दो जनवरी को उसकी जेठानी रुकसार पत्नी शहजाद, अपने भाई सोएब, बहन नन्ही और भांजे शाबेश के साथ उसके घर पहुंची। आरोप है कि आरोपियों ने पहले उसे आवाज देकर घर से बाहर बुलाया और फिर जबरन घर में घुसकर उसके साथ मारपीट व अभद्रता की।

# मनरेगा का नाम बदले जाने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने पर रोष जताया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार के इस फैसले के विरोध में जिलेभर में मनरेगा बचाओं अभियान चलाएगी। जिसकी शुरूआत 12 जनवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष भोज ने कहा कि इस अभियान का पहला चरण 12 जनवरी यानि आज जिला और महानगर मुख्यालयों पर एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन के रूप में आयोजित किया जाएगा। जिसके माध्यम से कांग्रेस पार्टी देशभर में मनरेगा बचाओ संघर्ष की शुरुआत करेगी। वहीं, 12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर



चौपाल, जनसंवाद और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण जनता, मजदूरों, किसानों और महिलाओं को मनरेगा से जुड़े उनके अधिक. ारों के बारे में जागरूक करेगी। इसके अलावा 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तर पर मनरेगा बचाओ यात्रा, 7 फरवरी से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव और 16 फरवरी से 25 फरवरी तक क्षेत्रीय समापन रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

# कांग्रेस की बुद्धि-शुद्धि के लिए हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बुद्धि-शुद्धि को हवन यज्ञ किया। इस दौरान कांग्रेस पर अंकिता भंडारी प्रकरण में राजनीति करने के साथ ही लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में



आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ कर कांग्रेस की सद्बुधि की कामना की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस अंकिता भंडारी के नाम पर राजनीति कर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है, जबकि हत्याकांड के तीनों आरोपी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। कहा कि सरकार ने मामले की सीबीआई जांच को भी संस्तुति दे दी है। कहा कि कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पुतले बनाकर निंदनीय रूप से पुतला दहन किया गया। कहा कि कांग्रेस की ओर से भ्रामक बातें फैलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कहा कि अंकिता मुद्दे पर कांग्रेस का रवैया पहले से ही नकारात्मक रहा है। कांग्रेस अंकिता के नाम पर बस राजनीति कर रही है, जो सही नहीं है। यहां मेयर अजय वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, रवि रौतेला, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा किरन पंत, कैलाश, राजीक अंसारी, त्रिलोक राम, देवेंद्र भट्ट, सौरव वर्मा, मनोज तिवारी, त्रिलोचन जोशी, मनोज सनवाल, रंजीत भंडारी, कैलाश गुरुरानी, रमेश धपोला, कमला तिवारी, प्रीति रस्तोगी, अभिषेक जोशी, निशा बिष्ट, कविता वर्मा, शुभम रौतेला आदि मौजूद रहे।

# बाहरी ई-रिक्शा पर रोक लगाने के लिए अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम क्षेत्र में यूपी क्षेत्र की ई-रिक्शाओं के संचालन पर रोक लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। निगम और एआरटीओ की टीम जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाकर बिना पंजीकरण की ई-रिक्शा का चालान कर रही है। निगम क्षेत्र में लगभग छह से सात हजार ई-रिक्शा का संचालन किया जा रहा है। इसमें से एआरटीओ में लगभग चार हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। क्षेत्र में निगम क्षेत्र से सटे यूपी के ग्रामीण इलाकों से लोग यहां पर ई-रिक्शा का संचालन कर रहे हैं। इसके कारण शहर के बाजारों और मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति दिन में कई बार उत्पन्न हो रही है। इसके लिए निगम प्रशासन ने लगभग चार माह पहले आदेश जारी कर निगम क्षेत्र की ई-रिक्शा का पंजीकरण कार्य निगम में शुरू किया था। इसका मकसद था कि निगम में रिक्शा पंजीकरण होने के बाद उसको नंबर जारी किया जाएगा इससे यह पहचान हो जाएगी कि रिक्शा निगम क्षेत्र की है या यूपी क्षेत्र की। निगम के टीएस अनिरुद्ध गौड़ ने बताया कि अब तक लगभग 888 ई-रिक्शा का पंजीकरण हो चुका है और उनको निगम की ओर से लाल रंग की नंबर प्लेट भी पंजीकरण नंबर के साथ इश्यू की जा रही है। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर चेकिंग अभियान भी किया जा रहा है।

# मेले हमारी संस्कृति की पहचानः रेखा आर्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में रविवार को सूर्य पर्व मेला आयोजित हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने दर्शन के साथ ही भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, मेले में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या भी पहुंची। विधिवत पूजन एवं हवन कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के मेले हमारी संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कटारमल स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित सूर्य पर्व मेले में प्रतिभाग किया। यह पारंपरिक मेला प्रतिवर्ष पौष माह के अंतिम रविवार को श्रद्धा, आस्था एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में



श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक प्रतिभाग करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय अंचलों में आयोजित होने वाले पारंपरिक मेले हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन न केवल सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि सड़क, संचार व अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के बाद कटारमल सूर्य मंदिर एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। देश-विदेश से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, एडीएम संजय कुमार, ग्राम प्रधान कटारमल उमा देवी मौजूद रहे।

### ऐतिहासिक धरोहर का किया जाएगा संरक्षण

कटारमल सूर्य मंदिर पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा शीघ्र ही कटारमल सूर्य मंदिर के सौंदरीकरण एवं संरक्षण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए बजट स्वीकृत किया जा चुका है। इससे इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं में भी सुधार होगा। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उत्तराखंड के सभी प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के सौंदरीकरण, संरक्षण व व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में साम. ुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक-दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना तथा समुदाय के लोगों में सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ हुआ, जिसके पश्चात डा. संध्या रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संबोधन दिया गया। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला। साम. ुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर भाषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, योग एवं युवा सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर एवं नारे तैयार करना शामिल था। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय परिसर से लेकर आस-पास के क्षेत्रों एवं चकफेरी कालोनी तक निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया गया। स्वयंसेवकों ने समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वस्थ एवं स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही एक प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया गया। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा हेतु स्वयं को समर्पित करने तथा एनएसएस के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

# सभासद का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** वार्ड नंबर एक के सभासद रोहित बुधलाकोटी ने सिंचाई नहर को कवरिंग कराया जिससे क्षेत्र वासियों की वर्षो पुरानी समस्या से छुटकारा मिल गया। बताते चलें पूर्व में ग्राम छोटी हल्द्वानी का हिस्सा रहा। अब नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर एक में शामिल हुए



क्षेत्र में दर्जन भर परिवार वालों को आने जाने के लिए मार्ग नहीं था। इन परिवार वालों को नगर की पटरी पर होकर ही जाना पड़ता था। सभासद ने क्षेत्र वासियों की परेशानी को देखते हुए नगर पालिका से प्रस्ताव बनाकर नहर को कवरिंग कराया। अब नहर कवरिंग होने के बाद क्षेत्र वासियों को परेशानी से छुटकारा मिल गया। समस्या के समाधान होने पर वार्ड वासियों ने सभासद रोहित बुधलाकोटी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कैलाश चंद्र मिश्रा, केसर सिंह मंगोलिया, राम सिंह रावत, बबलू चौहान, प्रमोद उपाध्याय, जीवन मंगोलिया और समस्त महिलाओं ने स्वागत किया।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं डिजिटल मैनुस्क्रिप्टपीडिया, ग्रेटर नोएडा द्वारा संयुक्त रूप से दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस इम्पैक्ट-2026 का समापन रविवार को कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. एसएस गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में तकनीकी सत्रों के अध्यक्षों एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह प्रदान किये गए। अधिष्ठाता ने अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजन के लिए विभागाध्यक्ष डा. राजीव सिंह एवं सचिव डा. अशोक




कुमार को बधाई दी। अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समन्वयक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजीव सिंह ने कॉन्फ्रेंस के संबंध में सभी उपस्थित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों को अवगत कराया। संचालन समिति के सदस्य डा. गुलशन श्रीवास्तव ने समीक्षा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों द्वारा लगभग 150 शोध पत्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रस्तुत किये गए। कॉन्फ्रेंस के सचिव डा. अशोक कुमार, सहायक प्राध्यापक ने कॉन्फ्रेंस के आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त प्रतिभागियों, विद्यार्थियों को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया।

# वन अधिकार कानून पर बिंदुखत्ता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता में वन अधिक. ार कानून पर रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बिंदुखत्ता, दानीबंगर, प्रतापपुर, सुल्ताननगरी एवं बागझाला के ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के एडवोकेट तरुण जोशी द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम-2006, इससे संबंधित नियमों, वनाधिकार दावों की प्रक्रिया तथा केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण पत्रों का विस्तृत अध्ययन कर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों की प्रक्रिया भरने से अवगत कराया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी



प्रशिक्षणार्थियों ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि जब भारत सरकार के पत्र दिनांक 08.11.2013 के माध्यम से पुराने कानूनों को समाप्त कर वन अधिकार अधिनियम के तहत ही राजस्व ग्राम बनाने की प्रक्रिया के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं, तो इसके बावजूद वन अधिकार दावों पर अमल न कर अन्य वैकल्पिक मार्गों से राजस्व ग्राम बनाने के प्रयास केवल प्रक्रिया को उलझाने का कार्य हैं। ग्रामीणों ने ऐसे प्रयासों का विरोध करते हुए वन अधिकार कानून के अनुसार ही राजस्व ग्राम की अधिसू. चना जारी करने की मांग की।

कार्यक्रम में वन अधिकार समिति बिंदुखत्ता के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, सचिव भुवन भट्ट, रमेश पुरोहित, बसंत पांडे, चंचल सिंह कोरंगा, संध्या डालाकोटी, एडवोकेट कल्पना बिष्ट, हयात सिंह, दीपक नेगी, तारा दत्त जोशी, यशपाल आर्या, इन्द्र सिंह पनेरी, डीके मिश्रा, रमेश कार्की, कुन्दन कुाल, जीत सिंह ठगुना, कविराज धामी, उमेश भट्ट, नन्दन बोरा, गोविन्द बोरा, गोपाल लोधियाल, दलवीर कफोला, राम सिंह चिलवाल, मोहनी मेहता, भूपाल बिष्ट, कुन्दन सिंह, हर्षित बिष्ट सहित लगभग पांच दर्जन लोग शामिल रहे।

## पत्रकार मेहरा को मातृशोक

**कालाढूंगी।** रविवार को लंबी बीमारी के चलते पत्रकार भगवान मेहरा की माताजी कमला देवी (66) का सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकार जगत सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार. जनों के अनुसार, उन्होंने रविवार सुबह अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। इस दुखद अवसर पर अनेक पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने भगवान मेहरा एवं उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश नैनवाल, सतीश जोशी, शाकिर हुसैन, ललित बधानी, गोपाल सिंह बिष्ट, मनोज पंत, रजत पंत, जाहिद हबीबी, मुस्तजर फारूकी, जुबैर आलम, मुकेश छिमवाल, नीरज तिवारी, अंशुल पांडे, सुभम बधानी, शंकर पांडे, विधायक बंशीधर भगत, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा, विक्रम जंतवाल ने शोक जताया है।

## एक नजर

### मंदिर समिति के केवलानंद चुने गए अधयक्ष

**बागेश्वर।** भद्रकाली मंदिर समिति के चुनाव निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुए अध्यक्ष पद पर केवलानंद पांडेय, सचिव पद पर दरपान सिंह गैड़ा, कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र सिंह गैड़ा उपाध्यक्ष नीरज जोशी, नदांबल्लभ जोशी, सदस्य के रूप में प्रदीप जोशी, नारायण सिंह धामी, घनश्याम भंडारी, सोहन भंडारी, विनोद कुमार, मनोज राठौर को सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से चुन लिया गया है। इस तरह उपाध्यक्ष व सक्रिय सदस्य भी चुने गए हैं। जय मां भद्रकाली सभी को शुभकामनाएं बधाईयां। समस्त उपस्थित महानुभावों का आभार धन्यवाद आप सभी पर मां भद्रकाली की असीम अनुकम्पा सदैव बनी रहे। मां भद्रकाली मंदिर समिति के निर्वतमान अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भंडारी की अध्यक्षता में सभी कार्य सम्पन्न हुए। संच. ालन पंकज डसीला ने किया। इस मौके पर प्रधान संरक्षक योगेश पंत, सुरेश रावत, महेश राठौर, गिरीश जोशी, हरीश डसीला, सुनील रावत, नरेंद्र राठौर, मनोज राठौर आदि मौजूद थे।

### अग्निकुंड के पास दुपहिया वाहन में लगी आग

**बागेश्वर।** अग्निकुंड पुल के पास खड़ी दोपहिया वाहन में लगी आग पर फायर सर्विस की टीम ने समय रहते काबू पाया, टीम ने बड़ा हादसा टला। शनिवार की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे अग्निकुंड पुल के पास एक बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने से दोपहिया वाहन में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल अग्नि समन को दी। सूचना मिलते ही, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी दिनेश चंद्र पाठक के नेतृत्व में फायर यूनिट तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। जिसके बाद टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबी पाया गया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।
नगर पालिका चेयरमैन ने सीएम को दिया उत्तरायणी मेले के न्यौता।

### उत्तरायणी मेले को लेकर लोगों में उत्साह

**बागेश्वर।** बागेश्वर में आयोजित होने वाला सात दिवसीय उत्तरायणी मेले को लेकर काफी उत्साह है। बागेश्वर से एक शिष्टमंडल बीते दिवस देहराद. ून पहुंचा। जहां शिष्टमंडल ने सीएम पुष्कर धामी एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी सहित अन्य मंत्रियों को उत्तरायणी मेले का न्यौता दिया। साथ ही आग्रह किया कि वे मेले में पहुंचकर मेले की शोभा बढ़ाए। राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट एवं नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल सहित अन्य ने शनिवार को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बागेश्वर उत्तरायणी मेले में आने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा।

### बागेश्वर में उत्तराखण्ड बंद का दिखा असर

**बागेश्वर।** अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच सुप्रीमकोट के न्यायाधीश की देखरेख में करवाए जाने की मांग को लेकर पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष व संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में बाजार बंद करवाया गया। इस दौरान नुमाइश खेत मैदान के पास स्थित गांधी चबूतरे पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि बेटी अं. किता को न्याय दिलाना उनका उद्देश्य है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी धामी द्वारा सीबीआई जांच के लिए संस्तुति दी है, लेकिन जांच में अभी भी कई मुद्दों का होना जरूरी है। जो स्पष्ट नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच सुप्रीमकोट के न्यायाधीश के नेतृत्व में करवाई जाए, साथ ही जांच रिपोर्ट कितने दिनों में बाहर आयेगी इसकी पुष्टि की जाए। वक्ताओं ने कहा कि हत्या माले में एक वीआईपी के होने की शुरू से चर्चा है, जल्द वीआईपी को जांच के दायरे में रखा जाए। इधर रविवार को बागेश्वर में अधिकांश दुक. ानें बंद रही। कई व्यापारियों ने बंद को समर्थन भी दिया। इस अवसर पर रमेश कृषक, अंकुर उपाध्याय, विजय परिहार, सुनील पांडे, प्रकाश, महेश नगरकोटी, आशीष, पंकज आदि व्यापारी मौजूद थे।

### रमेश देव के रूप में हुई शव की शिनाख्त

**काशीपुर।** तीन दिन पहले लावारिस हालत में मिले शव की शिनाख्त रमेश देव के रूप में हुई है। पुलिस को कनकपुर क्षेत्र में बिगत तीन दिन पूर्व एक व्यक्ति का शव मिला, जिसे पुलिस ने शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवाया था। आज रमेश देव के पुत्र ने अपने पिता के रूप में उक्त शव की शिनाख्त की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर उनके पुत्र के सुपुर्द कर दिया है। मिल्क रामपुर के ग्राम जोहर निवासी रमेश देव विगत कई वर्षों से पट्टी कला में एक क्रेशर पर काम करता था।

### काशीपुर बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण आज

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी (2026-27) का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार, 12 जनवरी को दोपहर 1. 30 बजे मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय नैनीताल के न्यायाधीश आलोक वर्मा के द्वारा शपथ दिलाकर किया जाएगा। काशीपुर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिरजेश खुल्वे एवं नवनिर्वाचित सचिव यशवंत चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी एवं अन्य न्यायिक अधिक. ारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा अधिवक्ता मौजूद रहेंगे।

### निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**काशीपुर।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'वसुधैव कुटुम्बकम्' द्वारा 12 व 13 जनवरी को विशाल निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शि. विर का आयोजन प्रातः 9 बजे से एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में किया जाएगा। संस्था के सचिव प्रियांशु बंसल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के उन जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की मदद करना है, जो संसाधनों के अभाव में अपनी आँखों का उपचार नहीं करा पा रहे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम् के नेत्रदान प्रकल्प सयोजक सचिन अग्रवाल ने क्षेत्र के जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद बुजुर्गों और नेत्र रोगियों को इस शिविर के बारे में जानकारी दें।

### ब्लॉगर ज्योति अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** हल्द्वानी निवासी ब्लॉगर ज्योति अधिकारी के खिलाफ आज काशीपुर में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। ज्योति पर सोशल मीडिया के माध्यम से पहाड़ की महिलाओं, स्थानीय संस्कृति और देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के साथ ही सार्वजनिक स्थान पर दराती लहराने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि ब्लॉगर ज्योति ने हाल ही में हल्द्वानी में एक सार्वजनिक मंच से दराती लहराते हुए उत्तराखंड की महिलाओं और देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान दिए, जिससे क्षेत्रीय लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। काशीपुर कोतवाली में द्वारका एनक्लेव फेज-दो, नीझड़ा निवासी उमा बिष्ट पत्नी गोविंद सिंह बिष्ट ने भी ज्योति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### प्रगतिशील महिला एकता केंद्र ने किया प्रदर्शन

**काशीपुर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर आज प्रगतिशील महिला एकता केंद्र एवं इंकलाबी मजदूर संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने महाराणा प्रताप चौक पर प्रदर्शन कर सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अनेकों स्त्रियां दुराचर और उसके बाद हत्या की शिकार हो चुकी है इनमें मासूम बच्चियों से लेकर स्त्रियां तक शामिल है, लेकिन सरकार कोई कड़ा कदम नहीं उठाती। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ितों के इंसाफ नहीं मिल रहा। प्रदर्शन के दौरान प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की इकाई सचिव रमन दीप कौर, आरती, शोभा, ममता, लता एवं इंकलाब मजदूर संगठन के कमलेश, सुरेश, विमल, शेखर सैनी, विजयपाल सैनी, ओम प्रकाश, कपिल कुमार गौतम मौजूद रहे।

### किचन में लगे गीजर में लगी आग

**काशीपुर।** गिरीताल में एक घर के किचन में लगे गीजर में आग लग गई। दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। फायर स्टेशन को गिरीताल स्थित विशाल अग्रवाल के आवासीय भवन में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर एक यूनिट मौके पर पहुंची तो देखा कि उनके घर के किचन में लगे गीजर में आग लगी थी जिससे पूरे घर में धुआं फैल गया था। तत्काल फायर यूनिट द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। उक्त आग में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर यूनिट टीम में में चालक पंकज सिंह, फायरमैन आकाश गैरोला व पंकज कुमार, महिला फायरमैन आरती, रजनी शामिल रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा ( उधमसिंह नगर )**

**गृहकर नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के भवन सं. बी-264 वाक्ये आवास विकास किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2011-16 के क्रमांक (759) में स्थित भवन पर पूर्व से श्री शशि भूषण पुत्र स्व. ओम प्रकाश के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरब में भवन सं. बी-245, पश्चिम में रास्ता 6 मी., उत्तर में भवन सं. बी 263 एवं दक्षिण में भवन सं. बी 265 स्थित है। भवन स्वामी द्वारा रजिस्ट्री बैनामा के फलस्वरुप क्रेता द्वारा उक्त भवन का गृहकर अपने नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत रजिस्ट्री बैनामा दि. 19.12.2023, दा.खा. आदेश दि. 31.10.2025, आवेदक का आधारकार्ड (सं.-2520 1684 2417), गृहकर रसीद की छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र मय प्रार्थना पत्र दि. 06.11. 2025 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण/संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों से, पूर्व भवन स्वामी श्री शशि भूषण पुत्र स्व. ओम प्रकाश का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक जया रोलस्टन पुत्री श्री कन्हई सिंह के नाम नामान्तरण/संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# फेसबुक लाइव के बाद किसान ने खुद को गोली मारी

## काशीपुर के सुखवंत ने हल्द्वानी गौलपार के होटल में की आत्महत्या

■ चार करोड़ के फर्जीवाड़े ने सुखवंत को जान देने पर कर दिया मजबूर, पुलिस अधिकारियों व प्रॉपर्टी डीलर्स पर गंभीर आरोप


सुखवंत सिंह (फाइल फोटो)





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के गौलापार में एक होटल में काशीपुर के रहने वाले एक किसान ने करीब चार करोड़ रुपये के जमीन से जुड़े कथित फजीवाड़े के मामले में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। किसान ने मरने से पहले फेसबुक पर लाइव वीडियो प्रसारित कर ऊधमसिंह नगर पुलिस, अधिकारियों, व प्रॉपर्टी डीलर्स और कई अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। खुदखुशी व वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला और भी संवेदनशील हो गया है। फिलहाल काठगोदाम पुलिस ने अपनी ओर से जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से ऊधमसिंह नगर काशीपुर के गांव पैगा निवासी 40 वर्षीय सुखवंत पुत्र तेजा सिंह अपनी पत्नी प्रदीप कौर और 14 वर्षीय बेटे गुरसहेज के साथ काठगोदाम थाना क्षेत्र के होटल में ठहरा था। बताया जा रहा कि सुबह वह नैनीताल घूमकर आए और दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने गौलापार स्थित एक होटल किराए पर लिया। रात तकरीबन ढाई से तीन बजे के बीच सुखवंत ने होटल के कमरे में खुद को गोली मार ली। गोली मारने से पूर्व किसान सुखवंत ने फेसबुक लाइव वीडियो आकर आरोप लगाया कि जमीन के नाम पर उससे तीन करोड़ रुपये कैश लेने के साथ एक करोड़ रुपये खाते में लेकर हड़प लिए गए।

इस मामले की शिकायत लेकर वह उधमसिंहनगर पुलिस के पास गया। मृतक का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उस पर ही लगातार दबाव बनाना शुरू कर दिया था, और उससे पैसे की मांग भी की जा रही थी। चार माह की लगातार इस मानसिक प्रताड़ना से जूझ रहा और वह अब पूरी तरह टूट चुका है जिसकरण वह यह कदम उठाने को मजबूर हो गया। मृतक सुखवंत के पिता ने बताया कि काशीपुर क्षेत्र में करीब चार करोड़ रुपये के कथित जमीन फर्जीवाड़े के मामले के बाद से सुखवंत लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। परिजनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों व अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस घटना के बाद उधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा का कहना है कि इस पूरे प्रकरण के साथ ही किसान ने फेसबुक लाइव वीडियो में जो भी बोला है, उसकी निष्पक्ष जांच की जाएगी। नैनीताल एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मृतक सुखवंत की पत्नी व बच्चे को एसटीएच में भर्ती कराया गया है। पत्नी के सिर में हल्की चोट है। शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। शव को पुलिस सुरक्षा में ऊधमसिंह नगर पहुंचाया गया है। आगे परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### मौत से पहले पत्नी को दिया सुसाइड नोट

खुदखुशी करने से पहले काशीपुर के किसान सुखवंत ने पहले फेसबुक पर लाइव वीडियो बनाया और इससे पहले उसने 9 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा हुआ था। बताया जा रहा कि शनिवार दोपहर करीब 12 बजे तीनों गौलापार के होटल पहुंचे। यहां सुखवंत ने पत्नी को 9 पन्नों का सुसाइड नोट देते हुए कहा कि यह कागजात कल पुलिस को दे देना। पत्नी को बिल्कुल पता नहीं था कि आखिर इन दिए गए कागजों में किया लिखा हुआ है। देर रात जब सुखवंत ने खुद को गोली मारी तब उसने अपने पर्स में रखा 9 पन्नों का सुसाइड नोट पढ़ा। जिसके बाद उसने यह सुसाइड नोट पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### ...तो हाई कोर्ट की चौखट पर करनी थी आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऊधमसिंह नगर पुलिस से उम्मीद खो बैठे किसान सुखवंत ने परिवार के साथ जान देने का मन पहले ही बना लिया और मृतक किसान ने इसके लिए उसने हाईकोर्ट को चुना। सुखवंत हाईकोर्ट में परिवार के साथ जान देना चाहता था, लेकिन अचानक बीवी की तबीयत बिगड़ने लगी और वो गौलापार हल्द्वानी आ गया। अंत समय में उसने एक बड़ा फैसला बदला और वो था बीवी और बच्चों की जान लेना। मरने से पहने मृतक सुखवंत ने 4 मिनट 58 सेंकड के अपने आखिरी वीडियो में सुखवंत ने कई बार हाईकोर्ट उत्तराखंड का नाम लिया। उसने कहा कि वह हाईकोर्ट में जान देगा। हालांकि नैनीताल जाते वक्त सुखवंत की पत्नी प्रदीप कौर को उल्टियां शुरू हो गईं। सुखवंत परिवार के साथ गौलापार आ गया और कालीचौड़ के पास स्थित एक होटल में रूम नंबर 101 बुक कर लिया। रात तकरीबन ढाई से तीन के बीच उसने पत्नी और बेटे को मारना चाहा, लेकिन आखिरी समय में उसने अपना इरादा बदल दिया। पत्नी व बेटे को डरा कर उसने कमरे से बाहर भगा दिया। जिसके बाद कमरा अंदर से बंद कर तमंचा कनपटी से सटाकर खुद को गोली मार ली।

### पैसे वापस मांगे तो मिली जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस के अनुसार सुखवंत ने पिछले साल सिडकुल की एक फैक्ट्री के लिए अपनी जमीन को बेचा था। भूमि अधिग्रहण होने के बाद उसके पास करोड़ों रुपये आए थे। जिसे वह कहीं प्लॉट खरीदकर निवेश करना चाहता था। इस दौरान कुछ प्रॉपर्टी डीलरों से उसकी मुलाकात हुई। आरोप है कि दो दर्जन से अधिक इन प्रॉपर्टी डीलरों के गिरोह ने उसे फर्स्ट क्लास एरिया में जमीन दिलाने के नाम पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक वसूल लिए। कुछ दिन बाद प्लॉट की रजिस्ट्री करके कागज उसे दिए तो पता लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। प्रॉपर्टी डीलर गिरोह ने करोड़ों रुपये हड़पकर मात्र 50 लाख की मार्केट वैल्यू वाली जमीन उसके नाम की है। जिसके बाद उसने पैसे वापस मांगे तो धमकी मिलनी शुरू हुई। पुलिस के अधिकारियों पर भी कार्रवाई न करने का आरोप लगा है। मानसिक और आर्थिक रुप से तंग आकर सुखवंत ने हल्द्वानी आकर सुसाइड कर लिया।

### सीएम सख्त, जांच के आदेश जारी

**हल्द्वानी।** ऊधमसिंह नगर जनपद के काशीपुर निवासी एक किसान द्वारा हल्द्वानी में आत्महत्या किए जाने के गंभीर प्रकरण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत संवेदनशीलता से लेते हुए कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत द्वारा मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि इस दुखद घटना के सभी तथ्यों और परिस्थितियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस संबंध में मुख्य सचिव आनंद बर्धन और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से भी पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने दिवंगत किसान के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## परिवार से मिले विधायक सुमित ढांढस बंधाया, निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में काशीपुर निवासी किसान स्व. सुखवंत सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद रविवार को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने मोर्चरी पहुँचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और इस कठिन समय में उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के साथ अपनी एकजुटता जाहिर की। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला ठगी और प्रशासनिक लापरवाही से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि आत्महत्या से पहले स्व. सुखवंत सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने जमीन के नाम पर करीब 4 करोड़ रुपये की ठगी होने का आरोप लगाया था। यह आरोप बेहद गंभीर हैं, और यह चिंताजनक है कि



शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। विधायक ने कहा कि एक किसान का इस तरह मानसिक रूप से टूटकर आत्महत्या जैसा कदम उठाना सिर्फ उस परिवार का नहीं, बल्कि पूरी प्रशासनिक व्यवस्था और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। सुमित हृदयेश ने मुख्यमंत्री से अपील की कि इस मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और शीघ्र जांच करवाई जाए।

## कानून की रखवाली छोड़ ज़मीन के धंधां में लगी है पुलिस: ललित जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उत्तराखंड पुलिस आज कानून की रखवाली छोड़कर जमीन के धंधों और सत्तासंरक्षित लेन-देन में उलझ चुकी है। प्रेस को जारी बयान में प्रमुख राज्य आंदोलकारी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित जोशी ने कहा कि प्रदेश में लचर हो चुकी कानून व्यवस्था का भयावह उदाहरण काशीपुर से सामने आया है, जहाँ एक किसान सुखवंत सिंह ने न्याय न मिलने की पीड़ा में वीडियो जारी कर आत्महत्या कर ली। यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था के नैतिक पतन का जीवंत प्रमाण है। सुखवंत सिंह ने अपने वीडियो में स्पष्ट रूप से बताया कि उनके साथ लगभग चार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई। न्याय की आस में जब वे थाने पहुँचे, तो आरोप है कि थाना प्रभारी से लेकर एसपी स्तर तक पुलिस अधिकारियों ने शिकायत सुनने के बजाय पैसे लेकर दूसरे पक्ष का साथ दिया। यह घटना किसी एक थाने या एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार की कार्यशैली और उत्तराखंड पुलिस पर गिरते भरोसे का आईना है। हम लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि प्रदेश भय, भ्रष्टाचार और अन्याय की ओर बढ़ रहा है। आज वही चेतावनी एक मासूम किसान की मौत में बदल चुकी है।

## इंन्टरव्यू में सलेक्शन न होने पर लगाई फांसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक छात्र इंटरव्यू में फेल हुआ और तनाव में आ गया। लगातार प्रयास के बाद भी इंटरव्यू में छात्र की मिल रही असफलता से क्षुब्ध होकर छात्र ने फांसी लगाकर आपनी जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने अपनी ओर से मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मूलरूप से भीमताल के छोटा कैलाश व हाल निवासी छड़ायल निवासी 22 वर्षीय सचिन पलड़िया पुत्र हरीश चंद्र पलड़िया तीन बहनों के बीच अकेला भाई था। परिजनों के अनुसार सचिन ने बनारस हिंदू विश्व विद्यालय से उसने स्नातक पास किया और 2021 में इंटर की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 23वें नंबर भी प्राप्त किया किया था। बताया जा रहा कि मृतक युवक पिछले दो-तीन सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगा हुआ था। बताया जा रहा कि हाल ही में सचिन ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन वह इंटरव्यू में फेल हो गया। लगातार उसका सिलेक्शन नहीं होने से वह काफी परेशान रहने लगा। बीते शनिवार रात जब परिवार के सभी लोग घर से बाहर गए थे तभी सचिन ने पंखे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि परिवार से पूछताछ की गई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि गश्त के दौरान काठगोदाम पुलिस ने एक युवक को 9 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी देते हुए काठागोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि 10 जनवरी की रात उपनिरीक्षक नीतू सिंह पुलिस टीम के साथ गौलापार क्षेत्र में गश्त पर थीं। तभी बाईपास रोड से काठगोदाम जाने वाली सड़क पर बसंत भूसा स्टोर के पास बनी झोपड़ी के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। शक होने पर टीम ने उसे दबोच लिया और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 9 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम सुरेन्द्र सिंह बजवाल पुत्र चंदन सिंह बजवाल निवासी पश्चिमी खेड़ा, गौलापार बताया।

## बुद्ध पार्क में वामपंथी संगठनों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय सुनिश्चित करने की मांग को लेकर विभिन्न वामपंथी संगठनों भाकपा (माले) प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, क्रालोस, किसान महासभा और पछास ने रविवार को तिकोनिया स्थित बुधपार्क में संयुक्त रूप से एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सीबीआई जांच को सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने, मामले से जुड़े वीआईपी को तत्काल पद से हटाकर जेल भेजने तथा आंदोलन की आवाज उठाने वालों पर दर्ज मुकदमे बिना शर्त वापस लेने की मांग की है। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच का फैसला उत्तराखंड में चले जन आंदोलन के दबाव का परिणाम है, लेकिन यह जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में ही होनी चाहिए। प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता को इस पूरे मामले पर सजग और सचेत रहकर निगरानी बनाए रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई के हाथ में केस जाने के बाद भी सड़कों को खामोश नहीं होना चाहिए। जब तक सड़क पर अंकिता भंडारी के न्याय की आवाज गूंजती रहेगी, तभी जांच एजेंसियां सही दिशा में काम करेंगी। प्रदर्शन करने वालो में डा. कैलाश पाण्डेय, रजनी जोशी, प्रकाश फुलोरिया, मुकेश भंडारी, चन्द्रशेखर भट्ट, आरती, मंजू उपाध्याय, मंजू पांडे, अमित कोहली, अनुराग, चंदन सिंह मटियाली, टीकाराम, मोहन मटियाली, अनीशेख सहित कई लोग मौजूद रहे।




## वरिष्ठ नागरिक से मारपीट व लूटपाट, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। जहां एक वरिष्ठ नागरिक पर दो अज्ञात युवकों ने उनपर हमला कर लूटपाट की और पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित वरिष्ठ नागरिक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनो आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नवाबी रोड मल्ला गोरखपुर निवासी 65 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक दीप चन्द्र पंत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 31 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 बजे स्टेट बैक रोड से बरसाती नहर वाले रास्ते से पैदल अपने घर की तरफ जा रहे थे तभी दो युवक उनके स आए और फोन करने के लिए उनसे फोन मांगा। दीप चन्द्र पंत ने जब फोन देने से मना किया तो वह आग बबूला हो गए और गाली गलौच कर उनपर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने उनके हाथ से सोने की अंगूठी, जेब में रखे 7,800 नकद और पर्स लूट कर फरार हो गए। इतना ही नहीं जाते जाते आरोपियों ने पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनो आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## गल्ला बिक्रेता परेशान, विधायक से मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन का एक शिष्टमंडल ने रविवार को शहर विधायक सुमित हृदयेश से मुलाकात कर सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल द्वारा विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे उनके सामने रोज़ी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। विक्रेताओं ने कहा कि लंबे समय से मानदेय में कोई ठोस बढ़ोतरी नहीं होने के कारण उनके लिए दुकान संचालन करना मुश्किल होता जा रहा है।

फेडरेशन ने मानदेय बढ़ाने की मांग के साथ ही खाद्यान्न गोदामों में गेहूं, चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री को तौलकर दिए जाने की व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया। इसके अलावा गोदामों में कांटा (वजन मशीन) स्थापित किए जाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग रखी गई। विधायक सुमित हृदयेश ने शिष्टमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से वार्ता कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहन अधिकारी, शहर अध्यक्ष बिशंबर कांडपाल, दीपक जोशी, कुंदन, सालिम सिद्दीकी, मुन्ना सलमानी, ओवैस कादरी, असजद अली, मुजीब-उर-रहमान, वकील अहमद, सरफराज खान, प्रमोद गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



## बेस में मरीज़ों को बांटे कम्बल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाशिला बर्षायत जन सेवा समिति की ओर से रविवार को बेस अस्पताल में फल एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को समिति के सदस्यों ने फल पैकेट एवं कंबल वितरित किए। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 75 कंबल एवं 75 फल पैकेट मरीजों को दिए गए। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कालाशिला बर्षायत जन सेवा समिति मूल रूप से अपने ग्राम के निवासियों द्वारा हल्द्वानी में गठित की गई है, जो प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रम आयोजित करती है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंत, सचिव नरेंद्र पंत, कैलाश चंद्र पंत, नरेंद्र पंत, धीरेंद्र पंत, हरिश्चंद्र पंत, उमेश चंद्र पंत, सुरेश चंद्र पंत, सतीश चंद्र पंत, विनोद पंत, वीरेंद्र पंत, प्रदीप पंत, भुवन चंद्र पंत, दिनेश पंत, रमेश चंद्र पंत, पूरन चंद्र पंत, रंजन पंत, नवीन चंद्र पंत, टीसी पंत, प्रमोद पंत, बृजमोहन पंत, तारा देवी, नीमा देवी, वंदना पंत, सविता पंत, उमा पंत, पार्थ पंत आदि मौजूद रहे।




## धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बीते शनिवार शाम पंजाबी समुदाय ने लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। खुखरायण सभा द्वारा आयोजित इस महोत्सव में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रात करीब 9 बजे लोहड़ी का प्रज्वलन रहा। अग्नि के चारों ओर एकत्रित होकर लोगों ने पारंपरिक लोकगीत सुंदर-मुंदरिये गाते हुए परिक्रमा की। इस अवसर पर नई फसल और खुशहाली के प्रतीक स्वरूप रेवड़ी, गजक, मक्का, पॉपकॉर्न और गुड़ अग्नि में अर्पित किए गए। महोत्सव में पंजाबी संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। ढोल की थाप पर युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भांगड़ा और गिद्दा किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास से भर गया। खुखरायण सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि लोहड़ी पर्व सर्दियों की विदाई, फसलों की कटाई और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक है, साथ ही यह आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी देता है। इस मौके पर खुखरायण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सहानी, महामंत्री प्रदीप सबरवाल, संदीप आनंद, राजू आनंद, संदीप कोहली, अमित साहनी सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।



## उत्थान मंच में उत्तरायणी महोत्सव शबाब पर

### सांस्कृतिक संध्या में लोक गायकों ने मचाया धमाल, विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में चल रहे उत्तरायणी मेले (घुघुतिया त्यार) के पांचवें दिन सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक गायक राकेश पनेरू और किरन चोपड़ा ने अपने सुरों का जादू बिखेर कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।। घास काटुलो ईजूँ ऊंचा डाना मा.. और हाय काकड़ी झिल मा.. आदि एक से बढ़कर गीतों की प्रस्तुति हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और लोक संगीत की मधुर धुनों ने पूरे मेला परिसर को पर्वतीय संस्कृति के रंग में रंग दिया। वहीं दिनभर मेले में विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिताएं हुई जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। रविवार को मेले के दौरान सुबह चित्रकला प्रतियोगिता, कुमाऊंनी आण-काथ तथा कुमाऊंनी भाषा में कविता पाठ प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। गुनगुनी धूप में क्षेत्रवासियों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। दिनभर मेला परिसर में भारी चहल-पहल रही और स्थानीय निवासियों के साथ ही दूर-दराज से आए लोग खरीदारी करते नजर आए। स्वयं सहायता समूहों के स्टालों पर भी लोगों की खासी भीड़ रही। कुमाऊंनी भाषा में कविता प्रतियोगिता में कार्तिक जोशी ने प्रथम, दक्ष जोशी ने द्वितीय और तेजस्विनी कोठारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता किशोर वर्ग में विराट सिंह बिष्ट प्रथम, अनन्या अग्रवाल व ईशान शर्मा द्वितीय तथा निकुंज बचखेती तृतीय स्थान पर रहे, जबकि तेजस्विनी कोठारी को सांत्वना पुरस्कार मिला। आण-काथ प्रतियोगिता में हरिप्रिया बिष्ट प्रथम, नीमा पांडे द्वितीय और पुष्पा जोशी तृतीय स्थान पर रही। देर शाम आयोजित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, उमेश चंद्र अग्रवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, नवीन वर्मा और पार्षद प्रेम बेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्यअतिथि विधायक सुमित हृदयेश ने उत्थान मंच को विधायक निधि से दस लाख देने की घोषणा की है। सांस्कृतिक संध्या में राकेश पनेरू ने पतलोट की सुनीता, झन जाए इकली सुवा, चौमासा बना, मेरी हिमुली मौत नहगे, भौजी रंगीली जैसे गीत प्रस्तुत किए। वहीं किरन चोपड़ा ने तू रूछी मैया भजन, घास काटुलो इजु ऊंचा डाना मा, हाय काकड़ी झिल मा और मोहना-मोहना गीतों से समां बांध दिया। इस मौके पर मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, कैलाश जोशी, हेम भट्ट, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, भुवन जोशी, नीरज बगड़वाल, ललित बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, संदीप भैंसोड़ा, कमल किशोर, रितिक आर्य, तरुण नेगी, पार्षद मनोज जोशी, पार्षद शैलेंद्र दानू, रचना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने चैकिंग के दौरान गौलापार क्षेत्र से एक शराब तस्कर को 54 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। काठगोदमा थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बीते शनिवार की रात एसआई नीतू सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी देवला तल्ला पजाया, कुंवरपुर क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने इन्द्रपाल सिंह पुत्र उदल सिंह निवासी देवला तल्ला पजाया, कुंवरपुर, काठगोदाम शराब के साथ गिरफ्तार किया। युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा ( उधमसिंह नगर )**

**गृहकर नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के भवन सं. बी-265 वाक्ये आवास विकास किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2011-16 के क्रमांक (759) में स्थित भवन पर पूर्व से श्री रवि भूषण पुत्र स्व. ओम प्रकाश के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरब में भवन सं. बी-244, पश्चिम में रास्ता 6 मी., उत्तर में भवन सं. बी 264 एवं दक्षिण में भवन सं. बी 266 स्थित है। भवन स्वामी द्वारा रजिस्ट्री बैनामा के फलस्वरूप क्रेता द्वारा उक्त भवन का गृहकर अपने नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत रजिस्ट्री बैनामा दि. 18.12.2023, दा.खा. आदेश दि. 31.10.2025, आवेदक का आधारकार्ड (सं.-2520 1684 2417), गृहकर रसीद की छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र मय प्रार्थना पत्र दि. 06.11.2025 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण/संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों से, पूर्व भवन स्वामी श्री रवि भूषण पुत्र स्व. ओम प्रकाश का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक जया रोलस्टन पुत्री श्री कन्हई सिंह के नाम नामान्तरण/संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुस्लिम समाज को सौंपी जाए खेड़ा ईदगाह भूमि की भूमि

- ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में किया उपवास
- अंकिता हत्याकांड की भी कड़े शब्दों में निंदा की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शासन प्रशासन व नगर निगम से अधिकृत की गई खेड़ा ईदगाह भूमि को वापस मुस्लिम समाज को सौंपने और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति द्वारा गांधी पार्क में आयोजित सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों, सामाजिक संगठनों व राजनैतिक दलों से जुड़े सैकड़ों लोगों की। जिसमें सभी वक्ताओं ने एक स्वर से अंकिता हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस घटना में शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा दिलाने की प्रदेश सरकार से मांग की। कार्यक्रम के दौरान अनेक वक्ताओं ने अंकिता भंडारी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देकर किया।

वक्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लम्बा समय बीत जाने के बाद भी कई आरोपी आज भी बेखौफ बाहर घूम रहे हैं। इस मामले में सोशल मीडिया में भी कुछ नाम सामने आये। लेकिन उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंकिता के माता पिता लगातार सरकार से न्याय की गुहार लगाकर दोषियों को सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री ने मामले की सीबीआई जांच कराने की स्वीकार की है जो स्वागत योग्य है। अनेक वक्ताओं ने खेड़ा में ईदगाह की करीब 8 एकड़ भूमि को निगम प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में लिए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां पिछले कई दशकों से मुस्लिम समाज के लोग नमाज अता करते आ रहे हैं। अब पर्याप्त स्थान न होने के कारण नमाज अता करने में परेशानियां आयेंगी।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के विकास में मुस्लिम समाज का भी हमेशा योगदान रहा है। उन्हें इस सुविधा से वंचित न किया जाये। कार्यक्रम को अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस दौरान लोगों द्वारा कौमी एकता व अंकिता को न्याय दिलाने के लिए निरंतर नारेबा. जी भी की जाती रही। कार्यक्रम को पार्षद परवेज कुरैशी, रिजवान, अश्फाक अहमद, इरशाद अहमद, शिवदेव सिंह, मुकुल, कैलाश भट्ट, वाहिद मियां, उमर अली, नूर अहमद, साजिद खान, मानवाधिकार संगठन के अमरजीत सिंह, गायत्री परिवार के उपेन्द्र राय, छात्रसंघ के चेतन भट्ट, मजहर रिजवी आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस दौरान अनीसा बेगम, सुनहरा, मुन्नी, अफसना, यासमीन, भूरी, शमीम बेगम, डा. शाहिद रजा, अजीज खान, रणजीत राणा, सद्दाम हुसैन अंसारी, मजहर रिजवी, सुरेन्द्र सिंह, जयदेव चन्द, सलीम अहमद, अख्तर अली, दिनेश कुमार, सुनीता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। आयोजन स्थल के आस पास भारी संख्या में पुलिस बल भी मुस्तैद दिखाई दिया।

## मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आज कांग्रेसियों ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में अम्बेडकर पार्क में धरना दिया और केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया।

ममता रानी ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने देश में गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा योजना प्रारंभ की थी। जिसका लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा था। इस योजना के तहत 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया था। लेकिन अब केंद्र की भाजपा सरकार ने बदले की भावना के तहत मनरेगा का नाम बदल दिया है। जिससे प्रतीत होता है कि वह देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार गरीबों के हितों के साथ कुठाराघात कर रही है और सिर्फ नाम बदलने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब भली भांति समझ चुकी है कि भाजपा सरकार आम जनता के साथ न्याय नहीं कर सकती और अपने स्वार्थ के लिए महापुरुषों का अपमान कर रही है। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, डा. अजय सिंह, अनिल शर्मा, इंद्रजीत सिंह, सतीश कुमार, सीपी शर्मा, सरोज रानी, उमा सरकार, कुंवरपाल कोली, मोहन भारद्वाज, राजेंद्र गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, कमल चुघ, मनोज पालीवाल, नवीन खेतवाल, जयदेव सिंह, प्रकाश शर्मा, रामस्वरूप भारती, सोनू समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।

## एक नजर

### धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के ठाकुर नगर में आपसी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक को घेरकर उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के पिता ने मुख्य आरोपी सहित उसके साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

विवेक नगर निवासी जगदीश शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र प्रिंस आठ जनवरी की रात करीब नौ बजे संजय नगर में किसी व्यक्ति को पैसे देने जा रहा था। जैसे ही वह ठाकुर नगर पहुंचा, वहां पहले से घात लगाकर बैठे राजा कॉलोनी निवासी अनुराग उर्फ पडडा, सुमित और उनके अन्य साथियों ने प्रिंस को रोक लिया। आरोपियों ने पहले प्रिंस के साथ गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच अनुराग ने जान से मारने की नियत से प्रिंस के सिर पर किसी धारदार वस्तु से जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे अंशु गुप्ता और अन्य स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर प्रिंस को बचाया। इस दौरान आरोपी प्रिंस को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल प्रिंस को रात में ही जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। 10 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित के पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। उन्होंने बताया कि पुत्र के उपचार में व्यस्त होने के कारण वह रिपोर्ट दर्ज कराने में विलंब कर बैठे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### चाकू सहित एक अभियुक्त को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। खटीमा पुलिस ने गस्त के दौरान देर शाम खटीमा इस्लामनगर नूरी मस्जिद वार्ड नंबर 6 निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र रहीम बख्शी 26 वर्ष को संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए पकड़ा। वहीं पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद चाकू बरामद हुआ जिस आधार पर पुलिस द्वारा एफआईआर संख्या 12/2026 धारा 25 (1बी)आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कारवाई की गई।

### खटीमा खेल मलखंभ का पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर नई-नई योजनाएं एवं पहल की जा रही हैं, ताकि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन, प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध हो सके और वे खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकें।

इसी क्रम में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उधम सिंह नगर द्वारा खेल महाकुंभ मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी के अंतर्गत वन चेतना खेल मैदान चकरपुर में आयोजित मलखंब प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता निभाई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया तथा अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं उन्हें निरंतर मेहनत, समर्पण और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ऐसे आयोजनों से न केवल खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलती है, बल्कि युवा पीढ़ी को स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा भी मिलती है। वहीं पालिका अध्यक्ष के साथ सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा भी मौजूद रहे।

### घर के भीतर निकला कोबरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के ग्राम हरसान स्थित सफेदपुरी में उस समय हड़कंप मच गया, जब राजेंद्र उर्फ पप्पू डोगरा के घर के भीतर अचानक एक कोबरा सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही परिवार के सदस्य और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई तथा लोग दहशत में आ गए।



सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मी कमलेश पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरी सावधानी और कुशलता के साथ कोबरा सांप का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से पकड़ लिया और बाद में जंगल में छोड़ दिया। वन विभाग की इस त्वरित और सराहनीय कार्रवाई से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

### नौ हजार लीटर लहन नष्ट कर अवैध शराब की भट्टी तोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देशों पर तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली बाजपुर पुलिस ने ग्राम सेमल हरसान क्षेत्र में संचालित अवैध शराब की भट्ठी पर छापेमारी कर उसे ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई में पुलिस ने झाड़ियों के बीच चल रही अवैध शराब की भट्ठी को नष्ट करते हुए मौके से करीब 8500 से 9000 लीटर लहन एवं कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरणों को नष्ट किया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस अभियान में पुलिस टीम में उप निरीक्षक संदीप शर्मा (चौकी प्रभारी बरहनी), हेड कांस्टेबल प्रहलाद सिंह, कांस्टेबल सुरेश सिंह एवं कांस्टेबल कमल सिंह शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी लगातार जारी रहेंगी और अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लाखों की अफीम के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी एक युवक को एक किलो से अधिक अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है।

चौकी आदर्श कॉलोनी के उपनि. रीक्षक जीवन सिंह अधिकारी पुलिस बल के साथ शनिवार को प्रीत विहार नंबर 2 को जाने वाली बारादरी रोड तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) के हेड कांस्टेबल भुवन पांडे और कांस्टेबल विनोद खत्री भी सुरागकशी करते हुए वहां पहुंच गए। चेकिंग के दौरान शाम लगभग पौने छह बजे एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर मोटरसाइकिल नंबर यूपी25ईबी 7986 को रोक लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम विनीत आर्या पुत्र रमेश आर्या, निवासी ग्राम अंजनी, तहसील आंवला, जिला बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसकी जैकेट के अंदर से दो पारदर्शी पन्नियों में छिपाकर रखा गया एक किलो 62 ग्राम अफीम (पन्नी सहित) बरामद हुआ। पन्नी का वजन घटाने पर शुद्ध अफीम का वजन एक किलो 32 ग्राम पाया गया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह यह अफीम बरेली से लाया है, हालांकि वह मुख्य सप्लायर के नाम का खुलासा नहीं कर सका। पुलिस ने मौके पर ही ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी कर बरामद माल को सील किया। पुलिस ने अभियुक्त विनीत आर्या को धारा 8/18/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में उपनि. रीक्षक जीवन सिंह अधिकारी के साथ कांस्टेबल महेंद्र कुमार, पूरन राम और एएनटीएफ की टीम शामिल रही। पुलिस अब इस मामले में आगे की कड़ियां जोड़ रही है, ताकि बरेली से चल रहे इस नशा तस्करी के नेटवर्क का पूरी तरह पर्दाफाश किया जा सके।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दमन एवं दीव, दादरा और नगर हवेली में 5 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया।

पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में भाग ले रहे उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने दो पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तराखंड के 5 सीनियर महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने पेंचक सिलाट खेल में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान ईशु भारती ने 50-55 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया, जबकि चेतन प्रजा. पति ने 70ख्र75 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर प्रदेश को बड़ी सफलता दिलाई। उत्तराखंड टीम के लिए चीफ डी मिशन रविंद्र भंडारी एवं नोडल अधिकारी अनुप बिष्ट को उत्तराखंड सरकार द्वारा नियुक्त किया गया था। टीम के मुख्य कोच बब्लू दिवाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह खेलो इंडिया बीच गेम्स का दूसरा संस्करण था, जिसमें देश के 31 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पेंचक सिलाट, सेपक टकरा, ओपन वाटर स्विमिंग, सॉकर, कबड्डी और वॉलीबॉल सहित कुल 6 खेलों का आयोजन किया गया, जबकि मल्लखंभ और टग ऑफ वॉर को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया। उत्तराखंड से पेंचक सिलाट और कबड्डी के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। रविवार को कोच बब्लू दिवाकर ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से उत्तराखंड के पेंचक सिलाट खिलाड़ी खेलो इंडिया बीच गेम्स में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले वर्ष खिलाड़ियों ने 4 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को सम्मान दिलाया था। इस वर्ष भी प्रतियोगिता के समापन तक दो महत्वपूर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## स्मैक बेचने वाली दो महिलाओं को दबोचा



- दोनों के कब्जे से 17.2 ग्राम स्मैक की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते टीम ने दो महिला नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाओं का चालान कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

रविवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चौकिंग के दौरान दो महिला तस्करों को उनके घर के पास से ही गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने दोनों महिलाओं के कब्जे से 17.2 ग्राम स्मैक तलाशी के दौरान बरामद की है।

पुलिस पूछताछ में दोनों महिलाओं ने अपना नाम गुरमीत कौर उर्फ मीतो पत्नी जसवंत सिंह व किरनदीप कौर पत्नी अंग्रेज सिंह निवासी नौगजा कल्याणपुर नानकमत्ता बताया है। दोनों महिलाओं के विरुद्ध पुलिस नारकोटिक की धारा 8/21 के तहत अभियोग पंजीकृत कर चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक मनोज जोशी, सिपाही नवीन जोशी, महिला सिपाही बबीता रानी शामिल हैं।

## फैक्ट्री परिसर में घुसने का प्रयास करता दिखा तेंदुआ, दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पॉलिप्लेक्स फैक्ट्री के परिसर में एक खूंखार वन्य जीव तेंदुआ घुसने का प्रयास करता हुआ दिखाई दिया। जिससे फैक्ट्री में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। तेंदुए के दिखते ही फैक्ट्री प्रबंधन ने एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई।

घटना की सूचना तुरंत वन विभाग की टीम को दी गई। बताया जा रहा है कि तेंदुए का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो के वायरल होने के बाद क्षेत्र में लोगों की चिंता और बढ़ गई है। वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, सतर्क रहें और तेंदुए के दिखाई देने की स्थिति में तुरंत प्रशासन या वन विभाग को सूचना दें।

## पशुपालकों की दूध खरीद के रेट बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गूलरभोज।** रविवार को दुग्ध संघ की ओर से स्वच्छ दूध उत्पादन को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें दुग्ध संघ और सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पशुपालकों ने दूध खरीद के रेट बढ़ाने की मांग उठाई। संतोष नगर दुग्ध समिति में आयोजित गोष्ठी में उत्पादकों को स्वच्छ दूध उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराया गया। दुग्ध संघ के निदेशक चंद्रशेखर द्विवेदी ने बताया कि सरकार द्वारा साइलेज, भूसा, कैल्शियम और मिनरल मिक्सचर पर दिए जा रहे अनुदान का पशुपालकों को लाभ उठाना चाहिए। वहीं डॉ. केएल यादव ने पशु प्रबंधन से जुड़ी जानकारियां दीं।

इस दौरान समिति सचिव आरिफ, मनोहर लाल, जगत सिंह, नवीन सुयाल, हरपाल सिंह, वीरेंद्र यादव, गुरप्रीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कौतिक उत्तरायणी मेले को लेकर सौंपी जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पर्वतीय महासभा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक विद्या निक. तन विद्यालय हरिपुरा में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में आगामी कौतिक उत्तरायणी मेले के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए।



बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले का उद्घाटन बहादुर सिंह कुंवर, रमेश पंत,उम्मेद सिंह डोबाल,केसर राम आर्य, सूबेदार भगवान सिंह दानू तथा हरि दत्त जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। अतिथियों एवं पत्रकार दीर्घा की बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी वीरेन्द्र विष्ट एवं कन्नू जोशी को सौंपी गई है। वहीं मेले हेतु सहयोग राशि एकत्र करने का कार्य डॉ. मोहन पाण्डे एवं कमल प्रकाश जोशी द्वारा किया जाएगा। मेले के दौरान क्षेत्रीय समन्वय एवं दिशा-निर्देश देने की जिम्मेदारी एन.डी. जोशी,अशोक पंत, उमा जोशी,प्रमोद जोशी एवं पूरन सिंह विष्ट को दी गई है। मंच संचालन की व्यवस्था प्रेम मुनगली एवं मंजू ममगाई द्वारा संभाली जाएगी। पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश प्रमोद जोशी द्वारा दिए जाएंगे। साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि 25 स्मृति चिन्ह उमा जोशी के सहयोग से तैयार करवाए जाएंगे। जिनका भुगतान पर्वतीय महासभा समिति द्वारा किया जाएगा।बैठक में सभी सदस्यों ने मेले को भव्य एवं सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## प्रगतिशील महिला एकता मंच ने जुलूस निकाला

### अंकिता भंडारी को न्याय की मांग को लेकर रामनगर में धरना-प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रगतिशील महिला एकता केंद्र द्वारा अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए लखनपुर चुंगी पर धरना-प्रदर्शन कर शहर में जुलूस निकाला गया।11 जनवरी को उत्तराखंड बंद के आह्वान पर आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भारी जन दबाव में धामी सरकार को अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की संस्तुति करने पर मजबूर होना पड़ा है, लेकिन यह जांच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में ही होनी चाहिए।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा की ही सरकार है।जिस दुष्यंत कुमार गौतम उर्फ 'गट्टू' का नाम वीआईपी के खुलासे के रूप में सामने आ रहा है वह भाजपा का राष्ट्रीय स्तर का नेता है। ऐसे में केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली सीबीआई पर खुद जनता और जन आंदोलन की निगरानी बेहद जरूरी है ताकि जांच निष्पक्ष हो और सभी अपराधी जेल की सलाखों के पीछे जाएं। वक्ताओं ने अंकिता भंडारी को न्याय के लिये आवाज उठा रही अल्मोड़ा की सामाजिक कार्यकर्ता भारती पांडे को सोशल मीडिया पर मिल रही यौन हिंसा की धमकियों की भी कड़ी भर्त्सना की। वक्ताओं ने ऐसे असामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग करते हुये कहा कि यह घटना दिखलाती है कि हमारे समाज में बेटियां कितनी असुरक्षित हैं।

कहा कि उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में लड़कियों-महिलाओं के प्रति यौन हिंसा लगातार बढ़ रही है। खुद सत्ताधारी पार्टी से जुड़े बृजभूषण सिंह, कुलदीप सेंगर, प्रज्वल रेवन्ना जैसे अनेक नेता और सत्ता का संरक्षण पाये चिन्मयानन्द स्वामी, आसाराम बापू जैसे अनेक हाई प्रोफाइल साधु लड़कियों-महिलाओं के यौन शोषण में संलिप्त पाये गये हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार सार्वजनिक रूप से एक महिला चिकित्सक का हिजाब खींच देते हैं।सत्ता से जुड़े लोगों द्वारा बेहूदा बयानबाजी कर भी महिलाओं का अपमान किया जाता है।

यह सब दिखाता है कि आज के दौर में सत्ता, राजनीति और राजनी. तिक पार्टियां किस कदर खराब हो चुकी हैं। इस दौरान प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंवाल,इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं राज्य आंदोलनकारी नवीन नैथानी, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के मो. आसिफ, चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति के लाखन सिंह चिलवाल, प्रगतिशील जन एकता मंच के लालमणी, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के चन्दन, सामाजिक कार्यकर्ता पी सी जोशी,एडवोकेट पूरन चंद्र पांडे आदि सैकडो की तादाद में लोग मौजूद रहे।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें

## रुद्रपुर ने कालाढूंगी को हरा सेमीफाइनल में बनाई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सांसद स्तरीय खेल महाकुंभ 31वीं वाहिनी पीएसी परिसर में रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान बालक वर्ग की अंडर-14 और अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। रुद्रपुर ने कालाढूंगी को हरा सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे दिन की प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि विधायक शिव अरोरा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना एवं अनुशासन के साथ खेलने का आह्वान किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह रावत ने अतिथियों का बैज लगाकर एवं टोपी पहनाकर स्वागत किया। अंडर-19 बालक वर्ग में विधानसभा गदरपुर ने विधानसभा नैनीताल को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

गदरपुर की ओर से अभिजीत मलिक ने निर्णायक गोल किया। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में विधानसभा रुद्रपुर ने विधानसभा कालाढूंगी को 3-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रुद्रपुर की ओर से रितेश ने दो और गौरांश ने एक गोल किया। मैचों में दिनेश सिंह, खेल समन्वयक इंस्पेक्टर योगेन्द्र देव, एसआई होशियार बोहरा एवं हेड कांस्टेबल कमल सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी यशवंत कुमार सहित खेल अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# रणकोची मंदिर के पुनर्निर्माण को मुख्यमंत्री की बड़ी सौगात

- चम्पावत को 4.57 करोड़ की मंजूरी
- पर्यटन अवस्थापना सुदृढ़ होगी, धर्मिक पर्यटन को मिलेगी नई रफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र रणकोची मंदिर के पुनर्निर्माण और पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए ঘ4.57 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर जिले को बड़ी सौगात दी है। कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड, देहरादून द्वारा प्रस्तुत आगणन के सापेक्ष यह स्वीकृति दी गई है।

परियोजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम किश्त के रूप में कुल स्वीकृत धनराशि का 40 प्रतिशत यानी ঘ1.82 करोड़ जारी किए जाने को भी हरी झंडी मिल गई है। इससे रणकोची मंदिर के संरचनात्मक पुनर्निर्माण, संरक्षण और सौन्दर्यीकरण के कार्यों को गति मिलेगी। योजना के तहत मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। पथ निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाएं, प्रतीक्षालय, संकेतक बोर्ड, पेयजल सहित श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ विकसित की जाएंगी। इससे दर्शन व्यवस्था अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनेगी। रणकोची मंदिर के पुनर्निर्माण और पर्यटन अवस्थापना विकास से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। देश-विदेश से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय स्तर पर होटल, होम-स्टे, परिवहन, हस्तशिल्प, दुकानदारी और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना न केवल चम्पावत की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है, बल्कि रणकोची मंदिर को एक प्रमुख धार्मिक-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर जनपद को राज्य और राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 46 वर्ष बाद लोहाघाट महाविद्यालय में गूंजेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

## 164वीं जयंती पर होगा भव्य आयोजन, युवा चेतना से जुड़ेगा राष्ट्रवादी दर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** मॉडल जिले के सबसे बड़े शैक्षणिक संस्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय, लोहाघाट में 46 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद महामनीषी स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती उनके सम्मान में भव्य एवं भावपूर्ण पुष्पांजलि समारोह के रूप में मनाई जा रही है। महाविद्यालय की स्थापना के पश्चात इसका नाम उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर रखा गया था, किंतु पहली बार इतने व्यापक स्तर पर उनका जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है।

सोमवार, 12 जनवरी को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का ऐतिहासिक महत्व भी है, क्योंकि इसी तिथि को वर्ष 1901 में स्वामी विवेकानंद जी ने मायावती आश्रम में अपना 38वां जन्मदिन मनाया था। इस पुण्य अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वामी जी के विचारों, जीवन-दर्शन और राष्ट्रवादी चेतना को नई पीढ़ी से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम का संयोजन राजनीतिक विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रकाश लाखेड़ा द्वारा किया जा रहा है, जो लंबे समय से स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहे हैं।

डॉ. लाखेड़ा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन और दर्शन पर शोध कार्य भी किया गया है, जिसका उद्देश्य उनके विचारों को आज की युवा पीढ़ी के मन से जोड़ना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता से होगी। इसके पश्चात 11 बजे से 11:15 बजे तक अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। 11:15 से 11:30 बजे तक महाविद्यालय परिसर में स्वामी जी को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

11:30 से 11:40 बजे तक स्वामी विवेकानंद पर आधारित गीत का गायन होगा। 11:40 से 11:50 बजे तक डा. प्रकाश लाखेड़ा एवं डॉ. रेखा मौनी द्वारा लिखित पुस्तक "स्वामी विवेकानंद एवं उनका राष्ट्रवादी दर्शन" का लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद 11:50 से 12:15 बजे तक विश्व प्रसिद्ध प्रबुद्ध भारत पत्रिका के संपादक स्वामी दिव्य कृपानंद महाराज "युवाओ के लिए स्वामी विवेकानंद का संदेश" विषय पर अपना ओजस्वी वक्तव्य देंगे।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में 12:15 से 12:30 बजे तक स्वामी विवेकानंद से संबंधित साहित्य का वितरण किया जाएगा, जिसके बाद कार्यक्रम संयोजक द्वारा प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। इसी अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विगत एक सप्ताह से चल रहे कार्यक्रमों का समापन भी होगा। कार्यक्रम में सिविल जज भवदीप रावते द्वारा भी संबोधन दिया जाएगा।

इस आयोजन में महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. रुचि जोशी को सह-संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम को लेकर महाविद्यालय में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह आयोजन न केवल स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की चेतना जगाने की एक सशक्त पहल भी है।

## एक नजर

# जल निगम व लोनिवि की अनदेखी, संतोषपुर की समस्या बनीं नासूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के ग्राम संतोषपुर में लंबे समय से चली आ रही एक गंभीर जनसमस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभागों का ध्यान आकृष्ट कराया। लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम और लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की उदासीनता के कारण हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। स्थानीय सोशल वर्कर इंद्रजीत सिंह द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए अनेक बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद न तो मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई हुई और न ही ग्रामीणों को कोई राहत मिल पाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे हैं। जबकि समस्या के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे आवागमन और दैनिक जीवन प्रभावित होता है। ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर जल निगम और लोनिवि से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग इस जनसमस्या पर कब तक ध्यान देते हैं या संतोषपुर के लोग यूं ही अनदेखी का शिकार बने रहेंगे।

# मारपीट करने पर दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** दो भाइयों पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शुभम शाह पुत्र संजीव कुमार शाह निवासी ग्राम बलवाटोला गोठा ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ जनवरी की शाम वह अपने दोस्तों के साथ वीरेन्द्र नगर पेट्रोल पम्प के पास खड़ा था। वहां रामपाल व सस्तानंद पुत्र हरी नारायन निवासी ग्राम वीरेन्द्रनगर गोठा आए। दोनों भाई गाली-गलौज कर धमकाने लगे। विरोध करने पर हाथापाई कर मारपीट करने लगे। हाथ के पंच व ईंटों से सिर पर वार कर घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसएसआई राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार वृद्ध को कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के जाफरपुर रोड पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। टक्कर से वृद्ध सड़क पर गिर गया और डंपर उसके पेट को कुचलते हुए फरार हो गया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस के मुताबिक, 70 वर्षीय ध्यान सिंह नेगी पुत्र स्वर्गीय शिव सिंह नेगी निवासी फौजी खेमरी बिलासपुर यूपी पेशे से किसान थे। उनका खेमरी में खुद का खेत है। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। वह रविवार और अन्य दिनों में जाफरपुर और रुद्रपुर आते-जाते रहते थे। रविवार की सुबह भी वह जाफरपुर में लगने वाले बाजार में अपने काम से गए थे। दोपहर करीब ढाई बजे जाफरपुर बाजार से वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। कंटोपा से 100 मीटर आगे बिलासपुर के फौजी खेमरी के लिए एक कट है। जैसे ही वह कंटोपा तक पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह बाइक से नीचे सड़क पर गिर गए। बाइक भी रपटकर सड़क किनारे जा गिरी। वह खुद को संभाल पाते, उससे पहले ही डंपर उनके पेट को कुचलता हुआ चला गया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से गदरपुर की तरफ जा रहे वाहन हाईवे पर ही रुक गये और राहगीरों ने हादसे की सूचना रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। वहीं घटनास्थल पर पहुंची बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था।

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज/शक्तिफार्म।** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गुरुग्राम, उकरौली, टैगोरनगर, नकुलिया और झाड़ी गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। रविवार को आयोजित चौपालों में मंत्री बहुगुणा ने कहा कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र को बाढ़ और भू-कटाव से सुरक्षित रखने के लिए योजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे भविष्य में जन-धन की हानि न हो।

टैगोरनगर और गुरुग्राम में आयोजित चौपालों में किसानों ने पीएम आवास योजना की चौहद्दी और ग्रीष्मकालीन धान की खेती की अनुमति को लेकर अपनी समस्याएं रखीं।

बहुगुणा ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने गुरुग्राम में टाइल्स रोड निर्माण और आगामी बरसात से पहले विद्यालय परिसर में मिट्टी भरान कराने की घोषणा भी की। कहा कि कुछ राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि क्षेत्र में उद्योगों को रोकने के लिए लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं। जनता को ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना की चौहद्दी केंद्र सरकार से जुड़ा विषय है, जो प्रदेशभर की समस्या है और इसके समाधान के लिए सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। नकुलिया और झाड़ी गांवों में ग्रामीणों ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लिए मंत्री बहुगुणा का आभार जताया।

मंत्री ने कहा कि वे लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से सीधे संवाद कर विकास का रोडमैप तैयार कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे।

चौपाल में ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, उदय राणा, लक्खा सिंह, राकेश त्यागी, मुकेश सनवाल, लक्ष्मी मंडल, पूर्व प्रधान शेफाली मंडल, दीपक सरकार, प्राण बढ़ई, दीपक हालदार, पूजा साना, कविता साना, रितेश, मनोज मंडल, कालीपद, सूरज, राजा, विभूति, राम, राजीव, मनोज खान, असित, शिव राय, गोपाल, तुषार, सुदीप, दीपचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 13 जनवरी को सिटी क्लब में आयोजित होगा भव्य लोहड़ी उत्सव

- मुख्य अतिथि के रूप विधायक शिव अरोरा होंगे शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खुशियों और परम्परा के त्यौहार लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम जो 13 जनवरी को रुद्रपुर सिटी क्लब मे आयोजित होगा। जिसको लोहड़ी उत्सव आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा की प्रेरणा व मार्गदर्शन मे आयोजित किया जा रहा है जिसमे मुख्यअतिथि स्वयं विधायक शिव अरोरा होंगे।

कार्यक्रम की रुपरेखा को लेकर आयोजन समिति ने सिटी क्लब मे पत्रकार वार्ता कर कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

इस कार्यक्रम को लेकर हरीश जल्होत्रा, राजकुमार फुटेला,पंकज बांगा, राजेश डाबर, सुखदेव भल्ला केवल बत्रा ने बताया पंजाबी समाज मे लोहड़ी पर्व का खासा महत्व रहता है तो वही कार्यक्रम मे मुख्यातिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा रहने वाले है तो वही कार्यक्रम 13 जनवरी को दोपहर 3 बजे से आयोजित होगा जिसमे मुख्य आकर्षक पंजाब का भंगड़ा टीम, पंजाबी गानों की प्रस्तुति पर कलाकार थिरकगे रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी, गिददा, रणजीत अखाडा का गतका आकर्षक का केंद्र रहेगा, साथ ही अयोजको की ओर से मक्के की रोटी सरसो का साग , चटपटी चाट के साथ पंजाबी स्वादिष्ट व्यंजो की व्यवस्था रहेगी। आयोजन समिति ने सभी लोगो से अपील की इस लोहड़ी उत्सव मे परिवार सहित आये ओर इस कार्यक्रम की भव्यता का आनंद ले। कार्यक्रम भव्य दिव्य होगा। उन्होंने बताया लोहड़ी उत्सव मे क्षेत्र के सभी समाजिक धार्मिक, बुद्धिजीवी व सभी प्रकार के वर्ग कार्यक्रम मे शामिल होंगे।

लोहड़ी उत्सव 3 बजे से प्रारम्भ होगा ओर 5.30 बजे लोहड़ी प्रजलन पूर्ण विधि विधान के साथ किया जायेगा, जहां मुगफली, गजक की मिठास के साथ इस पर्व को मनाया जायेगा। इस दौरान आयोजन कमेटी के संजीव कुमार, उमेश पासरीचा, किरन विर्क, रोनिक नारंग, राजेश पप्पल, मोहित चड्डा, गौरव अरोरा पत्रकार वार्ता मे मौजूद रहे।

# दो लोगों की दम घुटने से मौत

- डंपर के अंदर पेट्रोमैक्स जलाकर सो रहे थे युवक, जांच में जुटी पुलिस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में एक डंपर वाहन के अंदर ठंड से बचने के लिए पेट्रोमैक्स जलाकर सोए दो लोगों की दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के संभल जिले के रहने वाले मोहम्मद इरफान पुत्र रुस्तम उम्र 30 साल और मोहम्मद इकरार पुत्र बूंदू उम्र 35 साल डंपर वाहन के चालक थे। दोनों शनिवार रात को संभल से रामनगर के ग्राम पीरुमदारा स्थित एक स्टोन क्रेशर में उपखनिज सामग्री लेने के लिए आए थे। रविवार तड़के करीब 5 बजे दोनों ने 18 टायरा डंपर में क्रेशर से उपखनिज सामग्री लोड की और वाहन को बाहर खड़ा कर दिया। रविवार सुबह के समय कड़ाके की ठंड ज्यादा होने के कारण दोनों डंपर के केबिन के अंदर ही बैठ गए, ठंड से बचाव के लिए उन्होंने पेट्रोमैक्स जलाया और वाहन के शीशे बंद कर लिए। इसी दौरान पेट्रोमैक्स से निकलने वाली गैस के कारण दोनों बेहोश हो गए और उन्हें इसका कोई अंदाजा नहीं लग पाया।

रविवार दोपहर के समय जब साथ में मौजूद अन्य लोगों ने दोनों को आवाज दी, तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली,शक होने पर डंपर के शीशे तोड़े गए, तो देखा गया कि दोनों अंदर बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे। आनन-फानन में मोहम्मद इरफान और मोहम्मद इकरार को बाहर निकालकर रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. कृतिका ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर दोनों की मौत दम घुटने से हुई प्रतीत हो रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद,एसआई सुरभि राणा पुलिस बल के साथ सरकारी अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि दोनों का पंचनामा भरकर शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।सोमवार सुबह सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।उधर, मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक मोहम्मद इरफान के बड़े भाई मोहम्मद असलम ने बताया कि दोनों मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे और इस तरह की घटना ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। उन्होंने बताया कि उसके भाई इरफान के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं और तीनों पुत्रियां हैं और जबकि मृतक मोहम्मद इकरार के चार बच्चे,एक पुत्र और तीन पुत्रियों है और सात भाई बहन थे।

# नगर कीर्तन की रंजिश में जानलेवा हमला

- गंडासे से वार, युवक की हालत गंभीर
- दिनेशपुर क्षेत्र में सरेआम खूनी संघर्ष
- कार से कुचलने की कोशिश के बाद सामूहिक हमला
- गदरपुर चेयरमैन के पुत्र सहित कई युवकों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गदरपुर/दिनेशपुर।** क्षेत्र में नगर कीर्तन के दौरान शुरू हुई रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। दिनेशपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदखेड़ा नंबर-2 निवासी सरबजीत सिंह के पुत्र अर्शदीप सिंह पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 10 जनवरी की सायं करीब 8 बजे की बताई जा रही है, जब अर्शदीप सिंह अपने भाई आकाशदीप सिंह के साथ धौलपुर स्थित करतार हवेली में खाना खाने थार वाहन से पहुंचे थे।

बताया गया कि जैसे ही वे होटल पहुंचे, उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंका गया। अर्शदीप सिंह के वाहन से उतरते ही बोलेरो कैम्पर चालक ने जान से मारने की नीयत से उन्हें गाड़ी से टक्कर मारने की कोशिश की, जिससे वे गिर पड़े। इसके बाद पहले से घात लगाए बैठे बख्शीश सेतिया, तरन चीमा, रवताज औलख, शोबिन बत्रा, देवांश गुम्बर, अनमोल रल्हन सहित 7-8 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों, कृपाण, गंडासे और एक हमलावर के हाथ में मौजूद बंदूक से अर्शदीप सिंह पर हमला कर दिया। आरोप है कि बख्शीश सेतिया ने गंडासे से सिर पर वार किया, जिससे अर्शदीप के सिर में गंभीर चोट आई। इसके अलावा बाएं हाथ में गंभीर फ्रैक्चर सहित शरीर पर कई चोटें आईं। हमलावरों ने भाई आकाशदीप की गाड़ी पर भी हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घटना की जड़ 6 जनवरी को गदरपुर में नगर कीर्तन के दौरान हुई कहासुनी बताई जा रही है, जहां पहले भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। घायल को पहले गदरपुर सरकारी अस्पताल, फिर जिला अस्पताल रुद्रपुर और बाद में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है और हालत चिंताजनक बनी हुई है। पिता सरबजीत सिंह ने इलाज में व्यस्त रहने के कारण देरी से थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुर्सी की गर्मी! गदरपुर के चेयरमैन पुत्र की दबंगई, थाने तक पहुंचा मामला

**गदरपुर।** नगर पालिका गदरपुर चेयरमैन के पुत्र द्वारा किए गए कथित झगड़े ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। आरोप है कि मामूली विवाद ने उग्र रूप ले लिया, जिसमें चेयरमैन पुत्र सहित कई लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएँ हैं और विपक्ष ने इसे सत्ता की हनक से जोड़कर घेरना शुरू कर दिया है। मामला सार्वजनिक होते ही चेयरमैन की भी जमकर फजीहत हुई। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है, वहीं प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने की बात कह रहा है।



# क्यूड़ी दशज्यूला में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि की दूरस्थ ग्राम पंचायत क्यूड़ी दशज्यूला को नशामुक्त बनाने की दिशा में ग्रामीणों ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। ग्राम पंचायत की सार्वजनिक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब गांव में किसी भी तरह शराब का सेवन, बिक्री एवं शादी-विवाह सहित सभी सामाजिक आयोजनों में मदिरा परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रविवार को आयोजित बैठक में यह भी तय किया गया कि यदि कोई व्यक्ति इस निर्णय का उल्लंघन करता पाया गया तो उस पर 21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही सामाजिक बहिष्कार जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि इस फैसले से गांव में शांति, सामाजिक समरसता और पारिवारिक सौहार्द को मजबूती मिलेगी। ग्राम प्रधान चंदा देवी ने कहा कि शराब के कारण गांव में कई बार पारिवारिक कलह और विवाद की स्थिति बनी रहती है। यह निर्णय महिलाओं और बच्चों के हित में लिया गया है। हमें विश्वास है कि इससे गांव का माहौल बेहतर होगा। ग्रामीण महिला पूनम देवी ने कहा कि शराबबंदी से युवाओं को सही दिशा मिलेगी और वे नशे से दूर रहकर शिक्षा व रोजगार की ओर ध्यान देंगे। गांव को नशामुक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण रावत ने निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि शराबबंदी से घरेलू हिंसा और आपसी झगड़ों में कमी आएगी। कहा कि यह फैसला गांव की महिलाओं के लिए राहत लेकर आया है। ग्राम पंचायत के इस फैसले का ग्रामीणों ने खुले दिल से स्वागत किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी ग्रामीणों से नियमों का पालन करने और क्यूड़ी दशज्यूला को पूर्ण रूप से नशामुक्त गांव बनाने में सहयोग की अपील की है।



## स्मैक के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में 9.78 ग्राम अवैध स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेष किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना विकासनगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बीती सांय 5 बजे चैकिंग के दौरान स्थान अम्बाडी डाकपत्थर क्षेत्र से आरोपी इंतजार उर्फ जादू पुत्र सलीम निवासी बस अड्डे के पास जीवन गढ़ थाना विकासनगर को 9.78 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना विकासनगर में अन्तर्गत एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 'दोषियों को मिले निर्भया हत्याकांड जैसी सजा'

## अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को लेकर रुद्रप्रयाग जनपद में दिखा बंद का व्यापक असर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रूद्रप्रयाग।** पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। रुद्रप्रयाग बाजार से लेकर अन्य कस्बों एवं ग्रामीण बाजारों तक अधिकांश प्रतिष्ठान बंद रहे।

व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर न्याय की मांग को बुलंद किया। रुद्रप्रयाग में सुबह 11 बजे के बाद व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। बंद के दौरान व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि अंकिता भंडारी के साथ घोर अन्याय हुआ है और उसके दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने दोषियों को निर्भया हत्याकांड जैसी सजा देने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों में फांसी ही एकमात्र सजा होनी चाहिए। व्यापारियों ने कहा कि पहाड़ की बेटी के साथ हुई इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। दोषियों को कठोरतम दंड देकर ही समाज में न्याय और विश्वास बहाल हो सकता है। व्यापारी देवेंद्र चमोली, जीतार सिंह, राजेंद्र नौटियाल, नवीन पहाड़ी, अंकित राणा ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए समस्त व्यापारी पूरी तरह एकजुट हैं और जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। व्यापारियों ने यह भी कहा कि जो भी लोग इस मामले में बेटी अंकिता के साथ खड़े नहीं हैं, उन्हें बाबा केदारनाथ, मां काली व धारी देवी सद्बुद्धि दें, ताकि भविष्य में कोई भी बेटी इस तरह की दरिंदगी का शिकार न हो। बंद के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही और लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग को लेकर विरोध किया।

# आदेशः हाई कोर्ट में शीत अवकाश में भी सम्पादित होंगे न्यायिक कार्य

## लंबित तथा तत्काल सुनवाई वाले मामलों का होगा निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शीतकालीन अवकाश-2026 के दौरान न्यायिक कार्यों के संपादन के संबंध में एक नया आधिकारिक आदेश जारी किया है। मुखय न्यायाधीश के निर्देशों के अनुसार वादियों के व्यापक हित को देखते हुए पूर्व में जारी कार्यालय आदेशों में आंशिक संशोधन किया गया है। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि अवकाश की अवधि में भी आवश्यक न्यायिक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चलती रहें। नए दिशा-निर्देशों के तहत अवकाशकालीन न्यायाधीश शनिवार तथा रविवार और अन्य घोषित अवकाशों को छोड़कर सप्ताह के सभी कार्य दिवसों पर अदालत की कार्यवाही संचालित करेंगे। इस पहल का उद्देश्य शीतकालीन अवकाश के दौरान लंबित या तत्काल सुनवाई वाले मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। न्यायालय परिसर में स्थित फाइलिंग सेंटर के लिए भी स्पष्ट समय सीमा निर्धारित की गई है। वकील और वादी सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 1.30 बजे तक नए मामले दाखिल कर सकेंगे। इस निर्धारित समय के भीतर की गई फाइलिंग को ही आधिकारिक रूप से स्वीकार किया जाएगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी कार्य दिवस पर फाइल किए गए मामलों को अगले ही दिन अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। यह नई व्यवस्था 13 जनवरी 2026 मंगलवार से प्रभावी होगी जिसके लिए प्रारंभिक फाइलिंग कार्य 12 जनवरी (आज) से ही प्रारंभ किया जा सकता है। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी इस आदेश की सूचना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा सचिव और सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है, साथ ही आईटी विभाग को इसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सभी संबंधित पक्षकारों को समय पर जानकारी मिल सके।

# ट्रैपो ट्रैवलर गिरा खाई में, दो गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल के बोहराकून में रविवार को एक टेंपो ट्रैवलर 50 फीट खाई में गिर गया। टैंपो ट्रैवलर के गिरने से उसमें सवार दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।



टैपो ट्रैवलर में 27 लोग सवार बताएं जा रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैपों ट्रैवलर नंबर डीडी 01एक्स 9181 रविवार की शाम को करीब तीन बजे भीमताल से हल्द्वानी को जा रहा था कि वह बोहराकून में अनियंत्रित होकर 50 फीट गहरी खाई में जाकर पेड़ से टकराकर रुक गया। टैपो ट्रैवलर में 27 यात्री जिसमें 24 बच्चे, दो वयस्क तथा एक चालक सवार थे। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में चोटिल दो वयस्क व 16 बच्चों का सीएचसी भीमताल में उपचार कराया गया जिसमें से 4 बच्चों को अन्य परीक्षण व उपचार के लिए सुशीला तिवारी हल्द्वानी भेजा। इन बच्चों में से भी दो बच्चों को गंभीर चोटे आयी जिनके नाम देवा व अंशुल (दोनों की आयु 16 वर्ष) बताए जा रहे हैं, को उपचार के लिए हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रैफर कर दिया गया है बाकी अन्य लोग सामान्य बताए जा रहे हैं। ट्रैपो टैवलर में बैठे सभी छात्र गाजियाबाद के बताए जा रहे हैं।

## एक नजर

### नैनी झील में ग्रामीण महिला ने लगाई छलांग

**नैनीताल।** नैनी झील में एक महिला की ओर से छलांग लगाने का मामला सामने आया है। मामले में नाव चालकों की मदद से पुलिस ने बामुश्किल महिला को नैनी झील से किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नैनीताल के समीपवर्ती नैना गांव निवासी विनीता कोहली ने रविवार सुबह तल्लीताल से नैनी झील में नौकायन हेतु नाव किराये पर ली। नौका चालक महिला को नौकायन करा ही रहा था कि इस दौरान पाषाण देवी मंदिर के समीप महिला ने अचानक नैनी झील में छलांग लगा दी। यह देख नाव चालक के हाथ पांव फूल गए। नौकायन करा रहे अन्य नाव चालकों के मदद के पहुंचने के बाद उन्होंने 112 पर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस व नाव चालकों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद महिला को बाहर निकाल नैनी झील के किनारे तक पहुंचाया, जहां महिला ने जमकर हंगामा काटा। मामले में एसआई दीपक कार्की ने बताया कि महिला को पति के सुपुर्द कर दिया गया है। महिला ने नैनी झील में क्यों छलांग लगायी इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

### नैनीताल में उत्तराखंड बंद रहा बेअसर

**नैनीताल।** अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांतिकारी दल की ओर से रविवार को संपूर्ण उत्तराखंड बंद करने करने की रणनीति तैयार की गई थी, सीबीआई जांच की मंजूरी की मिलने से नैनीताल की सभी बाजार अन्य दिनों की तरह यथावत खुले रहे। बता दें यूकेडी की ओर से अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच को मुख्यमंत्री की ओर से स्वीकृति मिलने पर यूकेडी ने अपना उत्तराखंड बंद का करने के निर्णय को वापस ले लिया जिसके चलते नैनीताल की संपूर्ण बाजार रोज ही की तरह खुली रही। तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन साह ने बताया कि नैनीताल की संपूर्ण बाजार रोज भांति खुली रही किसी भी प्रकार से बाजार बंद नहीं रहा वहीं मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी ने बताया कि बाजार पूर्ण रूप से खुली रही।

### सीएम ने परिवार की पीड़ा को समझाः गज़ाला

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद की सूखाताल वार्ड की सभासद व भाजपा नेत्री गजाला कमाल ने अंकिता भंडारी प्रकरण में सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से सीबीआई जांच की स्वकृति हेतु उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अंकिता भण्डारी प्रकारण में सीबीआई जांच की स्वकृति प्रदान कर सीएम धामी ने केवल एक पीड़ित परिवार की पीड़ा को समझा बल्की देवभूमि उत्तराखण्ड की असंख्य बेटियों तथा माताओं और बहनों के मन में न्याय के प्रति जो विश्वास डगमगा रहा था उसे पनः दृढ़ किया है। कहा कि एक पिता की टूटी हुई उममीदें, एक माँ की आंखों के आंसू और समाज की अन्तर आत्मा, इस सबकी आवाज बनकर सीएम धामी जो निर्णय लिया है वह इतिहास में संवेदनशील नेतृत्व और साहसिक शासन के रूप में सदैव स्मर्णीय रहेगा। कहा कि भाजपा सभासद होने के नाते ही नहीं बल्कि एक महिला और एक नागरिक के रूप में मैं आपको हृदय की गहराईयों से धन्यवाद देती हूँ। आपका यह कदम आने वाली पीढ़ियों को यह विश्वास देगा कि उत्तराखण्ड में बेटी अकेली नहीं है सरकार उनके साथ खड़ी है।



### कर्मचारी परिषद 15 जनवरी से करेगा आंदोलन

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 15 जनवरी से प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि कर्मचारियों की पुरानी एसीपी, गोल्डन कार्ड में विसंगतियों और वेतन विसंगति से जुड़ी समस्याओं को लेकर सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिसके कारण कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश है। समीक्षा बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश कांडपाल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण नहीं हो रहा है। परिषद के वरिष्ठ संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने गोल्डन कार्ड में कैशलेस जांच, ओपीडी में मुफ्त दवाओं की सुविधा और वेतन संगति रिपोर्ट की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नंदा वल्लभ पालीवाल ने एनपीएस के स्थान पर ओपीएस की बहाली और कर्मचारियों को प्रोन्नत वेतनमान के साथ एसीपी लाभ देने की मांग की। परिषद के अन्य नेता चंद्रशेखर सनवाल, शशिवर्धन अधिकारी, रमेश सिंह कनवाल समेत कई कर्मचारी प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे।

### दिनभर चटक धूप, शाम को कड़ाके की ठंड़

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को मौसम का मिजाज बेहद सुहावना रहा। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। मगर शाम होते ही कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई और लोग अलाव तथा आग व हीटर का सहारा लेने को मजबूर हुए। नगर में रविवार की सुबह से ही मौसम सुहावना बना हुआ था। हवा में ठंडक नहीं थी। जिस कारण धूप में खासा ताप रहा। मगर सूर्यास्त के बाद ठंड पड़नी शुरू हो गई तो लोग टोपी मफलर के साथ गर्म ऊनी कपड़ों का सहारा लेने को मजबूर हो गए। घरों में हीटर के सहारे ठंड से राहत मिली। इस बीच नगर पालिका द्वारा जलाए अलाव सेखते नजर आए। इधर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अधिक ठंड पड़ रही है। नगर के निचले और ऊपरी क्षेत्रों के तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस का अंतर बना हुआ है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। **इधर,** वीकेंड के तहत रविवार को सैलानियों की आमद बढ़ने से नगर की रंगत में निखार रहा। रविवार को नगर के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहा।

### जीएनजी क्लब ने 329 रनों से जीता मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग जिला क्रिकेट लीग के तहत जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में जीएनजी क्रिकेट क्लब ने एचसीएफ को 329 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों में 4 विकेट खोकर 549 रन बनाए। टीम की ओर से प्रतीक तिवारी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 165 रन बनाए। वहीं उपेन राजपूत ने 147 रन, लक्ष्य राय चंदानी ने 113 रन तथा कुशाग्र कोरंगा ने 56 रन का योगदान दिया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीएफ की टीम 43वें ओवर में 220 रन पर सिमट गई। शानदार शतकीय पारी के लिए प्रतीक तिवारी को मैन ऑफ-द मैच चुना गया। इस अवसर पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, दिग्विजय कनवाल, मनोज पंत, अमित कांडपाल, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भक्ति केवल शब्द नहीं, जीवन जीने की सजग यात्रा है के विचार के साथ भक्ति पर्व समागम में श्रद्धालुओं को संबोधित किया। समागम का आयोजन संत निरंकारी मिशन द्वारा हल्द्वानी स्थित सतसंग भवन में किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सतगुरु माता जी ने कहा कि भक्ति का वास्तविक रूप आत्ममंथन और जागरूक जीवन जीने में है, न कि नाम का दिखावा या शब्दों में। उन्होंने जीवन में भक्ति को आत्म-सुधार और निःस्वार्थ सेवा से जोड़ते हुए सेवा, सुमिरन और सत्संग के महत्व को बताया। इस अवसर पर मिशन के प्रचारक कर्नल जसबिंदर सिंह जी ने भक्ति की महिमा पर विचार व्यक्त किए और सतगुरु माता जी के जीवन को भक्ति और समर्पण का आदर्श बताया। समागम में संत महापुरुषों के तप, त्याग और ब्रह्मज्ञान के प्रचार का भी स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं ने इस समागम से प्रेरणा लेकर भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय रं लूं ज्या हर्षोल्लास के साथ मनाया

## समारोह में समाज की कई विभूतियों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रं कल्याण संस्था शाखा हल्द्वानी के तत्वावधान में रविवार को रं मिलन केंद्र हल्द्वानी मे अपने समुदाय की रं भाषा एवं संस्कृति की संरक्षण अंतर्राष्ट्रीय रं लूं ज्या बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बता दें 1980 के दशक में स्वर्गीय नंदन सिंह लाला एवं रं विद्वान लोगों द्वारा विचार विमर्श उपरांत रं लिपि बनाए जाने हेतु सममान जनक परितोष की घोषणा करते हुए रंग लिपि की खोज एवं खोज उपरांत है रं लिपि के प्रचार प्रसार आदि हेतु नंदन न्यास का स्थापित की गयी तदोपरांत लिपि के ससमय तैयार न होने पर विगत कुछ वर्षों से रंग कल्याण संस्था द्वारा अपनी भाषा एवं संस्कृति के बचाव और उसके संरक्षण हेतु स्वर्गीय नंदन सिंह लाल के जन्म तिथि पर प्रत्येक वर्ष रं लूं ज्या मनाया जाता है। उक्त दिवस में सिर्फ रं भाषा बोली जाती है। समस्त रं लोगों द्वाराअपने मूल स्थान धारचूला, केंद्रीय शाखा देहरादून, लखनऊ तथा हल्द्वानी, बरेली, पिथौरागढ़ तथा दार्चुला सहित देश के विभिन्न स्थानों में वह देश के बाहर भी बड़े जोश खरोश से संस्कृति कार्यक्रम एवं झांकियां प्रदर्शन के साथ समुह जन द्वारा मिलकर आयोजन करते है। रविवार को हल्द्वानी मे अंतरराष्ट्रीय रं ल्वु ज्या कार्यक्रम आयोजन देव सिंह दरियादल के अध्यक्षता में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. द्रौपदी गर्बियाल, कुसुम गरबयाल, जगदीश सिंह हयांकी, चन्द्र सिंह सिपाल, उत्तम सिंह नबियाल, ईश्वर कुटियाल, राम सिंह, डा. गोविंद तितियाल, जीवन सिपाल तथा सीमा नगन्याल तथा अंजू कुटियाल आदि सम्मिलित रहे। इस दौरान डा. महिमन सिंह दुगताल ने कार्यक्रम की सराहना की।

# शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, तीन बाइकें बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर से चोरी हुई तीन बाइक के मामले में पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की गई तीन बाइकें बरामद की है। पुलिस ने शातिर चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि रामपुर रोड निवासी करनजीत सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह व दीपक राठौर पुत्र सोबिया सिंह भोलानाथ गार्डन ने बीते 7 जनवरी को बाइक चोरी की तहरीर सौंपी। जबकि एक बाइक बनभूलपुरा क्षेत्र से चोरी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने बाइक चोरी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शातिर चोर की तलाश शुरू कर दी। जांच व सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने एक शातिर चोर की पहचान कर उसे मंगलपड़ाव क्षेत्र के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई तीन बाइकें बरामद की। पकड़े गए शातिर चोर ने अपना नाम रिजवान उर्फ आका पुत्र रफीक निवासी वर्मा लाइन मनिहारगोठ थाना टनकपुर जिला चंपावत व हाल निवासी बाबू सैफी शिवाजी कालोनी डहरिया बताया। पुलिस ने शातिर चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव चौकी, हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह, एसआई पुष्कर आर्या, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, राहुल यादव, महबूब अली शामिल थे।

# सड़क सुरक्षा चिंता नहीं चिंतन, सामूहिक कार्रवाई का विषय

## वेबिनार में यातायात नियमों के कठोर पालन और सुरक्षा पर दिया ज़ोर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी के अवसर पर संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर एक विचारोत्तोजक एवं जनहितकारी वेबिनार का आयोजन किया गया। बता दें कि वेबिनार का उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, उनसे होने वाली मृत्यु एवं स्थायी विकलांगता तथा उनकी रोकथाम हेतु जन-जागरूकता और सामूहिक उत्तरदायित्व की आवश्यकता को रेखांकित करना था। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं समाजसेवी वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। प्रमुख वक्ताओं में पद्मश्री डा. बीकेएस संजय गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अध्यक्ष, एमस गुवाहाटी समेत डा. गौरव संजय ऑर्थोपीडिक सर्जन, प्रख्यात लेखक एवं सड़क सुरक्षा कार्यकर्ता डा. एसएन सिंह अध्यक्ष देहरादून ऑर्थोपीडिक एसोसिएशनय तथा डा. राकेश डंगवाल, ब्रांड एंबेसडर एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। अपने संबोधन में पद्मश्री डा. बीकेएस संजय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली चोटें आज के समय की सबसे गंभीर तथा किंतु पूर्णतः रोकी जा सकने वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक हैं। उन्होंने यातायात नियमों के कठोर पालन तथा हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा साधनों के नियमित उपयोग तथा जिम्मेदार सड़क व्यवहार को जीवनरक्षक बताया।

डा. गौरव संजय ने विशेष रूप से युवाओं और कार्यशील आयु वर्ग में सड़क दुर्घटनाओं के शारीरिक तथा मानसिक और आर्थिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार तथा प्रभावी ट्रॉमा केयर और सतत जन जागरूकता से न केवल जीवन बचाए जा सकते हैं बल्कि स्थायी विकलांगता को भी काफी हद तक रोका जा सकता है। डा. एसएन सिंह ने यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने तथा सडक सुरक्षा कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया वहीं डा. राकेश डंगवाल ने सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ी सामाजिक और व्यवहारगत समस्याओं को उजागर करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों तथा संस्थानों और प्रशासन से मिलकर सुरक्षित सड़कों के निर्माण हेतु ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में इस बात पर सहमति व्यक्त की कि निरंतर जन शिक्षा तथा सशक्त नीतिगत समर्थन और स्वास्थ्य विशेषज्ञों, प्रवर्तन एजेंसियों तथा समाज के बीच समन्वित प्रयासों से ही सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में वास्तविक और स्थायी सुधार संभव है। वेबिनार का समापन इस सशक्त संदेश के साथ हुआ कि सड़कों पर जीवन बचाना केवल संकल्प नहीं निरंतर और सामूहिक कार्रवाई की मांग करता है।

# लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का नव सत्र स्वागत समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा नव सत्र के शुभारंभ पर स्वागत समारोह का आयोजन अग्रसेन चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, अनीता अग्रवाल, महासचिव मुकेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल एवं सुमन आशीष जैन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान हाल ही में आयोजित मोमबत्ती दिखाओ माचिस चलाओ प्रतियोगिता के छह विजेताओं को लायंस अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, अनीता अग्रवाल, अनुजकांत अग्रवाल, डा. अनुज, पंकज अग्रवाल एवं राखी अग्रवाल द्वारा बारी-बारी से सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने सभी सदस्यों से नव सत्र में सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सक्रियता व उत्साह के साथ संचालित करने का आह्वान किया।

# मानव-वन्य जीव संघर्ष पर सांसद अजय भट्ट सख्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में लगातार बढ़ रहे मानव-वन्य जीव संघर्ष और वन्य जीवों के हमलों में ग्रामीणों की जान जाने की घटनाओं पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल हर संभव प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सांसद श्री भट्ट ने धारी क्षेत्र के खुटियाखाल देवस्थल निवासी गंगा देवी (35) पत्नी जीवन चंद्र की वन्य जीव के हमले में हुई मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना बताया। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री सचिव एवं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत तथा मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं डा. तेजस्विनी अरविन्द पाटिल धकाते, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। श्री भट्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर तत्काल प्रभावी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने संवेदनशील और प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरों की संखया बढ़ाने, वन कर्मियों की नियमित गश्त तेज करने तथा ग्रामीणों के बीच सामाजिक जन जागरूकता के व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस की बुद्धि-शुद्धि के लिए भाजपाइयों ने किया हवन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और कांग्रेस नेताओं की बुद्धि-शुद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। हवन यज्ञ के दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को विकास के नए आयाम दे रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है, लेकिन कांग्रेस को यह प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस के पास न तो कोई नीति है और न ही कोई सकारात्मक एजेंडा, इसलिए वह केवल विरोध और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक विकास कार्य कांग्रेस को हजम नहीं हो रहे है। इसी बौखलाहट में कांग्रेस जनता के बीच झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। हवन यज्ञ में जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा दीपेंद्र कोश्यारी, दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, प्रदीप बिष्ट, पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, प्रतिभा जोशी, दया किशन पोखरिया, प्रताप रैकवाल, नितिन राणा, रत्नेश साह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट मौजूद रहे।

# मां पाषाण देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव 19 से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर में 19 जनवरी सोमवार से तीन दिनी वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव की कामयाबी के लिए इन दिनों मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट के मुताबिक 19 जनवरी सोमवार को सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन, शिव पूजन के साथ ही रुद्री पाठ होगा जबकि अपराह्न एक बजे से सुंदरकांड के बाद भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण होगा जबकि सांय 7 बजे श्री मां पाषाण देवी की विशेष पंच आरती होगी। इसी तरह 20 जनवरी मंगलवार को सुबह 7 बजे श्री गणेश पूजन के साथ ही पंचागी कर्म, श्री राम चंद्र जी का परिवार पूजन व अखंड रामायण पाठ की शुरुआत होगी जबकि शाम को 7 बजे से पंच आरती के बाद भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण होगा। इसी तरह अंतिम दिन यानी 21 जनवरी बुधवार को सुबह पूजन के बाद अखंड़ रामायण पाठ की समाप्ति के बाद हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन के बाद अपराह्न 2 बजे से श्री मां का समिष्ठ भंडारा शुरु होगा जो देर शाम तक चलेगा। उन्होंने सभी भक्तजनों से तीन दिनी वार्षिकोत्सव समारोह में प्राथमिकता से भागीदारी का आह्वान किया है। भट्ट ने कहा कि वार्षिकोत्सव से संबंधित कोई जानकारी लेनी हो तो भक्तजन उनके मोबाइल नंबर 9897912507 पर संपर्क कर सकते हैं।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरस्वती शिशु मंदिर सभागार बेतालघाट में रविवार को चंदन सिंह बिष्ट के भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनने पर मंडल बेतालघाट आगमन पर भव्य स्वागत अभिनंदन हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा व मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया जबकि महिला मोर्चा ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर वंदे मातरम गाया गया। उसके बाद पूर्व मंडल अध्यक्षों द्वारा जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट का स्वागत किया गया। युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री तारा सिंह भंडारी ने उनको शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। तारा सिंह भंडारी ने बताया कि चंदन बिष्ट काफी संघर्ष से आज अपने जिलाध्यक्ष पद तक पहुंचे हैं। सामान्य परिवार विद्यार्थी परिषद में कार्य करके इससे पहले युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दायित्व भी बखूबी से निभाया उसी का परिणाम है कि आज युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में फिर से नैनीताल जिले के सभी विधानसभाओं में सभी सीट जीतेंगे। युवाओं का बहुत बड़ा योगदान रहता है हर जगह पर युवाओं का बढ़ चढ़कर सहयोग रहता है। कार्यक्रम का संचालन मनोज पड़लिया ने किया। इस दौरान जगदीश नाथ, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह रावत, दलीप बोहरा, नंदी खुलबे, क्षेत्र पंचायत सदस्य सोहित बेलवाल, महेंद्र जैड़ा, रंजीत रावत, कैलाश पंत, हरीश जोशी, जानकी लोहिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंपा जलाल समेत जगत बिष्ट, ललित बोहरा, दयाल दरम्वाल, नंदन सिंह, राजेंद्र रावत तथा अमित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आर्याना सबालेंका ने करियर का 22वां खिताब जीता




● सबालेंका ने 1:18 मिनट में दुनिया की नंबर-26 खिलाड़ी मार्टा कोस्त्युक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल फाइनल में मार्टा कोस्त्युक को हराकर अपने करियर का 22वां सिगल्स खिताब और 2026 का पहला खिताब जीता। सबालेंका ने रविवार शाम को एक घंटे और 18 मिनट में दुनिया की नंबर 26 खिलाड़ी कोस्त्युक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता। कोस्त्युक पर जीत के साथ सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन पूरा किया, जहां उन्होंने अपने पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा।

इससे सबालेंका टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में लगातार खिताब जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं और 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में मैचों में उनका रिकॉर्ड 38 जीत और दो हार हो गया। सबालेंका ने कोस्त्युक की सर्विस तोड़ी, जिन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए तीन टॉप-10 विरोधियों को हराया था, पहले और दूसरे सेट में दोनों में 3-0 की बढ़त बनाई।

यूक्रेनी खिलाड़ी पहले सेट में वापसी करने में कामयाब रही, लेकिन दूसरे सेट में ऐसा नहीं कर पाई, क्योंकि सबालेंका ने बीच में एक ऐस के साथ दो चैंपियनशिप पॉइंट बनाए और पहले ही पॉइंट को एक शक्तिशाली वाइड सर्व के साथ बदल दिया जिसे कोस्त्युक वापस नहीं कर पाई। सबालेंका आगामी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में चार साल में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, जब 18 जनवरी को मेलबर्न में मुख्य ड्रॉ शुरू होगा।

# भारत ने कीवियों को हराया



● विराट कोहली ने 93 बनाए कप्तान गिल ने फिफ्टी, श्रेयस अय्यर ने 49 रनों की पारी खेली

**वडोदरा, वार्ता।** टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से बाजी मारी। इस मैच में विराट कोहली ने एक मैच विनिंग पारी खेली। वहीं, श्रेयस अय्यर ने भी चोट के बाद दमदार वापसी की। टीम इंडिया ने साल 2026 की शुरुआत जीत के साथ की। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से बाजी मारी। ये मुकाबला वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला गया। ये कोटांबी स्टेडियम पर खेला जाने वाला पहला मेंस इंटरनेशनल मैच था। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 300 रन बनाए। टीम इंडिया ने इसके जवाब में 49 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने 49 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में विराट कोहली के बल्ले से एक मैच विनिंग पारी देखने को मिली, उन्होंने 93 रन बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने भी 49 रनों का योगदान दिया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाजों डेवन कॉन्वे (56) और हेनरी निकल्स (62) के अर्द्धशतकों के बीच 117 रनों की ओपनिंग के तूफानी 84 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ रविवार को पहले एकदिवसीय 50 ओवरों में आठ विकेट पर 300 रन का मजबूत स्कोर बना लिया था। मिचेल ने 71 गेंदों में अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। कॉन्वे ने 67 गेंदों में छह चौके और एक छक्का मारा, जबकि निकल्स ने 69 गेंदों में आठ चौके लगाये। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिये। कुलदीप यादव ने 52 रन देकर एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड ने आज तक भारत में कोई भी वनडे सीरीज नहीं जीती है। इस बार भी उनके लिए भारत को भारत में हराना टेढ़ी खीर की तरह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मजबूत लीडरशिप स्वस्थ शरीर से ही संभव: मांडविया

**नई दिल्ली/भोपाल, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया की अगुवाई में आज यहां सुबह छह डिग्री सेल्सियस ठंड में युवा लीडर्स सहित एक हजार से अधिक लोगों ने फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल रैली में भाग लिया। इसमें दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और प्रसिद्ध बैडमिटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद और उभरती हुई अंतर्राष्ट्रीय पहलवान शिवानी पवार भी मौजूद थीं। तीन दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश भर से आए युवा लीडर्स ने भी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 56वें संस्करण में हिस्सा लिया। देश भर में 15 हजार स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल में आयोजित एक मेगा कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के खेल मंत्री सहित कई जाने-माने एथलीटों के साथ साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई।

### टाटा मुंबई मैराथन में शीर्ष इंटरनेशनल धावक हिस्सा लेंगे

**मुंबई, वार्ता।** टाटा मुंबई मैराथन 18 जनवरी को अपने 21वें एडिशन में प्रवेश करेगा, जिसमें कई इंटरनेशनल एथलीट शामिल होंगे जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की रेस में इवेंट रिकॉर्ड को चुनौती देने में सक्षम हैं। वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, मुंबई मैराथन की स्टार्ट लिस्ट में आठ पुरुष और छह महिलाएं हैं, जिनकी पर्सनल बेस्ट टाइमिंग मौजूदा कोर्स रिकॉर्ड से तेज है। मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड 2023 से हैं और पुरुषों की कैटेगरी में इथियोपिया के हेले (2:07:32) और महिलाओं की रेस में एंचियालेम (2:24:15) के नाम हैं। 2026 एडिशन के लिए कुल प्राइज मनी 390,238 डॉलर है। पुरुषों और महिलाओं दोनों की रेस में टॉप तीन फिनिशर्स को क्रमश: 50,000, 25,000 और 15,000 डॉलर मिलेंगे, साथ ही इवेंट रिकॉर्ड तोड़ने वाले एथलीटों को अतिरिक्त 15,000 डॉलर का इंसेंटिव मिलेगा।



# स्वितोलिना ने जीता ऑकलैंड खिताब

वेलिंगटन, वार्ता। टॉप-सीड एलिना स्वितोलिना ने रविवार को अपना 19वां डब्ल्यूटीए खिताब जीता, उन्होंने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एसीबी क्लासिक फाइनल में चीन की वांग शिन्यू को 6-3, 7-6(8) से हराया। 31 साल की यूक्रेनी खिलाड़ी ने सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए, पहले सर्व के 74 प्रतिशत पॉइंट जीते, और मैच का एकमात्र ब्रेक 4-2 पर वांग की सर्विस तोड़कर हासिल किया, जिसके बाद उन्होंने दूसरे सेट का टाईब्रेक जीता। स्वितोलिना ने 2025 के आखिर में चोट के कारण चार मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए डब्ल्यूटीए 250 इवेंट में लगातार पांच मैच जीते। एक घंटे और 42 मिनट तक चले मैच के बाद कोर्ट पर स्वितोलिना ने कहा कि एक और खिताब जीतना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर मेरे लिए साल के बहुत अच्छे अंत के बाद।

# मेदवेदेव-नाकाशिमा ब्रिस्बेन फाइनल में पहुंचे

● दानिल मेदवेदेव ने अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसेन को हराया

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने फाइनल में पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में उन्हें गौरव हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। टॉप सीड और 2019 के रनर-अप ने शनिवार को अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन पर 6-4, 6-2 से कड़े सेमीफाइनल में जीत हासिल करके अपने 41वें टूर-लेवल फाइनल में जगह बनाई।

हालांकि मेदवेदेव ने 27 अनफोर्स्ड एरर किए, लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में सामना किए गए सभी चार ब्रेक पॉइंट्स को कुशलता से बचाया, जिससे उन्होंने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे ज़्यादा फाइनल के लिए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अपनी बराबरी तोड़ी, जो केवल नोवाक जो. कोविच (144) से पीछे हैं। एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। स्कोर मैच को पूरी तरह से नहीं दिखाता है।लेकिन मैं खुश हूं कि सबसे महत्वपूर्ण पलों में, मैं एलेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। मैच जीतने के लिए आपको यही करना होता है।

2025 सीजन के अंत में मेदवेदेव का उत्साहजनक प्रदर्शन, जिसमें अल्माटी में 15 महीने के खिताब के सूखे को खत्म करने से पहले बीजिंग और शंघाई में लगातार सेमीफाइनल शामिल थे, ने 2026 की सकारात्मक शुरुआत के लिए आधार तैयार किया है। वह एक और अमेरिकी ब्रेंडन नाकाशिमा के खिलाफ फाइनल में 2-0 लेक्सस एटीपी हेड2हेड बढ़त के साथ उतरेंगे। इससे पहले, नाका. शिमा ने अपने अच्छे दोस्त अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने चौथे एटीपी टूर फाइनल में जगह बनाई, और 2022 में सैन डिएगो में अपने घर पर पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। इस हफ्ते ब्रिस्बेन में अपने चार मैचों में इस अमेरिकी खिलाड़ी ने एक भी सेट नहीं हारा है। नाकाशिमा ने अपने देशवासी के बारे में कहा कि एलेक्स और मैं असल में बहुत अच्छे दोस्त हैं, हमने पिछले महीने काफी प्रैक्टिस की, इसलिए उसे इन टूर्नामेंट में अच्छा खेलते हुए देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

### वर्ल्ड नंबर-1 शी चोट के कारण बाहर थाईलैंड के विटिडसर्न बने चैंपियन

**कुआलालंपुर, वार्ता।** चीन के वर्ल्ड नंबर 1 शी यूकी रविवार को थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ मलेशिया ओपन फाइनल के दौरान पीठ की चोट के कारण रिटायर हो गए। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन शी दर्द में खेल रहे थे, लेकिन पहला गेम 21-23 से हारने के बाद उन्होंने मैच छोड़ दिया। मैच के बाद उन्होंने कुनलावुत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कुनलावुत हमेशा से बहुत मजबूत खिलाड़ी रहे हैं और अभी दुनिया के टॉप खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके खिलाफ खेलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है, खासकर इस तरह के फाइनल स्टेज पर। महिला सिगल्स फाइनल में, दक्षिण कोरिया की ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग ने चीन की वांग झेई को 21-15, 24-22 से हराया। वांग ने कहा कि दूसरे गेम में उनके पास मैच पलटने के मौके थे, लेकिन अहम पलों में वह चूक गईं। उन्होंने कहा कि जब मैं पिछड़ रही थी, तो मुझे बेहतर टैक्टिकल जवाब देने चाहिए थे। मुझे उम्मीद है कि अगली बार मैं बेहतर प्रदर्शन करूंगी। चीन ने लियू शेंगशु और टैन निग, और फेंग यानझे और हुआंग डोंगपिंग के जरिए महिला डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के खिताब जीते। लियू और टैन ने महिला डबल्स फाइनल में दक्षिण कोरिया की बाएक हा-ना और ली सो-ही को 21-18, 21-12 से हराया।

# वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में गुलवीर सिंह 40वें स्थान पर रहे

**अमेरिका, वार्ता।** भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में सीनियर पुरुषों की दौड़ में 40वें स्थान पर रहे। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टलहासी शहर में शनिवार को हुई इस चैंपियनशिप में 30:39 सेकंड समय के साथ 40वें स्थान पर रहे।

यह गुलवीर सिंह के करियर में क्रॉस कंट्री रेस में उनका दूसरा सबसे अच्छा समय था, इससे पहले उन्होंने दो साल पहले बेलग्रेड में हुई पिछली वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में 30:07 का समय निकाला था। गुलवीर के साथी भारतीय एथलीट सावन बरवाल 31:37 का समय निक. ालकर टलहासी 2026 में 60वें स्थान पर रहे। टोक्यो 2020 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता युगांडा के जैकब किप्लिमो ने 28:18 का समय निकालकर लगातार तीसरा वर्ल्ड क्रॉस कंट्री खिताब जीता।

इथियोपिया के बेरिहू अरेगावी 18 सेकंड पीछे रहे और लगातार तीसरी बार किप्लिमो के बाद दूसरे स्थान पर रहे। केन्या के डेनियल एबेन्यो 28:45 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की सीनियर रेस की एंट्री लिस्ट में 123 एथलीट शामिल थे, जिनमें से 114 ने फिनिश लाइन पार की। इस बीच, मिश्रित रिले स्पर्धा में, भारत के अजय कुमार सरोज, पूजा, यूनुस शाह और अंकिता 24:13 का समय लेकर 12वें स्थान पर रहे। इससे पहले वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में किसी भी भारतीय टीम ने मिक्स्ड रिले स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया था।

# पयास-सिड्रेला ने मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता



● मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में जैन और दास ने हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को हराया

**वडोदरा, वार्ता।** पयास जैन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज 2026 में यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ट्रिपल क्राउन जीतने की कोशिश करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता और रविवार सुबह पुरुष सिगल्स के फाइनल में भी पहुंच गए। वडोदरा में डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज़ का पहला एडिशन, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात ने पेश किया है, टेबल टेनिस एसोसिएशन ऑफ बड़ौदा द्वारा होस्ट किया जा रहा है और यूटीटी द्वारा लागू किया जा रहा है। मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में, जैन और दास ने पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को 8-11, 11-9, 11-3, 11-6 से हराया। इससे पहले, दिल्ली में जन्मे खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आकाश पाल को 11-5, 12-10, 11-9 से हराकर पुरुष सिगल्स के फाइनल में जगह बनाई। पयास जैन, जो अंकुर भट्टाचार्य के साथ पुरुष डबल्स के फाइनल में भी पहुंच गए हैं, अब शीर्ष वरीयता प्राप्त मानुष शाह का सामना करेंगे, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त स्नेहित सुरावज्जुला को 6-11, 11-9, 14-12, 11-5 से हराया। महिला सिगल्स सेमीफाइनल में, अनुषा कुतुंबले ने सातवीं वरीयता प्राप्त सुतीर्था मुखर्जी को 12-10, 11-5, 16-14 से हराया। तीसरे गेम में, अनुषा ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को बदलने से पहले दो गेम प्वाइंट बचाए और कोरिया की रियू हाना के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय किया। बिना वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ी, रियू हाना ने दूसरे सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त सिड्रेला दास को 11-4, 8-11, 7-11, 11-4, 11-9 से हराया।

# रिकलटन के शतक से एमआई केप टाउन ने जेएसके को हराया

● रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में 113 रन बनाए

**सैंडटन, वार्ता।** रयान रिकलटन बेटवे एसए20 में एक से अधिक शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। डिफेंडिग चैंपियन एमआई केप टाउन ने वांडरर्स में खेले गए 'एल क्लासिको' मुकाबले में जोबर्ग सुपर किग्स को 36 रन से हराकर अपने बेटवे एसए20 अभियान को नई जान दी।

रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में नाबाद 113 रन (8 चौके, 9 छक्के) बनाए, जिसकी बदौलत एमआई केप टाउन ने 20 ओवर में 3 विकेट पर विशाल 234 रन बनाए। इसके बाद जॉर्ज लिडे (2/30) और कगिसो रबाडा (2/34) की सटीक गेंदबाज़ी ने सुपर किग्स को 5 विकेट पर 198 रन तक सीमित कर दिया। सलामी बल्लेबाज़ रासी वान डर डुसेन ने भी अहम योगदान दिया और 32 गेंदों में 65 रन (4 चौके, 6 छक्के) जड़े। उन्होंने और रिकलटन ने दो सत्र पहले इसी मैदान पर हुई 200 रन की रिकॉर्ड ओपनिग साझेदारी की यादें ताज़ा करते हुए इस बार भी सिर्फ 10-2 ओवर में 129 रन की तेजतर्रार साझेदारी की। एमआई केप टाउन के पावर-हिटर्स निक. ोलस पूरन और जेसन स्मिथ अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन रिकलटन ने मेहनत को ज़ाया नहीं जाने दिया। उन्होंने नांद्रे बर्गर के ओवर में लगातार बाउंड्री और एक गगनचुंबी छक्का लगाकर महज 55 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। डेथ ओवरों में उन्हें अफग़ानिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी करीम जनत का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 11 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाए। जेएसके की रन-चेज़ उस समय झटका खा गई जब कप्तान डु प्लेसिस बल्लेबाज़ी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके।

# पंत एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए



● ऋषभ पंत अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण हुए बाहर ध्रुव जुरेल को टीम शामिल किया गया

**वडोदरा, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा कि पंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया। इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। हालांकि पंत की चोट भारतीय टीम के संयोजन को अधिक प्रभावित नहीं करती क्योंकि के एल राहुल एकदिवसीय में पहले से ही नियमित विकेटकीपर हैं। हालांकि पंत अच्छे फॉर्म में थे और दिल्ली की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था। उन्होंने इस दौरान छह पारियों में दो अर्द्धशतक लगाए। वहीं जुरेल भी विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पिछली सात पारियों में छह 50 से अधिक के स्कोर बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। उनकी इस बल्लेबाजी से उत्तर प्रदेश की टीम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। पहले एकदिवसीय के बाद वडोदरा से टीमें राजकोट (14 जनवरी) और इंदौर (18 जनवरी) में खेलेंगी, उसके बाद उनका ध्यान पांच मैचों की टी-20 पर रहेगा, जो नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में खेली जाएगी। यह सीरीज टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही । टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल भारत की टी-20 टीम में नहीं हैं।

एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, के एल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वाशिगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

# यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग 2026 से हुई बाहर



**नवी मुम्बई, वार्ता।** गुजरात जायंट्स (जीजी) की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से बाहर हो गई हैं। भाटिया की उपलब्धता को पहले से ही संशय बना हुआ था क्योंकि अक्तूबर में उनकी एसीएल सर्जरी हुई थी। डब्ल्यूपीएल ने नीलामी से पहले ही तमाम फैंचाइजी को सूचित कर दिया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो उनके लिए रिप्लेसमेंट विकल्प नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद जीजी और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगाई और जीजी ने 50 लाख में उन्हें खरीद लिया। जीजी के कोच माइकल क्लिगर ने सोशल मीडिया पर फैंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आप अच्छी होंगी और अच्छी तरह से रिकवर कर रही होंगी। हमें आपके दोबारा फिट होने और डब्ल्यूपीएल के पांचवें सीजन में बेसब्री से आपकी वापसी का इंतजार है।

### खेलो इंडिया विटर गेम्स के लिए आइस हॉकी ट्रायल आज

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के युवा सेवा और खेल विभाग ने आगामी खेलो इंडिया विटर गेम्स 2026 के लिए राज्य की आइस हॉकी टीमों (पुरुष और महिला) के चयन के लिए ट्रायल की घोषणा की है। विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार ट्रायल सोमवार को होगा। चुनी गई टीमें खेलो इंडिया विटर गेम्स-2026 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिसका पहला चरण 20 जनवरी से शुरू होने वाला है, जबकि दूसरा चरण कश्मीर में खेला जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए आइस हॉकी ट्रायल सुबह 11 बजे शुरू होंगे। इच्छुक खिलाड़ियों से अपने हिमाचली बोनाफाइड सर्टिफिकेट और दो पासपोर्ट आकार की तस्वीरों के साथ शेड्यूल के अनुसार ट्रायल सेंटर पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

# आंदोलनकारियों व अशोक नगर संघर्ष समिति ने निकाली रैली

## अंकिता भण्डारी के स्पेशल सर्विस के दोषियों को फांसी की सजा मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के बैनर तले उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति, चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति उत्तराखंड एकता मंच, उत्तराखंड युवा संगठन महिला मंच दुर्गा कालोनी समिति ने संयुक्त रूप से शिव चौक बुचड़ी फाटक से नहर किनारे आजाद चन्द्र शेखर चौक तक रैली निकाल कर यह साबित कर दिया कि राज्य आंदोलनकारियों ने जिस तरह से विपरीत परिस्थितियों में उत्तराखंड राज्य लेकर ही दम लिया उसी संकल्प के साथ उत्तराखंड की ही नहीं देश की बेटी अंकिता भण्डारी जिसको सरकार के संरक्षित दरिंदो ने नोच डाला उन्हे फांसी के फंदे तक पहुचाने तक लड़ाई जारी रहेगी।



समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं रुड़की के प्रथम राज्य आंदोलनकारी हर्ष प्रकाश काला ने कहा उत्तराखंड के जो भी संकल्पवत निवासी हैं जिनके अन्दर उत्तराखंड में जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु और सरकार के संरक्षण प्राप्त नेताओं को फांसी के फंदे तक नहीं पहुंचाया जाता कोई भी चौन से नही बैठेगा जिनका जमीर मर चुका है वे मरे हुए पशु के समान है। काला ने कहा अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाकर ही दम लेंगे। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के संरक्षक राजेन्द्र सिंह रावत ने उन लोगों को मृत समान कहते हुए कहा कि आज कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए अंदर दुबके हुए हैं कि रैली में हमारी राजनीतिक रोटी छिन सकती है उन लोगों का कोई जमीर नहीं है आंदोलनकारी महिला अध्यक्षा श्रीमती सरोज थपलियाल, रामेश्वरी खंतवाल ने धामी को नपुंसक मुख्यमंत्री की उपाधि देकर कहा कि जो अपनी बेटी को बहिन को न्याय नहीं दे सका और दोषियों का शरणदाता बना हुआ है धिक्कार है। उत्तराखंड एकता मंच के अध्यक्ष अर्पण जोशी उपाध्यक्ष अनिल उप्रेती ने कहा कि सभी व्यापारियों का जमीर मर चुका है जिनके अंदर जरा भी इंसानियत नहीं है। स्वामी दिनेशानंद भारती ने कहा कि उत्तराखंड सरकार में सब बाहरी दरिंदों को बिठाकर उत्तराखंड के आबरु लूटने के साथ साथ जल जंगल जमीन और जवानी लूटने का कार्य यह सरकार कर रही है। उत्तराखंड युवा संगठन के संस्थापक राकेश चौहान व हेमंत बर्थवाल रमेश सोन ने कहा आज का युवा सजग हो रहा है ऐसे राजनीतिक दरिंदो को सबक सिखायेगा। शिवाजी कालोनी के पूर्व अध्यक्ष आन के देव सिंह सांवत, भगवान गिरी,चतुर सिंह रावत अनिल जोशी संदीप रावत, हुक्म सिंह बिष्ट,, गोपाल कुमार, भारत कालोनी के अध्यक्ष पूर्व सैनिक राकेश भट्ट, राज विहार कालोनी के कर्मठ पूर्व सैनिक नन्दन सिंह रावत, अशोक नगर ट्यूबवैल क्षेत्र के अध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रदीप सिंह रावत विरेन्द्र सिंह नेगी अनिल शुक्ला, विनोद कक्त्वान, विनोद भट्ट, मिलाप नगर से कृपाल सिंह रावत उनकी आठ वर्षीय बेटी ने भी दरिंदो को अविलम्ब फांसी की सजा की मांग की। सुभाष नगर से गढ़वाल सभा सदस्य अनिल उप्रेती, नन्द किशोर,



रमेश ध्यानी, होमी जोशी , अशोक नगर ट्यूबवैल से सभासद दिनेश नेगी, अमित राणा, नीरज नेगी सूरज कठैत यशपाल सिंह नेगी लक्ष्मण जयाल, आदर्श शिवाजी कालोनी से विनोद कक्त्वान, सुभाष पंवार, ढडेरा से उदय पुण्डीर, दिनेश शर्मा राजवीर चौहान, नीरज, सभासद परवेज, गोल्डी, जयवीर, आदि के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में रैली में भाग लेने के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूडकी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की।

## महाराजा अग्रसेन वैश्य अग्रवाल सभा का प्रथम परिवार मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री महाराजा अग्रसेन वैश्य अग्रवाल सभा,रुड़कीं के प्रथम परिवार मिलन समारोह समाज की मजबूती पर चर्चा हुई। इसके साथ ही युवा पीढ़ी को समाज की संस्कृति और परम्परा से जोड़ने के लिए कार्य करने का आह्वान वक्ताओं ने किया।

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर अनीता अग्रवाल,पदेन सदस्य ललित मोहन अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। मुख्य अतिथि मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने अपने संबोधन मे समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज की परम्परा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता राजेश चंद्रा ने अपने सम्बोधन मे संगठन और संगठन शक्ति के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। मेयर प्रतिनधि और सभा के पदेन सदस्य ललित मोहन अग्रवाल ने समस्त वैश्य समाज से महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों का अनुकरण करते समाज सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश गोयल ने कहा कि सभा महाराजा जी के एक ईंट एक सिक्का के दर्शन का अनुपालन करते हुए समाज के उस वर्ग को मुख्य धारा मे लाने का प्रयास करेगी जो परिस्थिति वश मुख्य धारा से अलग हो गए है। समारोह का संचालन करते हुए अशोक गुप्ता ने बताया कि सभा अपने अग्रवंश संस्थापक महाराजा अग्रसेन जी दुआरा स्थापित सहयोग एवं सामजंस्य दुआरा संस्कारित सेवा के आदर्शों का पालन करते हुए समाज सेवा के कार्यो को करने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह मे आईवीएफ रुड़कीं महानगर अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा और नगर निगम पार्षद एवं आईवीएफ रुड़कीं महानगर उपाध्यक्ष राजन गोयल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महासचिव संदीप अग्रवाल, राखी चंद्रा,पूनम चंद्रा,सीमा वैश्य,राजेश गोयल,अनिल महेश्वरि, विनीत गोयल,राजीव गुप्ता,घनश्याम मित्तल,अजय गर्ग,राकेश सिंघल,रजनीश गोयल आदि मौजूद रहे।

## हाफिज राागिबुल्लाह ने सैकड़ों को गर्म कंबल बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कड़ाके की ठंड और शीत लहर से पूरा देश कांप रहा है, आसमान कोहरे की सफेद चादर में लिपटा हुआ है और गंगा किनारे रहने वाले गरीब व बेसहारा लोग खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं, ऐसे समय में इंसानियत की मिसाल पेश कर रहे हैं सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर हाफिज रागिबुल्लाह। रुड़की और हरिद्वार के गंगा किनारे रहने वाले ऐसे अनेक जरूरतमंद लोग हैं जिनके सिर पर न छत है और न ही कोई स्थायी ठिकाना। उन्हें हर मौसम की मार झेलनी पड़ती है, चाहे भीषण गर्मी हो, मूसलाधार बारिश या फिर कड़ाके की ठंड। ऐसे हालात में ऊपर वाला किसी न किसी को उनकी मदद के लिए भेज ही देता है।

सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर हाफिज रागिबल्लाह भारतीय सेना का एक जाना-माना चेहरा हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश सेवा और मानव कल्याण को समर्पित किया। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे लगातार मानव सेवा में जुटे हुए हैं। सर्दियों के मौसम में वे जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े और कंबल वितरित कर रहे हैं, वहीं रमजान के पवित्र महीने में गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध कराते हैं। हाफिज रागिबल्लाह ने बताया कि यह सब उनकी ओर से नहीं, बल्कि ऊपर वाले की प्रेरणा से हो रहा है। उन्होंने कहा,"मैं तो सिर्फ एक माध्यम हूं, देने वाला तो



ऊपर वाला है। वह जब चाहे, जिससे चाहे, सेवा करवा लेता है। स्थानीय लोगों और जरूरतमंदों का कहना है कि जब भी हालात मुश्किल होते हैं, हाफिज रागिबल्लाह जैसे लोग उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं। कोई गर्मी में ठंडा शरबत लेकर आता है, कोई सर्दियों में कंबल, कोई भूखों को खाना खिलाता है, तो कोई बारिश में सहारा देता हैख़्रयही सच्ची मानवता है। आज के कठिन समय में सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर भ/स्ज हाफिज रागिबल्लाह जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो यह साबित करते हैं कि सेवा और संवेदना कभी सेवानिवृत्त नहीं होती। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी शाकिर हुसैन साकिब हुसैन डॉ ताहिर मास्टर सुलेमान मास्टर मुस्तफा हुसैन कार्यक्रम में शामिल हाफिज रागिबल्लाह ने कहा आगे भी इसी तरह के कार्य जरूरतमंदों के लिए किए जाएंगे उन्होंने लोगों से भी अपील की है उन लोगों को आगे आना चाहिए जो लोग गरीबों की मदद करने के लिए सक्षम है हम सबको मिलकर उन जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए जो आपकी मदद के तलबगार है।

## बाइक व रेड़ा की भिड़ंत में रेडा चालक गंभीर

**पिरान कलियर।** रुड़की मेहवड़ मार्ग पर एक बाइक और रेडा (ठेला) की भिड़ंत में रेडा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

शनिवार देर रात रिजवान निवासी इस्लामनगर, कलियर से अपना रेडा लेकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह रुड़की ओर महवड़ के बीच पहुंचा तो सामने से आ रही एक बाइक सवार ने ओवरटेक करते समय रेडा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रेडा चालक रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## शांति व्यवस्था भंग करने में दो व्यक्तियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था सूचना मिली थी की दो व्यक्ति सरेआम लड़ाई झगड़ा कर शांति व्यवस्था प्रभावित कर रहे हैं तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने उनको काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए। किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम शहबाज पुत्र शकील निवासी लादपुर खुर्द उम्र 28 वर्ष सज्जाद पुत्र शकील निवासी लादपुर खुर्द उम्र 19 वर्ष बताया। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह कांस्टेबल रविंद्र चौहान अक्षय तोमर शामिल रहे। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## जिला ताइक्वांडो संघ में पंजीकृत खिलाड़ी ही प्रतियोगिता में ले सकेंगे भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिहार जिला ताई कमांडो द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में केवल पंजीकृत खिलाड़ी की प्रतिभा कर सकेंगे जो कि पिछले 40 साल से जिलें बालक-बालिकाओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण देता चला आ रहा है। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव मौ. याकूब ने बताया गया है 10 जनवरी से 31 जनवरी 26 तक खिलाडियों का पंजीकरण किया जाएगा। 2026 में होने वाली प्रतियोगिताओं मे सिर्फ खिलाड़ी प्रतिभा कर सकेगा जो जिला ताइक्वांडो संघ से पंजीकृत होगा। संघ जिला सचिव मोहम्मद याकूब ने बताया ने बताया कि वर्ष 2026 मेंअलग-अलग प्रदेशों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे इसके लिए ताइक्वांडो संघ नेपंजीकृत करने की प्रतिक्रिया शुरू कर दी है जो 31 जनवरी 2026 तकको जाएगी इसके बाद खिलाड़ियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा और अप पंजीकृत खिलाड़ीप्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगे इसलिए 10 जनवरी से 31 जनवरी के बीच प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन जिला ताइक्वांडो संघ हरिद्वार में जरूर करवा लें।

## कांग्रेसियों ने सरकार पर लगाया गरीबों के साथ भेदभाव का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह के नेतृत्व में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान उत्तराखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर गरीब मजदूरों के साथ भेदभाव करने और जनहित की योजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया।मनरेगा के नाम परिवर्तन और बंदी की आशंकाप्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि सरकार मनरेगा का नाम बदलकर उसे 'राम' के नाम पर रखने की तैयारी कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस नाम बदलने के खिलाफ नहीं है, बल्कि सरकार की उस मंशा के खिलाफ है जिसके तहत मनरेगा योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की कोशिश की जा रही है। बालेश्वर सिंह का बयान: सरकार नाम बदलकर लोगों को गुमराह कर रही है। अगर भाजपा सरकार मनरेगा बंद भी कर दे, तो मजदूरों को मिलने वाले नोटों पर तो महात्मा गांधी की ही फोटो रहेगी। कांग्रेस इस योजना को बंद करने के प्रयास का पुरजोर विरोध करेगी।अंकिता भंडारी मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांगपूर्व मंडी समिति अध्यक्ष चौधरी सतवीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. उमादत्त शर्मा ने अंकिता भंडारी हत्याकांड का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। अंकित भंडारी हत्या के मामले में कांग्रेस ने उसे न्याय न मिलने तक लड़ाई जारी रखने की बात कही। उत्तराखंड बंद का प्रभाव व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि अंकिता भंडारी मामले को लेकर किए गए उत्तराखंड बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला है, जो जनता के आक्रोश को दर्शाता है।

## नाले का काम रुकने पर फूटा गुस्सा

**रुड़की।** रामनगर कचहरी रोड पर नाले के निर्माण कार्य के एक माह से ठप होने पर शनिवार को क्षेत्रवासियों में आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और निगम का पुतला दहन किया। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अधूरे नाले में जगह-जगह बंदे लगाए जाने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। आसपास के घरों में जलभराव का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## युवक को ऑटो से उतारकर हमला, नकदी व मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार रोड पर देर शाम ऑटो से यात्रा कर रहे एक युवक के साथ मारपीट कर बदमाशों ने उसका पर्स और मोबाइल फोन छीन लिया। पर्स में हजारों की नकदी बताई जा रही है। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर रेलवे रोड निवासी पवन कुमार ऑटो से हरिद्वार जा रहे थे। रुड़की से कुछ दूर आगे पहुंचते ही दो युवकों ने ऑटो रुकवाया और पवन को जबरन नीचे खींच लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और पर्स व मोबाइल छीन लिया। बाद में पुलिस को तहरीर दी गई।

## अंकिता को न्याय मिलने तक कांग्रेस का संघर्ष रहेगा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज जिला कांग्रेस कमेटी महानगर के तत्वाधान में कैंप कार्यालय जिला कांग्रेस से लेकर चंद्रशेखर चौक तक अंकित भंडारी को न्याय दिलाने हेतु बंद का समर्थन करते हुए कांग्रेस जनों द्वारा पैदल मार्च में विभिन्न संगठनों के साथ शामिल होकर उनका सहयोग किया ताकि उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय मिल सकें। कांग्रेस जनों ने चंद्रशेखर चौक पहुंच कर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी कर सरकार का पुतला दहन किया।

अंकित भंडारी हत्याकांड को लेकर एक विशाल मार्च का आयोजन कांग्रेस जिला कार्यालय से शुरू किया गया तथा एसडीएम चौक बस अड्डे रुड़की टॉकीज चौक, सिविल लाइंस बाजार से होते हुए चंद्रशेखर चौक पर सरकार का पुतला दहन कर समापन हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि बहुत खेद की बात है की सरकार ने जो प्रत्यावेदन केंद्र को भेजा है उसे सार्वजनिक नहीं किया गया और ना ही मैटर आफ कॉन्टैसट जिसके आधार पर सीबीआई जांच करें वह भी नहीं बताया गया है। वरिष्ठ नेता सचिन गुप्ता ने कहा कि अंकित भंडारी को न्याय मिलना बहुत जरूरी है जिसके लिए निष्पक्ष जांच तभी



हो सकती है जब सीबीआई के अधिकारी किसी जज के निगरानी में जांच करें। उन्होंने कहा कि आज जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी को पुलिस द्वारा उनके घर पर नजर बंद किया जाना इस बात का सबूत है कि सरकार नहीं चाहती की अंकिता भंडारी को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के तमाम साथियों ने जिला कांग्रेस के कैंप कार्यालय पहुंचकर जुलूस एवं पुतला दहन के कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में फुरकान अहमद विधायक भी शामिल रहे। इस मौके पर विधायक फुरकान अहमद, सचिन गुप्ता, प्रणय प्रताप, संजय गुड्डू, हाजी नौशाद, मुनफेत अली, डॉक्टर हरविंदर सिंह, भूषण त्यागी, आशीष चौधरी, डॉ मीर अहमद, सौरभ सैनी, मदन पाल भड़ाना, विशाल सहगल, अश्विनी छाबड़ा, मोहित त्यागी, सुधीर चौधरी, महफूज, भानु प्रताप, राव परवेज खान, मोनू त्यागी, विकास, मकसूद हसन, उम्मीद गाजी, सलमान, रिजवान, अहमद, नीरज सैनी, रईस गुप्ता, पंकज सोनकर, सुभाष चंद्र शर्मा, नसीर अहमद, जाकिर हुसैन, सुशील कश्यप, वाहिद गॉड, सुभाष चौधरी, मिंटू कुमार, नंदलाल यादव, वंश वर्मा, अमित मलिक, अजय राठौर, राजू, शोभित नागर, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू रोड की बैठक में ऐलान

# किसानों के घर आधी रात को छापेमारी बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर में भाकियू किसान रॉड की आयोजित मासिक बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम् सिंह रॉड ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन की एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही किसानों की आवाज को सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है।

बैठक के बाद भाकियू (रॉड) ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसील तहसीलदार के माध्यम से दिया गया है। पदम् सिंह रोड ने ज्ञापन में कहा कि बिजली विभाग किसानों के घरों पर आधी रात को गलत तरीके से छापेमारी करना बंद करें।किसानों के खिलाफ गलत तरीके से की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाई जाए तथा झूठे मुकदमे वापस लिए जाए। गन्ना समितियों और इकबालपुर चीनी मील किसानों एवं कर्मचारियों के बकाया भुगतान का जल्द कराया जाए।एनएच ने जो किसानों के रास्ते और पानी अवरुद्ध हो रहे हैं उनका समाधान किया जाए। साथ ही किसानों की अन्य समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (रॉड)



आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर सचिन अरोड़ा, सहजाद प्रधान,नाजिम प्रधान,मतलूब मलिक,इंद्र रोड सैयाद अली, प्रदीप त्यागी,अनीस प्रधान,कारी शहजाद प्रधान, स्वामी घनश्याम, मुकेश कांबोज,इकबाल शाकिब साबरी, मेहबूब मलिक सहित बड़ी संख्या में किसान व संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सैय्यद अली समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन को सशक्त करते हुए पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने नगला इमरती निवासी सैय्यद अली को सैकड़ों समर्थकों के साथ औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख नेता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल मुल्तानी, प्रदेश उपाध्यक्ष राव जमीर हसन, गढ़वाल मंडल सह-संयोजक अमर मलिक एवं सोशल मीडिया प्रभारी यूसुफ मलिक उपस्थित रहे। नेताओं ने सैय्यद अली का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है।सदस्यता ग्रहण करने के बाद सैय्यद अली ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे भाजपा की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं इस अवसर पर भूरा ठेकेदार, मुबारिक अली



ठेकेदार, अब्दुल रहमान, जुल्फिकार, शाहरुख, आवेश, नाजिम, नावेद, मुकीम, भूरा उर्फ लियाकत, अलियास, गुफरान, अफजाल उर्फ लारा, नोशाद ठेकेदार, राशिद हफिजी, मोहम्मद इरफान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# अश्लील तस्वीरों पर रोक

सरकार के दखल देने से ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबॉट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मंत्री को एक लेटर लिखा। सरकार ने इस लेटर की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक्स इस पर कार्रवाई करने के लिए तुरंत सहमत हो गया, उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलती स्वीकार कर ली है। कंपनी का कहना है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी और भारतीय कानूनों का पालन करेगी। प्लेटफॉर्म ने यह भी बताया कि उसने 3500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं, साथ ही 600 से अधिक अकाउंट डिलीट करने की बात कही है। हालांकि राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी अभी एक्स के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही हैं। चतुर्वेदी ने कहा है कि ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से इमेज जनरेशन को पूरी तरह से रोकने के बजाए केवल पेड यूजर तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा है कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनाधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है। हालांकि इस पर एक्स के मालिक ने तीन जनवरी को सफाई देते हुए कहा भी कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसा है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पैन को दोष देना। वह तर्क देते हैं कि कलम यह तय नहीं करता कि क्या लिखा जाएगा, यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। वह आगे यह भी कहते हैं कि आपको क्या मिलेगा यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि उसमें क्या इनपुट दिया जाता है। उनके अनुसार जिम्मेदारी टूल की नहीं उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अश्लील कंटेंट के माध्यम से सबसे ज्यादा प्रभावी महिलाएं व बच्चे हो रहे हैं। जैसाकि प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा भी कि कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और एआई से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। इसमें उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं, उनके अनुसार यह बहुत गलत है और एआई का गंभीर दुरुपयोग है। सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि ग्रोक इस तरह की गलत डिमांड को मान रहा है। यह सिर्फ गलत ही नहीं बल्कि क्राइम है। एआई तकनीक को लेकर जहां उसके विस्तार की बात चल रही है, वहीं उसके दुरुपयोग होने की बातों पर भी बहस हो रही है।

## ...तो फिर कौन सा एसआईआर सही



उप्र में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया, जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, तो फिर कौन सा एसआईआर सही है, दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है, विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई, ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, दोनों में कौन सा एसआईआर सही है और अगर एक ही प्रदेश में एक ही बीएलओ के जरिये किए गए एसआईआर में इतने विरोधाभासी आंकड़े सामने आ रहे हैं तो यह गंभीर चिंता का विषय है। –**अखिलेश यादव, अध्यक्ष सपा**

# क्या ईरान के लिए अब परमाणु परीक्षण जरूरी है



**तनवीर जाफरी**



पिछले दिनों सनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के निर्देश पर जिसतरह वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी कराकस से वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का बलात अपहरण कर उन्हें न्यूयार्क ले जाया गया उसने पूरी दुनिया को न केवल अचंभे में डाल दिया है बल्कि इस घटना ने एक नई विश्व व्यवस्था व नए वैश्विक शक्ति संतुलन के गठन की संभावना को भी प्रबल कर दिया है। कितना आश्चर्य है कि नोबल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी शक्तियों का दुरुपयोग कर इस दुनिया को जंगल राज की तरह चलाना चाह रहे हैं? वेनेजुएला पर की गई गैर कानूनी अमेरिकी कार्रवाई कई संकेतों की ओर इशारा कर रही है।

एक तो यह कि क्या यह विश्व की उदारवादी सोच रखने वाली ताकतों को विश्व की पूंजीवादी व अतिवादी व्यवस्था की ओर से दी जाने वाली यह एक सीधी चुनौती है? गौरतलब है कि ट्रंप परिवार की गिनती भी अमेरिका के बड़े पूंजीवादी घरानों में की जाती है। या फिर यह चीन व रूस जैसे देशों एक साथ ललकारने की ट्रंप की नीति का हिस्सा है और अब कोलंबिया, क्यूबा, मैक्सिको और ईरान जैसे देशों पर अमेरिकी सैन्य या आर्थिक दबाव की आशंका व्यक्त की जा रही है। साथ ही अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर भी अधिग्रहण की धमकी दी जा चुकी है।

ऐसे में दुनिया के सामने दो ही विकल्प बचे हैं एक तो यह कि दूसरे देशों की स्वतंत्रता व संप्रभुता का सम्मान करने वाले सभी देश वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का विरोध करते हुए हर स्तर पर एकजुट होकर अमेरिका का मुकाबला करें। दूसरा यह कि जिसकी लाठी उसी की भैंस वाली अमेरिकी नीति का ही अनुसरण करते हुए पूरी दुनिया ही जंगल राज में बदल जाए। हर ताकतवर देश अपनी पड़ोसी कमजोर देश को निगलने की मानवता व न्याय विरोधी रक्तरंजित योजना पर काम करे। उदाहरण के तौर पर चीन ताइवान को हड़प ले और रूस यूक्रेन पर अपना आधिपत्य स्थापित कर ले? इस्राईल, फिलिस्तीन लेबनान सीरिया पर नियंत्रण कर अपने वृहत्तर इस्राईल के नापाक मंसूबे पर आगे बढ़े और इन्हीं खतरनाक संभावनाओं के बीच एक उपाय यह भी है कि ईरान परमाणु परीक्षण के द्वारा उत्तर कोरिया की तरह एक ऐसी आत्म रक्षक व षनिवारकष रणनीति पर काम करे जो अमेरिका को भी युद्ध से पीछे हटने पर मजबूर कर दे? तो क्या लंबे समय से चले आ रहे तमाम ईरान विरोधी प्रतिबंधों के बावजूद उस के सामने इस समय वैसी ही स्थिति पैदा हो चुकी है कि आत्मरक्षा के लिए अब उसे परमाणु संपन्न देशों के क्लब में शामिल होना जरूरी हो गया है?

गौरतलब है कि गत 13 जून–24 जून 2025 के मध्य चला बारह दिवसीय ईरान–इजराइल युद्ध उस समय शुरू हुआ था जब इजराइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी और ईरान के कई प्रमुख सैन्य अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों व प्रमुख राजनेताओं की हत्या कर दी थी साथ ही अनेक नागरिकों को भी मार दिया था। इजराइल ने उस समय ईरान की वायु सुरक्षा को भी नुकसान पहुंचाया था और कई जगह तो इसे पूरी तरह नष्ट भी कर दिया था। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने भी इस्राईल के समर्थन में 22 जून को तीन ईरानी परमाणु स्थलों पर बमबारी की परन्तु बाद में मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने 550 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और 1,000 से अधिक आत्मघाती ड्रोनों के साथ बड़े पैमाने पर इस्राईल में राजधानी तेल अवीव सहित कई शहरों पर भीषण हमले किए। कम से कम बारह सैन्य, ऊर्जा और सरकारी स्थलों को निशाना बनाया। यहां तक कि कई अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों को भी निशाना बनाया। उस दौरान भी पश्चिमी मीडिया ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामनेई को लेकर बार बार तरह तरह की अफवाह उड़ा रहा था। कभी उन्हें भूमिगत बता देता था तो कभी उनके ईरान छोड़कर भाग जाने की खबर फैला देता था। उस समय भी आयतुल्लाह खामनेई जनता को संबोधित करने के लिए सार्वजनिक रूप से दिखाई देते थे और पिछले दिनों भी बिल्कुल वैसा ही दृश्य देखने को मिला। इस बार भी भूमिगत होने व मास्को भागने की तैयारी जैसी अफवाहों के बीच गत शुक्रवार को पुनः आयतुल्लाह खामनेई जनता के सामने आए तथा बेखौफ होकर खुद अमेरिका को ही हिदायत व नसीहत करते सुने गए परन्तु ट्रंप के नेतृत्व वाला वर्तमान अमेरिका वेनेजुएला की घटना के बाद तो पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। दुनिया में सबसे अधिक तेल भण्डार रखने वाले अमेरिका को विश्व के अन्य तेल उत्पादक देशों से अपनी शर्तों पर तेल चाहिए। चाहे इसके लिए कोई भी बहाना बनाकर किसी राष्ट्रपति का अपहरण तक क्यों न करना पड़े। जाहिर है ईरान भी वेनेजुएला की ही तरह दुनिया के उन गिने चुने तेल उत्पादक देशों में एक है जो अमेरिका को सर्वशक्तिमान भी नहीं मानता और न ही उसकी श्वैश्विक थानेदारी श को स्वीकार करता है। जबकि 1979 की ईरानी इस्लामिक क्रांति से पहले का रजा शाह पहलवी का ईरानी शासन अमेरिका का पिठ्ठू शासन था। उसी समय से ईरान न केवल अमेरिकी बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा लगाए गई अनेक प्रतिबंध भी झेलता आ रहा है जोकि निश्चित रूप से ईरान की अर्थव्यवस्था को बेहद कमजोर कर रहा है। इन प्रतिबंधों के बावजूद अपने अत्यंत सीमित संसाधनों के बल पर ईरान ने शिक्षा,विज्ञान यहां तक कि अंतरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में जो तरक्की की है उसी की झलक गत वर्ष के बारह दिवसीय ईरान–इजराइल युद्ध में भी देखने को मिली परन्तु अब बात इस्राईल की नहीं बल्कि ईरान को सीधे अमेरिका चुनौती दे रहा है। ईरान में चल रहे सरकार विरोधी व अमेरिका–इस्राईल समर्थित प्रदर्शनों को लेकर अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो अमेरिका ईरान पर बड़े हमले करेगा। ऐसे में ईरान,अमेरिकी हमलों से बचने के लिए आखिर कौन सी रणनीति अपना सकता है? क्या ईरान द्वारा परमाणु परीक्षण किया जाना भी इन्हीं संभावनाओं में एक सबसे प्रमुख है? क्या निकट भविष्य में ईरान भी परमाणु परीक्षण कर परमाणु क्लब में शामिल हो जाएगा ताकि अमेरिका व इजराइल जैसे देशों को सैन्य हमले से रोका जा सके? यदि ईरान में उपजे सत्ता विरोधी प्रदर्शनों के बीच ईरान रूस और चीन जैसे सहयोगी देशों की मदद से परमाणु परीक्षण करता है तो इससे ईरान की जनता में सुरक्षा, स्वाभिमान तथा राष्ट्रवाद बढ़ेगा तो बढ़ेगा ही साथ ही वहां आंतरिक राष्ट्रीय एकता भी बढ़ेगी। इसके अलावा ईरान का क्षेत्रीय प्रभाव भी बढ़ेगा साथ ही अमे. रिकी एक ध्रुवीयता का विरोध करने वाले देशों को भी मजबूती मिलेगी। इसके अलावा दशकों से अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण दबाव का सामना करती आ रही ईरान की अर्थव्यवस्था में इस परीक्षण से श्रब्च्व। के रूप में कई नई संभावनाएं भी खुल सकती हैं। वैसे भी उत्तर कोरिया द्वारा किए गए परमाणु परीक्षण के बाद ही ट्रंप–की उत्तर कोरिया राष्ट्रपति किम जोंग के साथ 27–28 फरवरी 2019 को वेतनाम के हनोई में मुलाकात हुई थी। गोया आज की दुनिया में खासकर अमे. रिकी वर्चस्व वाली दुनिया में यदि किसी देश को अपना अस्तित्व बचाकर रखना है तो उसका परमाणु संपन्न देश होना जरूरी हो चुका है। अन्यथा कभी भी इराक–वेनेजुएला–गजा–सीरिया–लेबनान यानी कहीं भी कुछ भी हो सकता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैसे हल हो भारत में दूषित जल की समस्या

**आंकड़े बताते है कि पश्चिमी देशों के अनुभव काफी उपयोगी साबित हुए हैं। स्विट्जरलैंड में शहरी जल उपचार की गुणवत्ता सर्वोच्च है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वहां का नल का पानी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। वे अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रित करते हैं, जो कई देशों में अपनाया जाता है। यूरोप में 'ब्लू रिवोल्यूशन' रणनीति कुशल उपयोग, अपशिष्ट कमी और पारिस्थितिक संतुलन पर जोर देती है। प्रबंधित एक्विफर रिचार्ज (एमएआर) जैसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिसमें नदी तलों को समायोजित करना, बैंक फिल्ट्रेशन, सतही पानी का वितरण और रिचार्ज कुओं का उपयोग शामिल है।**

**विनीत नारायण**



भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, आज दूषित जल के एक गंभीर संकट से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से 2025–2026 में, दूषित नल के पानी से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और 34 मौतें हुईं, जो 26 शहरों में फैली हुई हैं। यह आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि वे एक बड़ी राष्ट्रीय समस्या की ओर इशारा करते हैं। भारत की प्रमुख नदियां, जैसे गंगा और यमुना, औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित सीवेज और कृषि अपवाह से बुरी तरह प्रदूषित हैं। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है और लगभग 70 प्रतिशत भूजल स्रोत दूषित हैं। दूषित जल की समस्या भारत में बहुआयामी है। मुख्य कारणों में अनुपचारित सीवेज सबसे बड़ा है, जो नदियों और भूजल को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, कृषि से निकलने वाले कीटनाशक और उर्वरक, तथा उद्योगों से निकलने वाले रसायन जैसे भारी धातु और विषाक्त पदार्थ जल स्रोतों को नष्ट कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, कपड़ा और चमड़ा उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट कई नदियों को प्रभावित कर रहा है। 163 मिलियन भारतीयों के पास सुरक्षित पेयजल की पहुंच नहीं है और 21 प्रतिशत संक्रामक रोग जल से संबंधित हैं। हाल ही में इंदौर और अन्य शहरों के घटनाक्रमों ने इस समस्या को और उजागर किया है। इंदौर में दूषित पानी से कम से कम 8 मौतें हुईं, लेकिन रिकॉर्ड दिखाते हैं कि 18 परिवारों को मुआवजा दिया गया। यह असंगति सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। पूरे देश में टाइफाइड जैसे रोग फैल रहे हैं, जो दूषित पानी से जुड़े हैं। आर्थिक रूप से, यह संकट उत्पादकता को प्रभावित करता है, क्योंकि बीमारियां कार्यबल को कमजोर करती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से, यह जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचाता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है। 2025–2027 में जल की कमी भारत के लिए सबसे बड़ा पर्यावरणीय जोखिम साबित हो सकती है। यदि इसे नजरअंदाज किया गया, तो 'डे जीरो' की स्थिति कई राज्यों में आ सकती है।

सरकार की उदासीनता इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। केंद्र सरकार पर आरोप है कि वह स्वच्छ जल और स्वच्छ हवा प्रदान करने में विफल रही है। विपक्षी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष के अनुसार मुख्य कारणों में कमी नियमों की है, अत्यधिक निजीकरण, सरकारी भ्रष्टाचार और सामान्य उपेक्षा शामिल हैं। मध्य प्रदेश में इंदौर घटना के बाद नगर आयुक्त को हटाया गया और दो अधिकारियों को निलंबित किया गया, लेकिन विपक्ष इसे केवल प्रतिक्रियात्मक कदम मानता है। राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार चुनावी वादे जैसे 'हर घर जल' योजना लागू तो हुई, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। दिल्ली जल बोर्ड को सख्त जांच के निर्देश दिए गए, लेकिन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की कमी पाई गई है। भ्रष्टाचार के कारण फंड का दुरुपयोग होता है और स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा अभी भी पुराना है। सीवेज और पेयजल लाइनों की मिश्रण जैसी समस्याएं आम हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, जल गुणवत्ता 2025–26 में एक प्रमुख चुनौती है, लेकिन इस गंभीर चुनौती को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) को स्थानांतरित करने के बजाय सरकार को अधिक सक्रिय होना चाहिए। यह उदासीनता न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करती है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ाती है, क्योंकि इससे गरीब तबके के लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। दूषित जल की समस्या का समाधान संभव है, यदि बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया जाए। सबसे पहले, स्रोत पर प्रदूषण को रोकना जरूरी है। उद्योगों को अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए बाध्य किया जाए। कृषि में जैविक खेती को प्रोत्साहित करें ताकि रसायनों का अपवाह कम हो। सीवेज उपचार को 100 प्रतिशत बनाना चाहिए, जो वर्तमान में अपर्याप्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सदैव प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद के मूलमंत्र

**योगेश कुमार गोयल**



वर्तमान परिवेश में समाज के चारों ओर अपराध और भ्रष्टाचार का जो मकड़जाल फैलता जा रहा है, वह घुन की तरह देश की जड़ों को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है। इस दूषित वातावरण का सबसे गहरा असर युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो बेरोजगारी, अनिश्चित भविष्य और नैतिक विचलन के कारण हताशा व निराशा से जूझ रहा है। ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि युवा सही मार्ग से न भटके। इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उनमें राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराना, उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना और समुचित मार्गदर्शन देना समय की मांग है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगि. कता और भी बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत की आजादी की लड़ाई में जिन युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर क्रांति का बीजारोपण किया, वे ही आज की स्वतंत्रता की नींव बने।



भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरू जैसे असंख्य युवाओं ने देश की आन–बान और शान के लिए अपने निजी सुखों का त्याग कर सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। दुर्भाग्यवश, आधुनिक युग में हम स्वार्थपरता के कारण इन क्रांतिकारी जीवन गाथाओं को विस्मृत करते जा रहे हैं और अनजाने में ही भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसीलिए ऐसे महान और क्रांतिकारी युवाओं के जीवन आदर्शों से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है ताकि वह समाज में व्याप्त गंदगी से स्वयं को बचाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर सके। आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक और युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाने का उद्देश्य भी यही है। अल्पायु में ही अपने विचारों और ओजस्वी चिंतन से विश्वभर में विशिष्ट पहचान बनाने वाले विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के शाश्वत स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मनोमस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए। स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के महान प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें उनके ओजस्वी विचारों, तेजस्वी व्यक्तित्व और राष्ट्रोत्थान के प्रति अटूट विश्वास के कारण जाना जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा शक्ति के चरित्र, साहस और संकल्प पर निर्भर करता है। वे बार–बार कहा करते थे कि उनकी सारी आशाएं देश के युवा वर्ग पर टिकी हुई हैं क्योंकि वही समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। विवेकानंद आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। उनके विचार न केवल आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत थे बल्कि पूर्णतः व्यावहारिक और युगानुकूल भी थे। भारतीय नवजागरण के अग्रदूत के रूप में उन्होंने युवाओं को आत्महीनता, भय और हीनभावना से बाहर निकालकर आत्मगौरव और आत्मविश्वास से भरने का कार्य किया। उनका विश्वास था कि जब तक युवा अपने भीतर छिपी शक्ति को नहीं पहचानेंगे, तब तक राष्ट्र का वास्तविक उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं को यह बोध कराया कि वे कमजोर नहीं हैं बल्कि उनमें असीम सामर्थ्य विद्यमान है।

केवल 39 वर्ष के अल्प जीवनकाल में स्वामी विवेकानंद मानवता को विचारों की ऐसी अमूल्य धरो. हर सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका कहना था कि भविष्य उन्हीं युवाओं का है, जिनका चरित्र .ढ़ हो, बुद्धि प्रखर हो और जिनके मन में दूसरों की सेवा के लिए त्याग और समर्पण की भावना हो। वे मानते थे कि आज्ञाकारिता, अनुशासन और कर्त्तव्यबोध से ही युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकते हैं। विवेकानंद ने सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया और देश को सुदृढ़ बनाने का दायित्व उसी के कंधों पर रखा। उनके अनुसार, राष्ट्र निर्माण केवल शासन या संस्थाओं का काम नहीं बल्कि प्रत्एक जागरूक युवा का नैतिक कर्तव्य है। वे युवाओं से अपेक्षा करते थे कि वे केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और देश के व्यापक हित में सोचें और कार्य करें। उनका जीवन स्वयं इस बात का उदाहरण था कि संकल्प, साधना और सेवा के माध्यम से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं को निर्भीक बनने, कठिनाईयों से न घबराने और निरंतर कर्मरत रहने का संदेश दिया। उनका मानना था कि कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान युवक–युवतियां मिलकर समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। वास्तव में, विवेकानंद का संपूर्ण दर्शन युवाओं को आत्मबोध, राष्ट्रबोध और मानवबोध से जोड़ने का अनुपम प्रयास है, जो उन्हें एक श्रेष्ठ व्यक्ति और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ग्रीनलैंड पर हमले का प्लान बना रहे ट्रम्प

## स्पेशल कमांडो को जिम्मेदारी सौंपी, जनरल बोलेः राष्ट्रपति की जिद 5 साल के बच्चे जैसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया है। डेली मेल के मुताबिक ट्रम्प ने जाइंट स्पेशल आप. रेशंस कमांड (जेएसओसी) को यह जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि सैन्य अधिक. ारी इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं। वे इसे कानूनी रूप से गलत मानते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की यह रुचि घरेलू राजनीति से भी जुड़ी हो सकती है। इस साल के अंत में मिड-टर्म चुनाव होने वाले हैं और रिपब्लिकन ससंद पर नियंत्रण खोने से डर रहे हैं। इसलिए ट्रम्प कोई बड़ा कदम उठाकर लोगों का अर्थव्यवस्था की समस्याओं से ध्यान हटाना चाहते हैं। डेली मेल को एक राजनयिक सूत्र ने बताया कि, श्जनरलों को लगता है कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड योजना बेतुकी और गैरकानूनी है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति की जिद एक पांच साल के बच्चे से निपटने जैसा है। अमेरिका ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे नाटो के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। साथ ही यूरोपीय नेताओं के साथ सीधा टकराव हो सकता है, जिससे नाटो गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच सकता है।

**अमेरिका ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे नाटो के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है**

कुछ यूरोपीय अधिकारियों का मानना है कि ट्रम्प के आसपास के कट्टरपंथी एमएजीए गुट का असली मकसद नाटो को अंदर से खत्म करना है, क्योंकि संसद उन्हें नाटो से बाहर निकलने की इजाजत नहीं देगी। इसलिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करके यूरोपीय देशों को नाटो छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ट्रम्प नाटो को खत्म करना चाहते हैं, तो यह शायद सबसे आसान तरीका हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुता. बिक, ट्रम्प लंबे समय से नाटो को अनुचित मानते हैं। उनका मानना है कि अमेरिका इसमें सबसे ज्यादा पैसा और संसाधन खर्च करता है, जबकि यूरोपीय देश अपने जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य को पूरा नहीं करते। पहले कार्यकाल में, उन्होंने नाटो सहयोगियों से भुगतान बढ़ाने की मांग की और कहा कि अगर वे नहीं मानेंगे तो अमेरिका उनकी रक्षा नहीं करेगा। 2024 चुनाव अभियान में, ट्रम्प ने कहा कि वे रूस को उन नाटो सदस्यों पर जो चाहे करने की अनुमति देंगे जो पर्याप्त खर्च नहीं करते। ट्रम्प का मकसद 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को बढ़ावा देना है। जिसमें वे अमेरिकी करदाताओं के पैसे को विदेशी सुरक्षा पर कम खर्च करना चाहते हैं। साथ ही यूरोप को अपनी रक्षा खुद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प नाटो को कमजोर करके रूस के साथ बेहतर संबंध बनाना चाहते हैं।

## ट्रम्प को झटकाः कोर्ट ने वॉशिंगटन व ओरेगन में मतदान संबंधी आदेश रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन और ओरेगन में डाक द्वारा मतदान से जुड़े ट्रम्प प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अधिकांश प्रावधानों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ट्रम्प प्रशासन मतदान नियमों को सख्त करने की को. शिशों में जुटा हुआ था। सिएटल स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश जान एच. चुन ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को चुनावों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं है। ट्रम्प प्रशासन नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना चाहता था। सभी मतपत्रों को चुनाव दिवस तक प्राप्त करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने माना कि ये प्रावधान राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। जज ने अपने आदेश में कहा कि चुनावों को विनियमित करने का अधिकार केवल राज्यों और कांग्रेस के पास है।




**मुंबई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुकूल ऑफ आर्ट की एक छात्र ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर आधारित कागज से बनी पोशाक पहने हुए**

## ताइवान ने द्वीप के पास चीन के सैन्य विमान और नौसैनिक जहाज देखे

**ताइपे।** ताइवान ने रविवार को द्वीप के पास परिचालन कर रहे चीन के चार सैन्य विमान और छह नौसैनिक जहाज़ देखे है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह करीब छह बजे द्वीप के आसपास चार चीनी सैन्य विमान, छह नौसैनिक जहाज़ और एक आधिकारिक जहाज़ की गतिविधियां देखी। मंत्रालय ने कहा कि एक विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गया। ताइवान ने विमान और नौसैनिक जहाज़ भेजकर इसका जवाब दिया और चीनी गतिविधि पर नज़र रखी।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से ड्रोन घटना पर मांगा स्पष्टीकरण

**सोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले ड्रोन के बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया है। यह जानक. ारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने रविवार को दी। कोरिया वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति की उप निदेशक किम यो जोंग ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया की अधिकारी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय की इस सार्वजनिक घोषणा की सराहना की।

### उत्तरी अफ्रीका के देशों में बर्बर नववर्ष एनयार का उत्साह

**नई दिल्ली।** दुनिया के अधिकांश देशों में जहां नए साल का जश्न अब थम चुका है, वहीं बर्बर समुदाय (अमाज़ीग) के लोग अपने पारंपरिक नववर्ष (एनयार) की तैयारियां धूमधाम से कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तरी अफ्रीका के अल्जीरिया, मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र, माली, नाइजर आदि देशों में रहने वाले अमाज़ीग (बर्बर) समुदाय के लोगों का पारंपरिक नववर्ष वर्ष 12 जनवरी को शुरू होता है। यह नववर्ष प्राचीन बर्बर कैलेंडर से संबंधित है, जो जूलियन कैलेंडर पर आधारित है। बर्बर कैलेंडर की शुरुआत लगभग 950 ईसा पूर्व मानी जाती है, जब बर्बर मूल के राजा शेशनक प्रथम ने मिस्र पर विजय प्राप्त कर शासन संभाला।

### फ्रांस में हिमस्खलन में दो स्कीयरों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के सावोई विभाग (क्षेत्र) के वैल-डी'इसेरे में ऑफ-पिस्ट स्कीइंग करते समय हिमस्खलन में फंसने से शनिवार को दो फ्रांसीसी स्कीयरों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। फ्रांस के दैनिक अखबार ले फिगारो ने वैल-डी'इसेरे पर्यटन के बयान का हवाला देते हुए कहा कि दोनों पीड़ित 2.5 मीटर बर्फ के नीचे दबे हुए थे और बचाव दल उन्हें ढूंढने और उन तक पहुंचने में कामयाब होने के बाद भी उन्हें बचा नहीं पाए।

# ट्रम्प को बताया ईरान पर हमले का प्लान

## अधिकारियों ने ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी, अमेरिकी राष्ट्रपति का फैसला लेना बाकी

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है। वहीं, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या इजरायल ने ईरान पर हमला किया, तो दोनों को सख्ती से जवाब देंगे। दूसरी तरफ टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमे. रिका और इजरायल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूर रहने को कहा।

पजशकियान का कहना है कि अधिक. ारी प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे, लेकिन देश में फैलते जा रहे हैं और दंगाई पूरे समाज को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। पजशकियान ने कहा कि हम लोगों की समस्या का समाधान करेंगे, लेकिन दंगाइयों के एक समूह को पूरे समाज को खत्म करने की इजाजत नहीं दे सकते। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को राष्ट्रपति का एक साक्षात्कार प्रसारित किया, जिसमें पजशकियान ने यह बातें कहीं। ईरान पर अमे. रिकी हमले की आशंका को लेकर इजरायल हाई अलर्ट पर है। रायटर्स ने इजरायली सूत्रों के हवाले से बताया है कि हालात को देखते हुए इजरायली सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इजरायल और ईरान जून में 12 दिन की जंग लड़ चुके हैं, जिसमें अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर हवाई हमले किए थे। शनिवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बातचीत में ईरान में अमेरिकी दखल की संभावना पर चर्चा हुई। अमेरिकी अधिकारी ने काल की पुष्टि की, लेकिन बातचीत के मुद्दों का खुलासा नहीं किया। ईरान ने अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई पर तीखी चेतावनी जारी की है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा है कि अगर प्रदर्शनकारियों को लेकर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो अमेरिकी सेना और इजरायल दोनों ईरान के निशाने पर होंगे। यह पहला मौका है जब ईरानी नेतृत्व की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई में इजरायल को भी सीधे तौर पर निशाना बनाए जाने की बात कही गई है। ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। ईरान के अटार्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को 'खुदा का दुश्मन' माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी ईरानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन हुए। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी ने ईरानी दूतावास का इस्लामी गणराज्य का झंडा हटाकर 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले इस्तेमाल होने वाला झंडा फहरा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी ने शेर और सूरज के निशान वाला तिरंगा झंडा लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह झंडा कई मिनट तक दूतावास पर लगा रहा, जिसके बाद उसे हटा दिया गया। यह झंडा ईरान में शाह के शासनकाल के दौरान इस्तेमाल किया जाता था। प्रदर्शन के दौरान 'डेमोक्रेसी फार ईरान' और 'फ्री ईरान' जैसे नारे लगे। लंदन पुलिस ने कहा कि झंडा हटाने की घटना के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकी जा सके और ईरानी दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



**ईरानी राष्ट्रपति बोलेः अमेरिका व इजरायल दंगे भड़का रहे, ईरान पर हमले की आशंका को लेकर इजरायल हाई अलर्ट पर**

### अमेरिका ने हमला किया, तो हम इजरायल, अमेरिका दोनों पर हमला करेंगेः ईरान संसद अध्यक्ष ग़ालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की मजलिस (संसद) के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर ग़ालिबाफ ने कहा है कि अगर अमेरिका उनके देश पर हमला करता है तो वे भी इजरायल और अमेरिका दोनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। कैस्पियन पोस्ट की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, ग़ालिबफ ने एक आपातकालीन बैठक के दौरान कहा कि इजरायल और अमे. रिका का सामना करने के अलावा ईरान आर्थिक, संज्ञानात्मक-मनोवैज्ञानिक और 'सैन्य-आतंकवाद' के मोर्चे पर भी जंग लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है, तो वह इजरायल और पूर्वी एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमला करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर अमेरिका हमारे ऊपर सैन्य हमला करता है तो उनके कब्जे के दोनों क्षेत्रों यानी इजरायल और अमेरिकी सैन्य-नौसेना ठिकाने हमारे निशाने पर आ जाएंगे। ग़ालिबाफ ने कहा कि हम खुद को कार्रवाई के बाद प्रतिक्रिया देने तक सीमित नहीं मानते हैं। हम खतरे के किसी भी ठोस संकेत के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

# मादुरो ने अमेरिकी हिरासत से बेटे को भेजा संदेश

## 'योद्धा हूं', मजबूत बना हुआ हूं

**काराकस।** वेनेजुएला के सांसद निकोलस मादुरो ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अपने वकीलों के जरिए संदेश भेजा है। इसमें कहा गया है कि वह ठीक हैं और अमेरिकी हिरासत में होने के बावजूद मजबूत बने हुए हैं।

ग्वेरा ने वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं को संबोधित किया कि वकीलों ने हमें बताया कि वे मजबूत हैं और हमें उदास नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया पिता ने संदेश में कहा है कि हमलोग ठीक हैं। मैं योद्धा हूं। राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस, फिलहाल अमे. रिका में हैं। अमेरिकी सेना ने गत तीन जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था। इन हमलों की दुनिया भर में निंदा की गई और चिंता जताई गई है। ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता टूटे नहीं हैं, साथ में यह भी जोड़ा कि सरकार और उसके समर्थक 'एकजुट हैं और मजबूती से खड़े हैं'। उन्होंने कहा कि शाविज्मो (पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की विचारधारा) की ताकत एकता में है। चाहे कुछ भी हो जाए, हमें एकजुट रहना होगा। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने शनिवार को मादुरो और उनकी पत्नी की वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया। मिरांडा राज्य में एक सामुदायिक कार्यक्रम में बोलते हुए सुरोड्रिग्ज ने कहा कि वेनेजुएला के नेतृत्व या शासन कार्यक्रम के बारे में कोई अनिश्चितता नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां कोई अनिश्चितता नहीं है। वेनेजुएला के लोग ही सब कुछ संभाल रहे हैं। यहां एक सरकार है, जो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की है। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने शांति, स्थिरता और देश के भविष्य की गारंटी के लिए एकता बनाए रखने की अपील की।



**अमेरिकी सेना ने गत तीन जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था**

# बांग्लादेश में 10 पार्टियां कर सकती है गठबंधन

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी 10 अन्य दलों के साथ मिलकर गठबंधन करने की तैयारी कर रही है। इनमें जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश और नेशनल सिटिजन पार्टी शामिल हैं।

इन दलों का कहना है कि वे सीट बंटवारे के समझौते के काफी करीब पहुंच गए हैं। जल्द ही सभी 11 दलों की एक साथ बैठक भी हो सकती है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव है। नेताओं का कहना है कि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख 20 जनवरी से पहले सीट बंटवारे को लेकर समझौते की घोषणा हो सकती है। एनसीपी पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम ने बुधवार को कहा कि एक-दो दिनों के भीतर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। जमात, इस्लामी आंदोलन और एनसीपी के अलावा इस गठबंधन में बांग्लादेश खिलाफत मजलिस, खिलाफत मजलिस, बांग्लादेश खिलाफत आंदोलन, आमार बांग्लादेश पार्टी, बांग्लादेश नेजाम-ए-इस्लाम पार्टी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी, जातीय गणतांत्रिक पार्टी और बांग्लादेश डेवलपमेंट पार्टी भी शामिल हैं। शुरुआत में गठबंधन में आठ दल थे, लेकिन बाद में एनसीपी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और आमार बांग्लादेश पार्टी इसमें शामिल हो गईं।

**इनमें पूर्व पीएम खालिया जिया की भी पार्टी**

## इस्लामाबाद में गैस सिलेंडर विस्फोट में आठ की मौत, 11 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक रिहायशी इमारत में गैस सिलेंडर फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा भी शामिल है। इस घटना में 11 अन्य घायल हुए हैं। इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन ने रविवार को बताया कि विस्फोट स्थानीय समय के अनुसार आज तड़के करीब दो बजे एक रिहायशी इमारत में हुआ, जहां शादी की रस्म चल रही थी। विस्फोट के कारण इलाके में दहशत फैल गई। इसके कारण आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारी ने बताया कि अब तक मलबे के नीचे फंसे 19 लोगों को बचाया गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिसिसिपी में बच्चे और पादरी समेत छह लोगों की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. नूर के रूप में हुई

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के क्ले काउंटी में एक सनकी हमलावर ने कहर बरपाते हुए अपने परिवार के कुछ सदस्यों और एक पादरी सहित छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार रात हुई इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. मूर के रूप में हुई है। शेरिफ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमले की शुरुआत डेविड हिल रोड स्थित एक घर से हुई, जहां डारिका मूर ने अपने पिता ग्लैन मूर (67), भाई क्विटन मूर (33) और चाचा विली एड गाइन्स (55) को गोलियों से भून दिया। इसके बाद आरोपी अपने भाई का ट्रक लेकर कुछ दूरी पर स्थित एक अन्य रिश्तेदार के घर पहुंचा, जहां उसने अपनी सात वर्षीय चचेरी बहन की बेरहमी से हत्या कर दी। चश्मदीदों के मुता. बिक, वहां मौजूद एक अन्य छोटा बच्चा उसका शिकार होने से बच गया। हत्या का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। आरोपी इसके बाद पास के एक चर्च पहुंचा और वहां मौजूद पादरी बैरी ब्रैडली और उनके भाई सैमुअल ब्रैडली की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह पादरी की कार छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की और आधी रात के करीब एक रोडब्लॉक के दौरान आरोपी को हथियार सहित धर दबोचा। क्ले काउंटी के शेरिफ एडी स्कॉट ने इस घटना को एक भयानक पारिवारिक त्रासदी बताया है। हालांकि अभी तक सामूहिक हत्याकांड के पीछे के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए वे आरोपी के खिलाफ मृत्युदंड की मांग करेंगे। इस घटना के बाद स्थानीय समुदाय में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मानना है कि मूर ने अकेले ही यह काम किया। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया



**चश्मदीदों के मुताबिक वहां मौजूद एक अन्य छोटा बच्चा उसका शिकार होने से बच गया, हत्या का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका**

# वेनेजुएला में अमेरिकी एक्शन से कनाडा में बढ़ी चिंता

## एक्सपर्ट बोलेः ट्रम्प की धमकी बेवजह नहीं, वे मिलिट्री हमला कर सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वेनेजुएला में हालिया कार्रवाइयों के बाद कनाडा में भी डर और चिंता का माहौल है। अमेरिकी सेना हाल ही में वेनेजुएला में घुसकर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयार्क ले आई थी। इस बीच ट्रम्प के पुराने बयान और धमकियां फिर चर्चा आ गई जो उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए दी थीं।

कनाडा के अखबार द ग्लोब एंड मेल में छपे एक लेख में कहा गया है कि कनाडाई लोगों को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए कि ट्रम्प उनके देश के खिलाफ भी मिलिट्री प्रेशर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस लेख के लेखक और कनाडाई प्रोफेसर थामस होमर-डिक्सन ने कहा कि अगर कनाडा के खिलाफ किसी तरह का सैन्य दबाव डाला जाता है, तो यह साफ होना चाहिए कि इसकी कीमत बहुत भारी होगी। कनाडा की तरह ही ट्रम्प ग्रीनलैंड को भी अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ग्रीनलैंड और कनाडा में कई समानताएं हैं।

दोनों लोकतांत्रिक हैं, आर्कटिक इलाके में स्थित हैं और नाटो जैसे सुरक्षा संगठन का हिस्सा हैं, जिस पर ट्रम्प अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। इसी वजह से कनाडा खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कनाडा सरकार को सुरक्षा मामलों में सलाह दे चुके वेस्ली वार्क ने कहा कि ओटावा के कई अधिकारी अब भी यह मानने को तैयार नहीं हैं कि हालात इतने बदल चुके हैं। वेस्ली के मुताबिक, वेनेजुएला और ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के कदम कनाडा के लिए आखिरी चेता. वनी हैं। ये दिखाते हैं कि अमेरिका अब वैसा देश नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सत्ता में आने के बाद से ही अमेरिका पर निर्भरता कम करने की कोशिशें शुरू कर दी थी। वे अब चीन के साथ व्यापार बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हाल ही में कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड और डेनमार्क की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने ट्रम्प की कनाडा से जुड़ी पुरानी धमकियों पर कोई टिप्पणी नहीं की। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका की तरफ से कनाडा पर सीधा सैन्य हमला होना मुश्किल है, लेकिन आर्थिक दबाव डाला जा सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर स्टेफनी कार्विन ने कहा कि अमे. रिका अब पहले से ज्यादा आसानी से कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है, अगर ऐसा करना राष्ट्रपति की इच्छा के मुताबिक हो। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर ट्रम्प के दबदबे के बाद यह साफ है कि अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए ज्यादा आक्रामक हो सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी के ही प्रोफेसर फिलिप लागासे ने एक और आशंका जताई। उनके मुताबिक, अगर कनाडा किसी बड़ी आपदा



**इस बीच ट्रम्प के पुराने बयान और धमकियां फिर चर्चा में आ गईं, जो उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए दी थीं**

